www.anantgyaan.in

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय 7:06 | सूर्यास्त 6:04 | |
| **आज का तापमान** | | |
| शिमला | 0.01 न्यू | 7.06 अधि |
| धर्मशाला | 4.02 न्यू | 13.05 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 71731.42 |
| निफ्टी | | 21771.70 |
| सोना 63,220 | चांदी 72,347 | |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | मंगलवार, 6 फरवरी 2024 | 24 माघ, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 49 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए |

अभिषेक से मेरी रोज लड़ाई होती है...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे 10 को आएंगे शिमला

**शिमला।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 10 फरवरी को शिमला आएंगे। इस दौरान वह रैली को संबोधित करेंगे। वहीं, प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भी संवाद करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश राजीव शुक्ला भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया था। ऐसे में अब शिमला, मंडी या हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत खड़गे की रैली आयोजित की जा सकती है। खड़गे बारी-बारी सभी राज्यों का दौर कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस एक-एक सीट पर फोकस कर रही है।

### मनीष सिसोदिया हफ्ते में एक बार मिल सकेंगे बीमार पत्नी से

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को 'आप' नेता मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी है। इस दौरान डॉक्टर भी मिल सकेंगे। यह व्यवस्था कोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। सिसोदिया की नियमित जमानत पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को की जाएगी।

### ज्ञानवापी: दो तहखानों का सर्वे करवाने को याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस की पक्षकार राखी सिंह ने सोमवार को जिला सत्र न्यायालय में नई याचिका दायर की है। इसमें ज्ञानवापी में बंद दो तहखानों के खोलने और उनके एएसआई सर्वे की मांग की है। याचिका में बंद तहखानों का नक्शा भी लगाया गया है। न्यायालय ने याचिका को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए छह फरवरी की तारीख सुनिश्चित की है।

### पुलिस ने मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह का शूटर दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दक्षिण पूर्व दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह के एक संदिग्ध शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंबेडकर नगर निवासी एहसान अली के रूप में हुई। उसका साथी नीरज भागने में सफल रहा। सूचना मिली थी कि नीरज बवाना गिरोह के दो शार्पशूटर फरीदाबाद से करणी सिंह शूटिंग रेंज में आने वाले हैं। शूटिंग रेंज के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध अपराधियों को रोका, तो उन्होंने भागने का प्रयास किया। इसके बाद गोलीबारी शुरू कर दी।

### मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुजरात पुलिस ने मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को गिरफ्तार कर लिया है। मुफ्ती सलमान हजारी के खिलाफ गुजरात में भड़काऊ भाषण देने पर मामला दर्ज हुआ था। गुजरात पुलिस गिरफ्तारी के बाद सलमान अजहरी को पुलिस स्टेशन से लेकर गई है। मुफ्ती समर्थकों की भीड़ पुलिस स्टेशन से हटते ही गुजरात एटीएस और मुंबई पुलिस मुफ्ती सलमान को लेकर निकल गई। मौलाना अजहरी को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

रांची। गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में ईडी से नौ फरवरी तक जवाब दाखिल करने को कहा है। उच्च न्यायालय अब इस मामले में 12 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा।


## टॉप स्टोरीज


प्रदेश में बर्फबारी से 645 सड़कें बंद 1416 बिजली ट्रांसफार्मर ठप ...पेज 3

नड्डा के दौरे के बाद राज्यसभा सदस्य के लिए भाजपा में सरगर्मियां हुई तेज ...पेज 3

चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर बोले सीजेआई लोकतंत्र की हुई हत्या ...पेज 16


### खूबसूरत नजारा...



लाहौल-स्पीति जिले के गोंधला में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

## लाक्षागृह पर हिंदू पक्ष को मिला हक कोर्ट ने 53 साल बाद सुनाया फैसला

**एजेंसी, बागपत**

**यह** दरगाह नहीं, महाभारतकालीन लाक्षागृह है। बागपत स्थित बदरुद्दीन शाह की मजार मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 100 बीघा जमीन का फैसला हिंदुओं के पक्ष में सुनाया है। लंबे समय से यह मामला कोर्ट में था। ज्ञानवापी केस के बाद हिंदुओं को एक और मामले में बड़ी सफलता मिली है। उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बदरुद्दीन शाह की मजार और लाक्षागृह विवाद में कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। एडीजे कोर्ट ने इस मामले में 100 बीघा जमीन हिंदू पक्ष को सौंप दी है।

वर्ष 1970 से इस मामले में केस चल रहा था। करीब 53 साल के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है। 1970 से इस मामले की सुनवाई चल रही है। बागपत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन कोर्ट में सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम की कोर्ट मंगलवार को इस लंबे समय से चल रहे मामले पर फैसले की उम्मीद की जा रही थी। इस फैसले पर हिंदू एवं मुस्लिम दोनों पक्षों की नजरें टिकी हुई थी। कोर्ट ने अब इस मामले में अपना फैसला सुना दिया है। लाक्षागृह टीले को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के बीच पिछले 54 सालों से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि वर्ष 1970 में मेरठ के सरधना की कोर्ट में बरनावा निवासी मुकीम खान ने वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी की हैसियत से एक केस दायर कराया था।

**दरगाह नहीं ये महाभारत काल का लाक्षागृह**



**मुस्लिम पक्ष ने बदरुद्दीन शाह मजार होने का किया था दावा**

# देश को लूटने नहीं देंगे, जो लूटा है, वो लौटाना पड़ेगा : पीएम मोदी

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए विपक्ष पर साधा निशाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस सहित अन्य विपक्ष दलों पर निशाना साधा।

उन्होंने परिवारवाद, पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और लोकसभा चुनाव सहित कई मुद्दों का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि विपक्षी नेताओं की बात सुनकर विश्वास हो गया कि लंबे अर्से तक इन्होंने विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। बहुत सारे लोग चुनाव लड़ने का हौसला खो चुके हैं, कुछ पिछली बार सीट बदले थे और इस बार भी बदलने के प्रयास में हैं। नेता तो बदल गए, लेकिन पुरानी बातें ही करते रहते हैं। चुनावी साल था तो कुछ मेहनत तो कर लेते।

**विपक्षी नेताओं ने लंबे अर्से तक विपक्ष में बैठने का लिया संकल्प**

परिवारवाद का खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। विपक्ष की इस हालत की जिम्मेदार कांग्रेस खुद है। पीएम ने कहा कि जहां संविधान का राज है, जहां लोकतंत्र है, वहां ऐसी बातें लंबी नहीं चल सकती हैं। जांच करना एजेंसियों का काम है, एजेंसियां स्वतंत्र रहती हैं। जज करने का काम न्यायाधीशों का है। वे अपना काम कर रहे हैं, जिसको जितना जुल्म करना है, कर ले, मेरी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। देश को लुटने नहीं दिया जाएगा।



### अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हुआ

**अब** बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है। डायरेक्ट बेनेफिट स्कीम से लोग लूटने से बचे। कांग्रेस के पीएम ने कहा था कि एक रुपए भेजते हैं 15 पैसे पहुंचते हैं। हमने 30 लाख करोड़ भेजे, पूरे पहुंचे। हमने 10 करोड़ फर्जी नाम हटाए। उनकी व्यवस्था ऐसी थी, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, उसे विधवा पेंशन जाती थी। हमने फर्जी नामों को हटाने से तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए।

### आज भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी

**आज** भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। आने वाले समय में डिजिटल इंडिया मूवमेंट युवाओं के लिए अनेक रोजगार लेकर आएगा। एक तरफ सस्ता मोबाइल मिला, दूसरी तरफ सस्ता डाटा, इससे देश के युवाओं का मिजाज बदला। ये सारे काम हमारे नौजवानों के लिए सबसे ज्यादा रोजगार लाने वाले बने।

### जब भी कांग्रेस आती है, अपने साथ महंगाई लाती है

**पीएम** ने कहा कि इतिहास गवाह है, जब भी कांग्रेस आती है, तो महंगाई लाती है। कभी कहा गया था कि हर चीज की कीमत बढ़ जाने की वजह से मुसीबत बढ़ी है। पंडित नेहरू ने लाल किले से कहा था कि दस साल बाद आप लोग महंगाई की वजह से कुछ दिक्कतों में हैं। कुछ तो वजह है कि महंगाई काबू में नहीं आ पा रही है। यह भी नेहरू जी ने कहा था। वे हर बार कहते रहे महंगाई कंट्रोल नहीं हो रही। जब देश आगे बढ़ता है तो कुछ हद तक महंगाई भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मेरे तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

### पूरा देश कर रहा है अबकी बार 400 पार

**मोदी** ने कहा कि यह विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया है। ईश्वररूपी जनता के आशीर्वाद से यह अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। अबकी बार 400 पार। यह पूरा देश कह रहा है और खड़गे भी कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार। मैं इन आंकड़ों के चक्कर में नहीं पड़ता। देश का मिजाज जो है, एनडीए को 400 पार करवाएगा और भाजपा को 370 सीटें देगा। हमारा तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े फैसलों का होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही प्रोडक्ट को कई बार लांच करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई। देश के साथ-साथ कांग्रेस ने भी परिवारवाद का खामियाजा भुगता।

### झारखंड में चंपई सोरेन सरकार ने जीता विश्वास मत

**रांची।** झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन फ्लोर टेस्ट में पास हो गए। चंपई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। सोमवार दोपहर दो बजे हुई वोटिंग में पक्ष में 47 तो विपक्ष में 29 वोट पड़े। भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक-एक विधायक और एक निर्दलीय गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।

**पक्ष में 47 और विपक्ष में पड़े 29 मत**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया था। विधानसभा स्पीकर ने इस पर चर्चा के लिए एक घंटे 10 मिनट का समय निर्धारित किया था। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र महतो ने विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं,23 मिनट के भाषण में हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा को तीखे लहजे में जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। लगता है इसमें राजभवन शामिल है। वह एक भी पेपर दिखा दें कि मैंने साढ़े आठ एकड़ जमीन हड़पी है, तो राजनीति से संन्यास क्या, मैं झारखंड छोड़कर चला जाऊंगा।

## सीएम बनने के लिए पहले एमएलए होना जरूरी : सुक्खू

### मुख्यमंत्री बोले- भगवान श्रीराम को नहीं बनाना चाहिए राजनीतिक मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के लिए सबसे पहले एमएलए बनना जरूरी है। इसके बाद कोई भी सीएम पद के लिए अपना दावा कर सकता है।



उन्होंने कहा कि उनसे कोई मंत्री नाराज नहीं है। फिर भी लोकतंत्र में मोहब्बत-नाराजगी चलती रहती है। हाईकमान ने उन्हें एमएलए मैजोरिटी देखकर सीएम बनाया है। यह बात मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। इस विषय को लेकर राजनीति करना अच्छी बात नहीं है बाकी परिस्थिति के हिसाब से मुद्दे बनते हैं और पार्टी उसका जवाब देना जानती है। चुनाव के समय जनता फैसला करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम को राजनीतिक मुद्दा बनाना गलत है।

### सभी जिला मुख्यालयों में होगी हेलिपोर्ट की सुविधा

**सभी** जिला मुख्यालयों में हेलिपोर्ट की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आने वाले समय में सभी जिला मुख्यालयों में हेलिपोर्ट की सुविधा उपलब्ध करवाएगी। अब तक आठ जिलों के लिए टेंडर किए गए हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले दो वर्ष में बदलाव देखने को मिलेगा, जब सैलानी 18 मिनट में चंडीगढ़ से शिमला पहुंचेगा।

### बजट में दिखेगी आत्मनिर्भर हिमाचल की झलक

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि सरकार हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन की भावना से कार्य करते हुए प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार और तीव्र विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रदेश सरकार का आगामी बजट भी इन्हीं बिंदुओं पर केंद्रित होगा। बजट में हिमाचल को आत्मनिर्भर व देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की झलक देखने को मिलेगी

## परफ्यूम बनाने में कैमिकल का अवैध रूप से इस्तेमाल कर रही थी कंपनी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**औद्योगिक** क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी स्थित एनआर एरोमा परफ्यूम उद्योग में भीषण अग्निकांड के चौथे दिन भी जले हुए कंपनी परिसर से कोई शव बरामद नहीं हुआ। कई लापता लोगों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

**खुलासा**

**प्रदूषण बोर्ड और आबकारी विभाग में नहीं था रजिस्टर्ड**

वहीं, उद्योग मंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि फैक्टरी में इस्तेमाल किया जा रहा कैमिकल कंपनी अवैध रूप से इस्तेमाल कर रही थी। इस कैमिकल की जानकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और आबकारी विभाग को नहीं दी गई थी। यह कैमिकल रजिस्टर्ड भी नहीं था। इस अग्निकांड में अब तक पांच महिलाओं की मौत हो चुकी है। प्रशासन ने भी पूरी बिल्डिंग को अनसेफ घोषित किया है। पुलिस ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी कर रही है। बद्दी पुलिस डॉग स्क्वायड की मदद लेकर शवों को खोज रही है, लेकिन जर्जर भवन के चलते स्क्वायड के सदस्य भवन के अंदर प्रवेश नहीं कर पा रहे। एनडीआरएफ की टीम हाईड्रा की मदद से क्रेन से बिल्डिंग के अंदर की वीडियोग्राफी कर रही है।

### उद्योग मंत्री ने विभागों को ठहराया लापरवाह

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बोर्ड की इस लापरवाही पर नाराजगी प्रकट की है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन व विभागों को लापरवाह ठहराया है। उन्होंने कहा विभागों को भी समय-समय पर निरीक्षण करना चाहिए, ताकि पता लग सके कि इंडस्ट्री में किस-किस मैटीरियल का इस्तेमाल हो रहा है।

### परिजनों का आज भी हंगामा

लापता कामगारों के परिजन लगातार हंगामा कर रहे हैं। सोमवार को परिजनों ने हंगामा किया और पुलिस व कंपनी प्रबंधन पर गंभीर आरोप जड़े। परिजनों ने कहा कि चार दिनों से लाशें अंदर दबी हुई हैं, लेकिन पुलिस व प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है।

### भारतीय सैनिकों की रवानगी 10 मार्च से पहले होगी : मुइज्जू

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि मालद्वीप राष्ट्र से भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च से पहले वापस भेजा जाएगा, जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म में तैनात बाकी के भारतीय सैनिकों को 10 मई तक हटा दिया जाएगा। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने संसद में दिए पहले संबोधन में कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा इस उम्मीद से उनके प्रशासन का समर्थन करता है कि वे देश से विदेशी सेना की मौजूदगी खत्म कर देंगे और समुद्री क्षेत्र को फिर से अपने कब्जे में लेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन देश की संप्रभुत्ता से खिलवाड़ करने वाला कोई भी समझौता नहीं करेगा।



**यात्रा** करीब 1100 राम भक्त करेंगे प्रभु श्रीराम के दर्शन, स्टेशन पर पहुंचते ही भक्तों ने राम भजन गाकर भक्तिमय बनाया माहौल

## अंब-अंदौरा से अयोध्या के लिए रवाना हुई 'आस्था' स्पेशल ट्रेन

**विवेक शर्मा, अंब**

**चिंतपूर्णी** विधानसभा क्षेत्र के तहत सोमवार को अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए 'आस्था' स्पेशल ट्रेन को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश से करीब 1100 राम भक्तों ने यात्रा में भाग लिया। स्टेशन पर पहुंचते ही भक्तों ने राम भजन गाकर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया।

अयोध्या यात्रा के लिए स्टेशन पर पहुंचे लोगों को अनुराग ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि 22 जनवरी को 500 साल के संघर्ष के बाद जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई, तब देशभर में मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों में लंगर लगाए गए। जगह-जगह सभी धर्मों के लोगों ने लड्डू और हलवे का प्रसाद बांटा। अनुराग ठाकुर ने यात्रा में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिखाई हरी झंडी



अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से सोमवार सुबह आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

### भाजपा ने की टिकट और खाने-पीने की व्यवस्था

**भाजपा** ने यात्रा में शामिल लोगों को 1500 रुपए में यात्रा की टिकट सहित रहने-खाने व दर्शन की व्यवस्था की है। यात्रा सोमवार सुबह छह बजे अंब अंदोरा से शुरू होकर रात 2:50 अयोध्या कैंट पहुंचेगी। सभी को रात्रि ठहराव के लिए निश्चित स्थान पर ले जाया जाएगा। गौर रहे कि पहले आस्था ट्रेन 29 जनवरी को रवाना होनी थी, लेकिन अयोध्या में अधिक भीड़ होने के चलते प्रधानमंत्री ने अपील की थी कि जल्दबाजी में यात्रा के लिए न आएं, जिसके चलते ट्रेन रद कर दी गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, जिला भाजपा अध्यक्ष बलबीर चौधरी, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सहप्रभारी सुमित शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंब-अंदौरा से ट्रेन चलना हर्ष की अनुभूति : डॉ. बिंदल

**शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से यह गाड़ी रवाना करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हुई। ऐसा लगा कि सदियों की तपस्या सफल हुई। उन्होंने कहा कि सात फरवरी को ऊना से एक और ट्रेन जाने वाली है। नौ फरवरी को पठनकोट रेलवे स्टेशन से और 12 फरवरी को एक और ट्रेन हिमाचल प्रदेश से जाएगी। रवाना हुई ट्रेन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के रामभक्त निकले हैं। दूसरी ट्रेन के अंदर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के रामभक्त और तीसरी ट्रेन में मंडी संसदीय क्षेत्र के रामभक्त अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऊना जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने लंगर अयोध्या में लगाया है। यह बहुत अच्छा स्थान है और लगभग 1000 के करीब वहां बिस्तर लगे हैं। इस प्रकार हमारी एक टोली हिमाचल प्रदेश में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल के नेतृत्व में कार्य कर रही है।

### पाक में आतंकी हमला, 10 पुलिस कर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले के चोडवान पुलिस स्टेशन पर सोमवार सुबह करीब तीन बजे हुए आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि छह घायल हुए हैं। वहीं, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आतंकियों ने पुलिस स्टेशन को चारों तरफ से घेरकर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले हुई इस वारदात की प्रांत सरकार ने कड़ी निंदा की है। क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) नासिर महमूद ने बताया कि हमले से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है।

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा। तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ॥

**भावार्थ :** जैसे जीवात्मा की इस देह में बालकपन, जवानी और वृद्धावस्था होती है, वैसे ही अन्य शरीर की प्राप्ति होती है, उस विषय में धीर पुरुष मोहित नहीं होता।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | मंगलवार, 6 फरवरी 2024

# षट्तिला एकादशी के दिन तिलों का दान करने से होगी पुण्य प्राप्ति



**षट्तिला** एकादशी व्रत छह फरवरी को किया जाएगा। षट्तिला एकादशी के दिन तिलों का छह प्रकार से उपयोग किया जाता है, जिसमें तिल से स्नान करना, तिल का उबटन लगाना, तिल से हवन करना, तिल से तर्पण करना, तिल का भोजन करना और तिलों का दान करना इसलिए इसे षट्तिला एकादशी व्रत कहा जाता है। जो भी व्यक्ति इस षट्तिला एकादशी के व्रत को करता है उसे तिलों से भरा घड़ा भी ब्राह्मण को दान करना चाहिए। जितने तिलों का दान वह करेगा उतने ही हजार वर्ष तक वह स्वर्गलोक में रहेगा।

माघ माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को व्रत रखना चाहिए। इससे मनुष्य के सभी पाप समाप्त हो जाएंगे तथा उसे स्वर्ग की प्राप्ति होगी। जो व्यक्ति श्रद्धा भाव से षट्तिला एकादशी का व्रत रखते हैं, उनके सभी पापों का नाश होता है। इसलिए माघ मास में पूरे माह व्यक्ति को अपनी समस्त इंद्रियों पर काबू रखना चाहिए। काम, क्रोध, अहंकार, बुराई तथा चुगली का त्याग कर भगवान की शरण में जाना चाहिए।

## षट्तिला एकादशी व्रत विधि



**एक** बार दालभ्य ऋषि ने पुलस्त्य ऋषि से पूछा कि मनुष्य कौन सा दान अथवा पुण्य कर्म करे जिससे इनके सभी पापों का नाश हो। तब पुलस्त्य ऋषि ने कहा कि हे ऋषिवर माघ मास लगते ही मनुष्य को सुबह स्नान आदि करके शुद्ध रहना चाहिए। व्यक्ति पुष्य नक्षत्र में तिल तथा कपास को गोबर में मिलाकर उसके 108 कंडे बनाकर रख लें। माघ मास की षट्तिला एकादशी को सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। व्रत करने का संकल्प करके भगवान विष्णु जी का ध्यान करना चाहिए। यदि व्रत आदि में किसी प्रकार की भूल हो जाए, तब भगवान कृष्ण जी से क्षमा याचना करनी चाहिए। रात्रि में गोबर के कंडों से हवन करना चाहिए। रात भर जागरण करके भगवान का भजन करना चाहिए। अगले दिन भगवान का भजन-पूजन करने के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाना चाहिए। भगवान विष्णु ने नारद जी को षट्तिला एकादशी के व्रत का महत्व बताया था।

# नाड़ीदोष पुनर्विचार




**महाभारत काल तक जन्मगत ब्राह्मण गुण-कर्म के साथ स्वभाव से भी ब्राह्मण होते थे। कलयुग में सत्वगुण के ह्रास के कारण ब्राह्मणत्व लुप्त हो चुका है। वेदारंभ और अग्निहोत्र संस्कारों से आज कितने ब्राह्मण संस्कारित हैं? जिनके लिए नाड़ीदोष पर विचार किया जाए। आचार्य सीताराम झा ने पहली बार साहसपूर्वक जन्मगत वर्ण को त्यागकर राशिजनित ब्राह्मणों के लिए नाड़ी दोष मान्य किया था...**

*'नाड़ी दोषो ही विप्राणां, वर्ण दोषस्तु भू भुजाम।*
*वैश्यानां गण दोषस्तु, शूद्राणां योनि दूषणम।।'*

इसका आशय है, नाड़ी दोष केवल ब्राह्मण पर ही प्रभावी होता है। वर्ण दोष क्षत्रिय पर, गण दोष वैश्य पर, योनि दोष शूद्र वर्ण पर प्रभावी होता है।



उपरोक्त शास्त्रीय वचन के अनुसार जब नाड़ी दोष केवल ब्राह्मणों पर प्रभावी होता है। क्षत्रिय आदि अन्य वर्णों के लिए इस दोष का होना कोई अर्थ नहीं रखता है। ऐसी दशा में अन्य वर्णों के लिए इनकी गुण संख्या (8) की गणना करना सही नहीं है। ऐसा ही वर्ण, गण एवं योनि दोषों में समझना चाहिए।

महाभारत काल तक जन्मगत ब्राह्मण गुण-कर्म और स्वभाव से भी ब्राह्मण होते थे। कलयुग में सत्वगुण के ह्रास के कारण ब्राह्मणत्व खो चुका है। वेदारंभ और अग्निहोत्र संस्कारों से आज कितने ब्राह्मण संस्कारित हैं? जिनके लिए नाड़ी दोष पर विचार किया जाए। आचार्य सीताराम झा ने पहली बार साहसपूर्वक जन्मगत वर्ण को त्यागकर राशिजनित ब्राह्मणों के लिए नाड़ी दोष मान्य किया था। दक्षिण भारत ज्योतिष में जातक के वर्ण का निर्धारण जन्म नक्षत्र के आधार पर किया जाता है। उत्तर भारत में जन्म राशि (चंद्र लग्न) के आधार पर। यह सिद्धांत उसी समय ठीक रहता है जब चंद्र बलवान हो। चंद्र राशि को प्रधान मान लिया जाए तो निम्न विसंगतियां देखने को मिलती हैं। जैसे तुला राशि शूद्र वर्ण की और इसका स्वामी शुक्र ब्राह्मण वर्ण का। वृश्चिक राशि ब्राह्मण वर्ण की किंतु स्वामी क्षत्रिय वर्ण का है। अत: ज्योतिष के आधार पर जातक/जातिका की जाति वर्ण निर्धारण करना आसान नहीं है। कहने का तात्पर्य यह है कि वर वधु के वर्ण की अनिश्चिता के कारण अष्टकूटों के गुणों की संख्या (गणना ठीक होने पर भी) सही नहीं बैठ रही। 9-9 नक्षत्रों के वर्गों के आधार पर आदि, मध्य और अन्त्य नाड़ियों का निर्धारण किया गया है। अत: नाड़ी दोष में जन्म नक्षत्रों का ही विचार किया जाता है। जब वर-वधू के जन्म नक्षत्रों का विचार हम ताराकूट में कर लेते हैं, तो नाड़ी में इसके पुन: विचार की क्या आवश्यकता है? हमें सिर्फ पादवेध का ध्यान रखना चाहिए। यदि वर-कन्या के जन्म नक्षत्र परस्पर चरण वेध कर रहे हों, तो विवाह वर्जित होना चाहिए।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि नाड़ी दोष देखने की आवश्यकता नहीं। आवश्यकता इस बात की है कि नाड़ी दोष पर आधुनिक काल में पुनर्विचार हो।

-विभूति शर्मा, भडियाड़ा



# अखंड सौभाग्य देता है गौरी तृतीय व्रत



**गौरी** तृतीय का व्रत 12 फरवरी को किया जाएगा। यह व्रत सौभाग्य प्रदान करने वाला है। गौरी तृतीया व्रत की महिमा के संबंध में पुराणों में उल्लेख प्राप्त होता है, जिसके द्वारा यह स्पष्ट होता है कि दक्ष को पुत्री रूप में सती की प्राप्ति होती है। सती माता ने भगवान शिव को पाने के लिए जो तप और जप किया उसका फल उन्हें प्राप्त हुआ। इस दिन प्रात:काल स्नान आदि कर देवी सती के साथ-साथ भगवान शंकर का पूजन करना चाहिए। पंचगव्य तथा चंदन निर्मित जल से देवी सती और भगवान शिव की प्रतिमा को स्नान कराना चाहिए। धूप, दीप, नैवेद्य तथा नाना प्रकार के फल अर्पित कर पूजा करनी चाहिए। इस दिन इन व्रत का संकल्प सहित प्रारंभ करना चाहिए। यह व्रत स्त्रियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। पावन तिथि स्त्रियों के लिए सौभाग्यदायिनी मानी जाती है। सुहागिन स्त्रियां पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए इस दिन आस्था के साथ व्रत करती हैं। अविवाहित कन्याएं भी मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को करती देखी जा सकती हैं।

## स्वप्न संसार





- यदि कोई व्यक्ति किसी पुलिसवाले द्वारा पकड़ा जाता है तो उसे वास्तविक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, मात्र किसी पुलिसवाले को भी देखना कष्टकारक होता है।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में यह देखे कि उसे काले बिच्छुओं ने काट लिया है तो वह व्यक्ति मृत्यु तुल्य कष्ट पाता है।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में यह देखे कि शत्रु ने उसका सिर काट दिया है, तो वह किसी प्रतियोगी परीक्षा में असफल होगा आथवा किसी से पराजित होगा।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में पिंजरे से चिड़िया उड़ती देखता है तो उसको विरासत में धन-संपत्ति मिलती है।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में ब्रह्मचर्य जीवन व्यतीत करता है तो उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में किसी अजनबी द्वारा पुकारा जाता है तो उसे अर्थिक कठिनाई हो जाती है तथा वह कर्जदार हो जाता है।

# ज्योतिष और जीवन




गतांक से आगे...

भारत वर्ष के हिंदू मात्र का यह विश्वास है कि संचित एवं प्रारब्ध कर्मों का ही फल मनुष्य अपनी जीवन-नौका में बैठकर क्रियमाण रूपी पतवार के द्वारा हेरफेर करते हुए उपभोग करता है। यह विश्वास अब अन्य देशवासियों में भी स्थान कर रहा है। जन्मकुंडली मनुष्य के पूर्व जन्म के कर्मों का मूर्तिमान स्वरूप है। पूर्वजन्म के कर्मों के जानने की कुंजी है। विस्तृत वस्तु केवल संकेतों में व्यक्त है। गागर में सागर भरा है। जिस तरह समूल विशाल वट वृक्ष का समावेश उसके बीज में है उसी तरह मनुष्य के पूर्व जन्म-जन्मांतर का कृतकर्म जन्म कुंडली में अंकित है। ज्योतीर्विदों के लिए कुंडली पूर्व जन्मकृत कर्मों की मूर्ति व गाथा है, पूर्व जन्म की रहस्यमयी घटनाओं की सांकेतिक अभिव्यक्ति है, सूचनात्मक चिन्ह विशेष है।




कै. डॉ. लेखराज शर्मा
वैदिक एवं हस्थरेखा विशेषज्ञ

ज्योतिष शास्त्रानुसार मनुष्य अपनी पूर्व संचित संपत्ति और प्रारब्ध को लेकर इस भवसागर को पार करने के लिए अपनी साधन-भूत जीवन-नौका तथा क्रियमाण कपी कर्णधार के साथ जन्म लेता है। क्योंकि कुछ जन्मते ही अथवा कुछ दिनों तक जन्म यातनाओं को भोग चल वसते हैं कुछ शल्यवास्था में अपने माता-पिता के लालन पालन अन्य सुख एवं भाई-वहन आदि कुटुम्बियों से प्रेमादृत होकर अपने इस जीवन अंश को व्यतीत करते हैं। इनमें से कुछ इन सुखों से भी वांछित ही रह जाते हैं तथा कुछ अपनी पहली अवस्था में विद्या अध्ययन कर अच्छे गुणों का निर्माण कर अपनी जीवन यात्रा करते हैं। जो उपर्युक्त गुणों से वांछित रहते हैं, उनकी जीवन नौका मूर्खता एवं अज्ञान रूपी भ्रमर में पड़कर मृत्यु रूपी चट्टान से टकराकर टूट-फूट जाती है।

ज्योतिष शासन वेदांग साहित्य का चक्षु कहा गया है। क्योंकि इसकी सहायता के बिना श्रौत, स्मार्त अर्थात गृहस्थों के धर्म कार्य सफल नहीं माने जाते । जन्म से मृतक संस्कारों पर्यन्त ज योतिष एवं मुहूर्त शास्त्र का विशेष योगदान एवं महत्व माना जाता है। फलित ज्योतिष में सर्वाधिक महत्व जन्मपत्री एवं जन्मकुंडली का है। जन्मकुंडली किसी जातक के जन्म कालिक आकाश का वह नक्शा है, जो द्वादश भावों में स्थित वारह राशियों एवं उनमें स्थित नौ ग्रहों की विशेष शुभाशुभ स्थिति को अभिव्यक्त करता है। वास्तव में जन्मकुंडली मनुष्य के पूर्वजन्म के संचित कर्मों का मूर्तिमान रूप है। कर्म सिद्धांत के अनुसार कर्म तीन प्रकार के माने जाते हैं 1. संचित 2. प्रारब्ध तथा 3. क्रियामान अनेक जन्मों के पाप पुण्यों द्वारा अर्जित कर्म संचित होते हैं। संचित कर्मों में से जिन कर्मों का फल मनुष्य वर्तमान शरीर द्वारा भोगना शुरू कर देता है, उन्हें प्रारब्ध कहा जाता है। तथा वर्तमान शरीर द्वारा होने वाले शुभाशुभ कर्मों को क्रियामान कहा जाता है। संचित एवं प्रारब्ध कर्मों का फल के संबंध में तो मनुष्य पराधीन है, तथा सुख-दुख लाभ-हानि कर्म फल जीव को भोगने ही पड़ते हैं, परंतु जिस प्रकार रोग निदान तथा उचित औषधी के प्रयोग द्वारा किसी रोग से शीघ्र छुटकारा पा सकते हैं, उसी प्रकार जन्मपत्री के आधार पर प्रारब्ध के संबंध में जानकारी प्राप्त करके दान, तप आदि पुण्यों एवं वर्तमान कालिक शुभ क्रियामान कर्मों के औषधीरूपी उपायों के द्वारा प्रारब्ध के अशुभ प्रभावों पर बहुत सीमा तक नियंत्रण किया जा सकता है। क्रियामाण कर्मों के द्वारा अपने भविष्य को सुधारने के लिए ज्योतिष का ज्ञान मार्गदर्शक एवं प्रकाश स्तंभ का कार्य करता है। ज्योतिष शास्त्र का मुख्य आधार ब्रह्मांड रूप काल को माना गया है। काल ही जीवों को सुख-दुख, जीवन-मरण, लोक-परलोक एवं उत्थान-पतन का नियामक होता है। उसी ब्रह्म रूपी काल से जीव उत्पन्न होकर उसी में लीन हो जाते हैं। काल सृजित भूतानि काल: संहरते प्रजा: इस ब्रह्मांड स्वरूप काल को ही काल पुरुष का नाम दिया है। इस काल पुरुष की आत्मा सूर्य है, चित्त (मन) चंद्रमा है, सत्व मंगल है, वाणी बुध है, सुख और विज्ञान वृहस्पति है। काम और सांसारिक भाग शुक्र है, दुख-पीड़ा शनि है। ज्योतिष शास्त्र मानव जीवन कोभूत, भविष्य और वर्तमान कृत्यों की साकार कहानी है। तथापित ज्योतिष शास्त्र में सिद्धांत देता है, जिससे हम व्यक्ति की सामान्य स्थिति, संपन्नता तथा उसकी जीवन यात्रा में आने वाले गव्यवरोधों आदि के संबंध में अनुमान लगाने में सक्षम हो पाते हैं।

प्रचीन काल के महर्षि जिन्होंने ज्योतिष के नियम प्रतिपादित किए, उनकी आत्मा काफी विकसित थी और उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से पार्थिव और खगोलीय प्रतिभासों की जांच की जो ऋषि अपने समय काल में इतनी महान ख्याति छोड़ गए उनके प्रति औसत विचार रखने में हमारा कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने बहुत से प्रतिभासों को देखा जो आजकल के वैज्ञानिक अपने उपकरणों से देखने की आशा भी नहीं कर सकते हैं। हमारा दिमाग औसत है और वह सांसारिक सुख का अध्ययन और उसे प्राप्त करने में लगा रहता है। यद्यपि योग के अंतिम चरण पर वो इस प्रकार के ज्ञान का सांसारिक सुख के लिए उपयोग करते हैं और वे इसका प्रयोग एकमात्र मानव सुख के लिए करते हैं।

क्या ज्योतिष जैसा विज्ञान कभी असत्य हो सकता है? वैज्ञानिक ब्रह्मांड के समस्त स्वरूप के अपरिमार्जित रूप से एक भौतिकवादी रूप लेते हैं। उन्हें इसी बात में संतोष होता है कि वे ज्योतिष को जांच के लिए एक उपयुक्त विषय मानते हैं बशर्ते कि नियति के तथ्य इससे नियंत्रित होते हों। यह मात्र बेतुका है ज्योतिष में नियति के समान और कुछ नहीं है। प्रयोग में आने वाला उचित शब्द है 'अदृष्ट' ज्योतिष केवल संकेत देता है और स्वशक्ति के विकास के लिए काफी गुंजाइश छोड़ जाता है, जिससे कोई व्यक्ति बुरे संकेतों का प्रतिकार करता है या अनुकूल प्रभावों में वृद्धि करता है। वर्तमान युग में यदि ज्योतिष विषय पर शोध किया जाए जो हमारे वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड के अंदर तृप्त शक्तियों के उजागर करने का रास्ता मिल जाएगा। भरतीय बाङ्मय में ज्योतिष का महत्व बहुत ज्यादा है। व्यवसाय का चुनाव स्वास्थ्य, प्रगति उज्जवल भविष्य के उजागर करने के लिए ज्योतिष एक आधार है।



**ज्योतिष शासन वेदांग साहित्य का चक्षु कहा गया है। क्योंकि इसकी सहायता के बिना श्रौत, स्मार्त अर्थात गृहस्थों के धर्म कार्य सफल नहीं माने जाते**

# मनुष्य को लक्ष्य तक पहुंचाते हैं असली रत्न




**शुभ** ग्रहों के प्रभाव में वृद्धि और अनिष्ट ग्रहों के कुप्रभाव के निवारण के लिए उपयुक्त ग्रह रत्न धारण करना अत्यंत लाभदायक सिद्ध होते हैं। अपनी जन्म कुंडली में स्थित ग्रहों की स्थिति एवं अपनी राशि के अनुसार ही उपयुक्त धारण करने से लाभ के स्थान पर हानि होने की संभावना होती है। हिमाचल ही नहीं, पूरे विश्व में रत्नों का बड़ा कारोबार होता है। रत्नों का स्थान भेद होने के कारण उनकी गुणवत्ता पर अवश्य असर पड़ता है। रत्न हमें धरती से, जीव-जंतुओं से और पेड़-पौधों से प्राप्त होते हुें। तीनों ही तरह से प्राप्त रत्न अपना चमत्कारिक प्रभाव दिखाते हैं। ये रत्न राजा को रंक और रंक को राजा बनाने की क्षमता रखते हैं। बशर्त कि ये असली होने चाहिएं, कृत्रिम नहीं। योग्य ज्योतिषि से कुंडली का विश्लेषण करवा कर ही रत्न धारण करने चाहिएं, क्योंकि गलत रत्न का चुनाव सर्वस्य लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ता। कुंडली में चर दशा, महादशा अंतर्दशा, ग्रह दृष्टि व स्वराशि शत्रुराशि, केंद्र त्रिकोण और नक्षत्र व राशि डिग्री, का स्पष्ट मान निकालना आवश्यक है, तभी रत्न धारण करना चाहिए।

## रत्नों में खनिज तत्व



**खनिज** रत्नों में कार्बन, एल्यूमीनियम, कैल्शियम, तांबा, हाइड्रोजन, लोहा, फास्फोरस, मैगनीज आदि पाया जाता है। खनिज रत्न कठोर और पारदर्शी होते हैं। स्थान भेद में रासायनिक तत्वों में परिवर्तन होता रहता है।

**रत्नों के प्रकार :** रत्नों को मुख्यतया तीन वर्गों में विभाजित किया गया है। प्राणिज रत्न हमें जीव-जंतुओं के शरीर से प्राप्त होते हैं, जिनमें गजमुक्ता आदि आते हैं। वनस्पति रत्न में बंशलोचन आदि आते हैं। खनिज रत्न चट्टान व भू-गर्भ समुद्र में पाए जाते हैं। क्रमश: -अनिल शर्मा, मंडी।

# रत्न पहनते समय न करें ये गलतियां



ग्रह और राशि के अनुसार व्यक्ति को रत्न पहनने की सलाह दी जाती है। लेकिन किसी भी रत्न को धारण करने के इन चीजों का जरूर ध्यान रखे, जिससे कि रत्नों का पूरा लाभ मिले। जानिए रत्न धारण करते समय किन गलतियों को न करें। ज्योतिष शास्त्र में रत्नों का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। ज्योतिष कुंडली में ग्रहों की दशा देखने के बाद ही रत्न का निर्धारण करते हैं। रत्नों की बात करें, तो नौ ग्रहों के हिसाब से सूर्य के लिए माणिक, चंद्र के लिए मोती, मंगल के लिए मूंगा, बुध के लिए पन्ना, गुरु के लिए पुखराज, शुक्र के लिए हीरा, शनि के लिए नीलम, राहु के लिए गोमेद और केतु के लिए लहसुनिया है। इसके अलावा इन रत्नों के उपरत्न भी है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति को रत्न धारण करने से पहले ज्योतिषी से सलाह जरूर लेनी चाहिए। इसके साथ ही कुछ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। क्योंकि ये रत्न शुभ के साथ-साथ अशुभ फल भी देते हैं। जानिए ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रत्न पहनते समय किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

## इस दिन न धारण करें रत्न

**रत्न** धारण करने की भी एक तिथि होती है। इसी तरह रत्न को कभी भी माह की 4, 9 और 14 तारीख को धारण न करें। इसके अलावा अमावस्या, ग्रहण और संक्रांति के दिन भी रत्न धारण नहीं करना चाहिए।

## वरना पड़ेगा उल्टा असर




## दिशा की ओर मुख करके धारण करें रत्न

**ज्योतिष** शास्त्र के अनुसार, रत्न धारण करते समय व्यक्ति के मुख की दिशा भी सही होनी चाहिए। इसलिए रत्न को दोपहर से पहले धारण करना चाहिए और मुख पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।

## किस नक्षत्र में रत्न धारण करना शुभ

मोती, मूंगा जो समुद्र से संबंधित रत्न है उन्हें रेवती, अश्विनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा नक्षत्र पर धारण कर लें। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सुहागिन महिलाएं रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य नक्षत्र में रत्न धारण न करें।

-बॉबी गोस्वामी, चामुंडा

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## सालगिरह मुबारक



बंगाणा के विशाल राणा व नेहा रानी को विवाह बंधन में बंधने पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं।



भड़वाल के अशोक व रमेशना को शादी की सिल्वर जुबली पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों से 2.98 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत पुलिस ने रविवार रात को गश्त के दौरान दो लड़कों विक्की गांव भदरोल सेरा और अंकित शर्मा गांव चुनान जलाड़ी से 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपियों को हिरासत ले लिया है। आरोपी जलाड़ में मंदिर के पास बैंच पर बैठे थे। पुलिस ने तलाशी ली तो 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

### आत्महत्या के मामलों में आई गिरावट

**शिमला।** हिमाचल में आत्महत्या और सुसाइड के लिए उकसाने के मामलों में गिरावट आई है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक आत्महत्या से संबंधित सीआरपीसी. के तहत दर्ज मामलों वर्ष 2021 में 850, 2022 में 692 और वर्ष 2023 में 669 मामले सामने आए हैं। आत्महत्या के लिए उकसाने के भादंसं 306 के तहत वर्ष 2021 में 67, 2022 में 74 और वर्ष 2023 में 54 मामले सामने आए है। डीजीपी. संजय कुंडू ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में आत्महत्या के रुझान और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलों में बीते वर्ष कमी दर्ज की है।

### भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

बीबीएन । अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अविनाश चंद्र की अदालत ने वर्ष 2014 में पुरानी रंजिश के चलते अपने ही भाई की गोली मार कर हत्या करने के आरोपी पर आरोप साबित होने के बाद आजीवन कारावास व दस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। उसे आर्म्स एक्ट में भी छह महीने के कारावास की सजा सुनाई गई है। उप जिला न्यायवादी देवेंद्र चंदेल ने बताया कि 19 जनवरी, 2014 को नालागढ़ के डाडी भोला गांव निवासी अरविंद ने फोन करके जानकारी दी कि उसके पिता अनूप कुमार को पुरानी रंजिश उसके ही ताया रविंद्र उर्फ गुग्गी ने गोली मार दी। पुलिस ने रविंद्र उर्फ गुग्गी के खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था।

# नड्डा के दौरे के बाद राज्यसभा सदस्य के लिए भाजपा में सरगर्मियां हुईं तेज, 25 को कांगड़ा में होगी गुप्त बैठक

**अरविंद शर्मा, शिमला**





- भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिंदल की सियासी पारी की बड़ी परीक्षा
- एकमात्र सीट के लिए कांग्रेस-भाजपा की तैयारियां जोरों पर

देशभर की 56 सीटों पर 27 फरवरी को नए राज्यसभा सांसदों का चयन होगा। ऐसे में हिमाचल प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए होने जा रहे चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा दोनों ही बड़ी राजनीतिक पार्टियों की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

राज्यसभा में किस पार्टी की ओर से कौन उम्मीदवार भेजा जाएगा, अभी यह तय नहीं है। दोनों की पार्टियां अपने-अपने हाई कमान के आदेशों का इंतजार कर रही हैं। वहीं, राज्यसभा में हिमाचल से अपना उम्मीदवार बनाने के लिए भाजपा भी एड़ी चोटी का जोर लगा रही है है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाल ही में हुए कांगड़ा दौरे से राजनीतिक सरगर्मियां और तेज हो गई हैं। राज यसभा में अपने उम्मीदवार को भेजने के लिए लॉबिंग की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। वहीं, कांग्रेस में सत्ता और संगठन के बीच की दूरी से भी भाजपा लाभ लेने की फिराक में है।

गुप्त सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा ने कांगड़ा में 25 फरवरी को गुप्त बैठक रखी हैं, जिसमें कांगड़ा के ही कांग्रेस के एक निर्दलीय विधायक सहित पांच विधायक शामिल होंगे। हालांकि, कई अन्य जिलों के कांग्रेस विधायक भी भाजपा के बड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सकते हैं। भाजपा द्वारा राज्यसभा सीट के लिए इन विधायकों से समर्थन मांगने के लिए दिल्ली से कई बड़े नेता इस बैठक में भाग लेंगे। भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के लिए भी राज्यसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार को जीत दिलाना उनकी सियासी पारी की बड़ी परीक्षा मानी जा रही है। देश के 17 राज्यों में भाजपा और उनके सहयोगी दलों की सत्ता काबिज है। ऐसे में राज्यसभा में अपना बहुमत कायम रखने के लिए भाजपा हाई कमान भी कोई ढील नहीं देना चाहता। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस की गुटबाजी का लाभ लेने की फिराक में भाजपा

प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस सरकार और सत्ता के बीच चल रही गुटबाजी जगजाहिर है। कांग्रेस के कई विधायक अपने आप को सरकार द्वारा नजरंदाज किए जाने से नाराज चल रहे हैं। ऐसे में भाजपा कांग्रेस की गुटबाजी का लाभ उठाने के लिए भी प्रयासरत है।

### हाई कमान तय करेगी भाजपा का उम्मीदवार

भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा द्वारा राज्यसभा सदस्य के लिए उम्मीदवार कौन होगा यह भाजपा हाई कमान ही तय करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है और हर बड़े फैसले हाई कमान ही लेता है।

### हर्ष महाजन का लाभ लेगी भाजपा

हर्ष महाजन कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए हैं। ऐसे में इन्हें राजनीति का एक लंबा अनुभव रहा है। कांग्रेस से आए तेजतरार और अनुभवी नेताओं का भी भाजपा को लाभ मिल सकता है।

### दिल्ली से बड़े नेताओं के साथ होगी गुप्त बैठक

भाजपा की ओर से हिमाचल प्रदेश में एकमात्र राज्यसभा सीट लिए होने जा रहे चुनाव में सियासी समीकरणों को साधने के लिए दिल्ली से कई बड़े नेता गुप्त बैठक करने जा रहे हैं। यह बैठक में कांगड़ा में रखी गई है, जिसमें कई विधायक शामिल होंगे।

# प्रदेश में बर्फबारी से 645 सड़कें बंद

### 1416 बिजली ट्रांसफार्मर विभिन्न क्षेत्रों में ठप पड़ने से कई क्षेत्रों में अंधेरा

### 6 से 11 फरवरी तक मौसम रहेगा साफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में पांच दिन बारिश-बर्फबारी के बाद राज्य के कई क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। शिमला के कुफरी समेत राज्य के अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्र बर्फबारी का सोमवार को भी दौर जारी रहा। वहीं, राजधानी शिमला समेत निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई है। चोटियों पर बर्फ की मोटी परत चढ़ गई है।

प्रदेश भर में बर्फबारी के चलते 645 सड़कें यातायात के लिए बाधित हो गई हैं, वहीं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 1416 बिजली ट्रांसफार्मर ठप पड़ने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। शिमला जिले में 242 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं, वहीं लाहौल-स्पीति में 157, मंडी में 51, कुल्लू में 93, किन्नौर में 24 और चंबा जिले में 61 सड़कें बाधित हैं। हालांकि, लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली के कार्य में जुटा है। इसके अलावा राज्य में 52 जलापूर्ति स्कीमें भी प्रभावित चल रही हैं।

### कहां कितनी हुई बर्फबारी

खदराला 30.0 सैंटीमीटर, मनाली 23.6 नारकंडा 20.0, गोंदला 16.5, केलांग15.2, शिलारू 15.0, कुफरी 10.0, सांगला 8.2, कुकुमसेरी 7.1, कल्पा 7.1, शिमला 2. 0 सैंटीमीटर बर्फबारी होने की सूचना है।

### शिमला का न्यूनतम तापमान फिर माइनस में दर्ज

शिमला का न्यूनतम तापमान .0. 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सुंदरनगर 5. 8, भुंतर 3. 9, कल्पा.2. 4, धर्मशाला 4. 2, ऊना 6. 0, नाहन 5. 0, पालमपुर 3. 4, सोलन 3. 6, मनाली .0. 9, कांगड़ा 5. 9, मंडी 5. 5, बिलासपुर 8. 8, हमीरपुर 7.1, चंबा 5.7, जुब्बड़हट्टी 3.8, कुफरी 0. 0,कुकुमसेरी .6. 8, नारकंडा .3. 6, भरमौर 0.2, रिकांगपिओ 1.0, सेऊबाग 2.8, धौलाकुआं 10.0, बरठीं 7.4, समदो .2. 8, पांवटा साहिब 7. 0, सराहन 0. 0 और देहरा गोपीपुर में 6. 0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### रोहतांग दर्रे में चार फुट बर्फबारी

जानकारी के अनुसार, रोहतांग दर्रे में चार फुट ताजा बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि अटल टनल के साथ पोर्टल में 60, सोलंगनाला में 45, मनाली में 15, जलोड़ी दर्रा में 40 सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी हुई है। किन्नौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य में 6 से 11 फरवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। औसत अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

### हरिपुरधार में फंसे पर्यटक को भाजपा नेता ने किया रेस्क्यू



नाहन। बर्फबारी के चलते सुंदरघाट से हरिपुरधार, कुफरी और नोहराधार रोड पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। वहीं हेलिपैड के पास बढ़ियाल्टा में हरियाणा के एक पर्यटक को रेस्क्यू किया गया है। जानकारी के अनुसार, रात को एक पर्यटक ने नजदीक में मानव हिल्स के बॉर्डर पर लिखे नंबर पर संपर्क किया। फोन कॉल भाजपा के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने रिसीव की थी। बर्फ में फंसे होने की जानकारी मिलते ही मेला राम शर्मा अपने रिजॉर्ट के कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि पर्यटक को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन उसकी गाड़ी बर्फ में फंस गई थी। मेलाराम शर्मा ने बताया कि रात को आठ के बाद इस क्षेत्र में करीब 7 इंच के आसपास बर्फबारी हुई थी। उन्होंने बताया कि बर्फबारी के चलते हरिपुरधार मार्ग, नोहराधार सहित शिलाई की ओर जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं।

### 123 साल के सूखे का रिकॉर्ड बनते-बनते रह गया

**शिमला।** हिमाचल में दिसंबर और जनवरी में सूखे का 123 साल का रिकॉर्ड बनते बनते रह गया। 31 जनवरी को हुई बारिश से यह रिकॉर्ड नहीं बन पाया। 123 वर्ष में यह सबसे बड़ा सूखा है। पिछले पांच दिनों में प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में व्यापक बारिश हुई है, जबकि निचले क्षेत्रों में हुई बारिश किसानों बागवानों और हाईडल प्रोजेक्ट के लिए संजीवनी का काम करेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव और राज्य आपदा प्राधीकरण सचिव ओंकार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बीते पांच दिनों में अच्छी बारिश हुई है और 31 जनवरी को हुई बारिश से 123 सालों के सूखे का रिकार्ड बनते-बनते रह गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाले 5-6 दिनों तक मौसम साफ रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में जो सड़कें बर्फबारी के चलते बंद हुई है उन्हें 2-3 दिनों में बहाल किया जाएगा।

# बारिश से 50 फीसदी सुधरी प्रदेश की एयर क्वालिटी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

- 110 से 50 के स्तर पहुंची प्रदेश की वायु गुणवत्ता
- बारिश-बर्फबारी में देरी से बिगड़े पर्यावरण को राहत

**देश** के वायु गुणवत्ता सुचंकाक में पहले स्तर पर रहने वाले हिमाचल का पर्यावरण बारिश न होने के कारण अधिक प्रदूषित होता जा रहा था, लेकिन देर से ही सही बारिश से राहत की खबर आई है। पहली बारिश के बाद हिमाचल के वातावरण में 40 से 50 फीसदी शुद्धता दर्ज की गई। उसके बाद लगातार बारिश से यह कमी 55 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स के अनुसार, बारिश से पहले प्रदेश में औसत एयर क्वालिटी 110 अंक पर थी, तो वहीं अब ये 50 के स्तर पर आ गई है। हिमाचल में लंबे समय से बारिश न होने से एयर क्वालिटी इंडेक्स में रहने वाली 'अच्छी' श्रेणी से मध्यम श्रेणी यानी 110 अंक पर पहुंच गया था। अंकों के पैमानें पर बात करेंतो एक्यूआई 110 थी यानी देवभूमि की आबो-हवा की शुद्धता मध्यम थी।

### इन शहरों को राहत

| शहर | 29 से 31 जनवरी | 1 से3 फरवरी |
|---|---|---|
| धर्मशाला | 59 | 42 |
| शिमला | 56.6 | 21.06 |
| सुंदरनगर | 55.03 | 36.5 |
| ऊना | 86 | 111 |
| डमटाल | 47.03 | 67 |
| परवाणु | 44 | 67 |
| पांवटा | 172.05 | 75 |
| बद्दी | 301 | 109 |

### धर्मशाला में बढ़ गया था वायु प्रदूषण

प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि बारिश न होने से जिला कांगड़ा के धर्मशाला में धूल व मिट्टी के कारण वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया था। पहली बारिश में 40 तो अब तक 50 फीसदी से ज्यादा सुधार दर्ज हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## शिक्षकों की सब कमेटी की बैठक आज होगी

**शिमला।** राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित सब कमेटी की बैठक मंगलवार को होने जा रही है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट सब कमेटी की बैठक होगी। इस बैठक में प्रारंभिक व उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मामले में प्रस्ताव रखा जाएगा। बैठक में कंप्यूटर व एसएमसी. शिक्षकों के मामले पर चर्चा होगी। सब कमेटी की यह पहली बैठक होने जा रही है। ऐसे में इस दौरान शिक्षकों के लिए स्थाई नीति लाने और इनका वेतन अनुबंध शिक्षकों के समान करने में विचार -विमर्श किया जा सकता है।

# एक्स सर्विसमैन कॉर्पोरेशन और महिला आयोग में चेयरमैन की नियुक्तियों में क्यों हो रही देरी ?

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

**सूबे** में कांग्रेस सरकार के गठन के सवा साल बाद भी हमीरपुर स्थित एक्स सर्विसमैन कॉर्पोरेशन और महिला आयोग में चेयरमैनों की नियुक्तियां क्यों 'हिचकोले' खा रही हैं? इसके अलावा भी स्कूल शिक्षा बोर्ड से लेकर कई अन्य संस्थानों में अध्यक्षों और वाइस चेयरमैनशिप के पदों को भरने की प्रक्रिया में लेटलतीफी पार्टी के ही लोगों को अखर रही है। इससे चाहबान भी परेशान हैं और यह देरी लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस के लिए अंदरूनी तौर पर सुकून देने की स्थिति में नहीं लग रही। हमीरपुर स्थित एक्स सर्विसमैन कॉर्पोरेशन का मुख्यालय कई मायनों में महत्वपूर्ण है, लेकिन यदि सवा दो सालों से इसमें सीएमडी यानी अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर का पद खाली चल रहा हो, तो इस संस्थान का महत्व कितना रह जाता है।

हमीरपुर संसदीय सीट के लिए यह संस्थान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्व सैनिकों की यहां अच्छी खासी तादाद है। इस कॉर्पोरेशन मुख्यालय पर ट्रक ऑपरेटर भी बड़ी तादाद में निर्भर हैं, जो बिलासपुर के बरमाणा में करीब 500 ट्रैकों के जरिए अपना कारोबार चलाते हैं। पूर्व सैनिकों का रोल चुनाव के समय खास रहता है, लेकिन विडंबना यह है कि अक्तूबर, 2021 में मंडी लोकसभा का जब उप चुनाव हुआ, उस समय यहां के अध्यक्ष ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर रिजाइन देकर चुनाव में भाजपा ने उतारे थे। वे चुनाव हार गए थे, लेकिन उसके बाद भी अब तक इस पद पर किसी की तैनाती नहीं की गई। एक साल तो भाजपा के समय भी यह सीट खाली रही। उसके बाद कांग्रेस का दौर शुरू हुआ, लेकिन अभी तक इसकी चर्चा नहीं है। पूर्व सांसद और दिवंगत मेजर जनरल विक्रम सिंह भी इस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस कॉर्पोरेशन का पूरे लोकसभा क्षेत्र में अच्छा खासा प्रभाव रहता है, लेकिन कांग्रेस के समय में भी यदि इसमें लेट लतीफी जारी है तो फिर लोकसभा चुनावों की तैयारी में इसे लेकर कांग्रेस के भीतर जो कुछ पक रहा है, उसे और बल मिलेगा। कांग्रेस के भीतर इस पद के इच्छुक लोगों की कमी नहीं है शायद इसी में लेटलतीफी हो रही हो, लेकिन इसका असर निश्चित रूप से कांग्रेस के भूतपूर्व सैनिक सेल पर जरूर पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### यहां भी यही स्थिति

महिला आयोग की भी स्थिति यही है। अभी तक हिमाचल में इस आयोग की अध्यक्ष पद की नियुक्ति नहीं हो पाई है। यह भी बेहद महत्वपूर्ण संस्थान है। लंबे समय से इस पर भी यदि नियुक्ति नहीं हो रही है। समय पर यदि इच्छुक लोगों को कुर्सी नहीं मिले? तो देर सवेर मिलने का फायदा कितना होगा? यह कांग्रेस के बड़े नेता निश्चित रूप में जानते हैं। यही नहीं, हिमाचल में स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष का पद भी खाली है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण संस्थानों में चेयरमैनों और वाइस चेयरमैनी के पद अभी भी खाली चल रहे हैं। नेताओं को सत्ता सुख का इंतजार इन्हीं पदों के जरिए रहता है। जो मुख्य धारा में तो नहीं आते, लेकिन 'अपनों' की नजर में उनका महत्व रहता है। इसीलिए सत्ता के दायरे में आने वाली इन कुर्सियों को ज्यादा दिनों तक खाली रखकर सत्तारूढ़ सरकारों को फायदा नहीं मिलता।

### हमीरपुर में एक्स सर्विसमैन

सेना में कार्यरत सैनिकों के मामले में हमीरपुर जिला में एक्स सर्विसमैन 19000 के आसपास हैं। पूरी संसदीय सीट पर यह तादाद 65000 के आसपास है, इसलिए लोकसभा चुनावों में सैनिक परिवारों का यहां खास दबदबा रहता है।

### सुक्खू सरकार के लिए चुनौती

प्रदेश में सुक्खू सरकार के लिए चुनावी डुगडुगी बजने से पहले इन पदों को भरना चुनौती भी है और पार्टी के भीतर समन्वय बनाना भी इतना आसान नहीं है। उम्मीद यही की जा सकती है कि अब सही समय पर उनकी नियुक्ति की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को राहत भी मिलेगी।

## कब आएगी नौकरी, कब जारी होंगे लंबित परीक्षाओं के परिणाम : जयराम



**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार आए दिन अपनी गारंटियां पूरी करने की बातें करती हैं। आए दिन नई नौकरियां निकालने की बात करती है, लेकिन कोई भर्ती निकल नहीं रही है। एक भी युवा को सरकार रोजगार नहीं दे रही है। युवाओं द्वारा सड़कों पर संघर्ष करते 14 महीनें बीत गए, लेकिन अभी तक पुरानी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी नहीं हुए। सरकार को न प्रदेश के विकास की चिंता है न ही युवाओं के भविष्य की। उन्होंने कहा कि कब आएगी नौकरी, कब जारी होंगे लंबित परीक्षाओं के परिणाम। आज पूरे प्रदेश के लोग सरकार की कारगुजारियों से परेशान हैं। आपदा राहत के लिए अभी भी वास्तविक प्रभावित सरकार की राह देख रहे है, उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस समय वर्तमान सरकार और कांग्रेस पार्टी सिर्फ आपस में उलझी हुई है। उनकी आपसी खींचतान की वजह से प्रदेश के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आज प्रदेश का विकास पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। सड़कों से लेकर पुलों और स्कूलों से लेकर अस्पतालों के काम रुके पड़े हैं। लोगों को पहले से मिल रही सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। एक लाख नौकरी हर साल देने का वादा करने वाली सरकार एक भी नौकरी नहीं निकाल रही है।

## 550 वर्षों के लंबे इंतजार को जीवित आंखों से पूरा होते देखना हमारा सौभाग्य



लोगों को संबोधित करते हुए आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल।

**हमीरपुर।** 550 वर्षों के लंबे इंतजार को खुद अपनी जीवित आंखों से पूरा होते हुए देखना हम सब का सौभाग्य है। हमारे आराध्य प्रभु श्री राम अयोध्या में अपनी जन्मभूमि पर निर्मित हुए भव्य राम मंदिर में रामलला के रूप में विराजमान हुए हैं, यह हम सब के लिए बहुत बड़ी खुशी है। हमसे पहले न जाने कितनी ही पीढ़ियां सदियों पुराने इस स्वप्न को साकार होते हुए संकल्पित होते हुए देखने की चाहत मन में लिए अपनी जीवन यात्रा को पूर्ण कर चली गई। यह बात सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के टौणीदेवी में भाजपा द्वारा आयोजित पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता में भाग ले रही महिलाओं को संबोधित करते हुए आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कही। पहाड़ी संगीत कार्यक्रम करवाने की योजना कैसे बनी इस बारे में बात करते हुए धूमल ने कहा कि पिछले काफी लंबे समय से अनुराग ठाकुर यह योजना बना रहे थे कि एक ऐसा कार्यक्रम हो जो मातृशक्ति को एक मंच प्रदान करें। आज इस कार्यक्रम में आने का मौका मिला है तो यह आभास हो रहा है कि उनकी सोच कितनी सही है।

**प्रतिभा** शमशी के चित्रकार की पेंटिंग का चयन अंतरराष्ट्रीय फैब्रियानो इन एकवरलो इन वॉटरकलर 2024 प्लेटफॉर्म के लिए हुआ

# दीप का बनाया जुआणी महादेव जी के गुर का पोर्ट्रेट इटली-यूएसए को दिखाएगा हिमाचली संस्कृति के रंग



जुआणी महादेव जी के गुर का पोर्ट्रेट, जिसका हुआ है चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**हिमाचल** प्रदेश के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय चित्रकार दीप धनंजय की बनाई जुवाणी महादेव के मड़ेगा गुर (वरिष्ठ गुर) की वॉटर कलर पेंटिंग (पोर्ट्रेट )का चयन अंतरराष्ट्रीय फैब्रियानो इन एकवरलो इन वॉटरकलर 2024 प्लेटफॉर्म इटली के लिए हुआ है। यह विश्व का नंबर-वन वॉटर कलर पेंटिंग का प्लेटफॉर्म है।

इस प्लेटफॉर्म पर हर साल हर एक देश से कुछ एक कलाकारों की कलाकृतियां चुनकर ली जाती हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया जाता है। दीप धनंजय ने भी इस साल इस प्लेटफॉर्म पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए हिमाचल की संस्कृति और परंपरा से जुड़ी हुई कुछ एक कलाकृतियां ऑनलाइन अपलोड की हुई थीं, जिनमें से कुछ जिला के जुआणी महादेव जी के गुर का पोर्ट्रेट (जिसमें गुर ने सफेद रंग का साफा पहना हुआ है और यह साफा सिर्फ महादेव जी के जो मड़ेगा गुर होते हैं, वही पहनते हैं। यह यहां की प्राचीन संस्कृति और परंपरा है।) का चयन हुआ है और अब यह कलाकृति 26 अप्रैल 2024 को इटली के फैब्रियानो शहर में प्रदर्शित की जाएगी। उसके बाद इटली के बलोगना शहर में प्रदर्शित की जाएगी और उसके बाद 14 अक्तूबर, 2024 को अमेरिका के टेक्सस शहर में प्रदर्शित की जाएगी।

धनंजय ने बताया कि इस वॉटर कलर प्लेटफॉर्म में पूरे विश्व से 95 देशों ने भाग लिया हुआ है और इस प्रोजेक्ट में उनके सबसे बड़े मार्गदर्शक गुरु रजत सुभ्रा बांदोपाध्याय रह चुके हैं। उनके बताए गए रास्ते पर चलते हुए ही वह आज इस प्लेटफॉर्म तक पहुंचे हैं और आगे भी प्रयास जारी है।

### कला से देश-विदेश को अपनी संस्कृति से करवा सकते हैं रू-ब-रू



धनंजय का मानना है कि हम अपनी खूबसूरत संस्कृति को चित्रकला, संगीत कला, नृत्य कला, वाद्य कला, मूर्ति कला आदि कई कलाओं के जरिए देश-विदेश को अपनी संस्कृति से रू-ब-रू करवा सकते हैं। इससे हमारी संस्कृति को चार चांद लग जाएंगे और विश्व स्तरीय पहचान भी मिलेगी। हिमाचल की संस्कृति बहुत ही धनी है और इसे और ज्यादा मूल्यवान बनाने के लिए हमें इस पर विशेष रूप से काम करना चाहिए, ताकि देश- विदेशों में हमारी यह मूल्यवान संस्कृति हमेशा चमकती रहे और पर्यटन को भी बढ़ावा मिले।

## नदी-नालों के करीब भवन निर्माण के लिए नियम तय

**शिमला।** राज्य में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद सरकार ने नदी-नालों और खड्डों से उचित दूरी बनाने रखने के लिए भवनों के निर्माण करने नियम तय किए हैं। नियमों में यह भी प्रावधान किया गया है कि राजस्व रिकॉर्ड में भले नदी नालों का जिक्र न हो, लेकिन मौके पर नाले से पांच मीटर और खड्डों से सात मीटर छोड़कर ही भवनों का निर्माण करना होगा। हिमाचल में प्राकृतिक आपदा के चलते भवनों को भारी नुकसान हुआ है। नालों और खड्डों के किनारे भवन क्षतिग्रस्त हो गए। सरकार को करोड़ों का मुआवजा देना पड़ा है। हिमाचल में पहले नालों से तीन जबकि खड्डों से पांच मीटर दूरी पर ही भवनों का निर्माण किए जाने का प्रावधान था। वहीं, राजस्व रिकॉर्ड में अगर नाला व खड्ड का जिक्र नहीं है तो वहां चार बिस्वा प्लॉट के फ्रंट में दो मीटर सेटबैक छोड़ना होता था। सरकार के ध्यान में लाया गया है कि कुल्लू, मनाली, चंबा, मंडी में जो घरों को नुकसान हुआ है।

## 300 फुट गहरी खाई में गिरी कार, 25 वर्षीय युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग के ममेल से सुरसी मार्ग पर एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त 25 वर्षीय पुष्प राज पुत्र उदय गांव बखरूंडा तहसील करसोग व जिला मंडी के रूप में हुई है।

यह हादसा रविवार देर शाम 10 बजे के करीब हुआ। जानकारी के अनुसार, पुष्प राज रात के वक्त करसोग से अपने घर जा रहा था। गंतव्य से एक किलोमीटर पीछे ही काली मिट्टी मोड़ पर कार करीब 300 फुट नीचे गहरी खाई में गिर गई। कार में एक अन्य व्यक्ति मनोज कुमार पुत्र खेम सिंह भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। मृतक घर का इकलौता ही चिराग था। स्थानीय ग्रामीणों व वाहन चालकों ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी।

## जातिसूचक शब्द मामला: नर्सिंग छात्राओं की शिकायत पर पुलिस ने संस्थान से लिया रिकॉर्ड

**बीबीएन।** नालागढ़ के वार्ड-9 स्थित अवस्थी नर्सिंग इंस्टिट्यूट की छात्राओं को जाति सूचक शब्द बोलने के मामले में पुलिस ने संस्थान में जाकर आगामी जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस ने छात्राओं की शिकायत पर बीते दिनों ही प्रिंसिपल व अन्य अध्यापिका के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। सोमवार को पुलिस ने नर्सिंग इंस्टिट्यूट में जाकर सीसीटीवी कैमरा खंगाले और कुछ रिकॉर्ड कब्जे में लिए हैं। डीएसपी फिरोज खान खुद मामले की निगरानी कर रहे हैं। डीएसपी फिरोज खान ने बताया कि संस्थान को निर्देश दिए है कि दोनों छात्राएं पहले की तरह शिक्षा ग्रहण करती रहेंगी और संस्थान के पास कोई अधिकार नहीं है कि इस घटना को लेकर उनकी शिक्षा पर कोई प्रभाव पड़े।

### बर्फबारी के बाद बढ़ा कारोबार, होटलों की ऑक्यूपेंसी बढ़ी, कुफरी में पर्यटकों ने खूब उठाया लुत्फ

# राजधानी में कारोबारियों के खिले चेहरे

**आशिमा वैरागी, शिमला**

पहाड़ों की रानी शिमला में बर्फबारी के बाद अब पर्यटन कारोबार बढ़ गया है। पर्यटक बर्फ को देखने की चाह में भारी मात्रा में शिमला का रुख कर रहे हैं।

ऐसे में जहां होटल कारोबारियों का कारोबार बढ़ा है, वहीं स्थानीय कारोबारियों के चेहरे भी खिल गए हैं। होटलों में ऑक्यूपेंसी भी बढ़ गई है, पिछले दो-तीन दिनों से यहां बर्फबारी का दौर चला हुआ था। हालांकि सोमवार को मौसम साफ रहा। स्थानीय होटल व्यवसायियों ने उम्मीद जताई थी कि अधिक बर्फबारी से शहर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। अभी शहर के 70 से 80 प्रतिशत होटल पैक हैं। शिमला में बीते वर्ष बर्फबारी न होने के कारण पर्यटन कारोबार पटरी से उतर गया था। वहीं, दूसरी ओर भारी बरसात के चलते हिमाचल की ओर पर्यटक नहीं आ रहे थे, जिससे कारोबारियों का कारोबार ठीक से नहीं चल पाया था।

फरवरी माह के पहले दिन हुई बर्फबारी से ही पर्यटक शिमला का रुख कर रहे हैं। शहर के बाजारों में गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ी हुई है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी खरीददारी कर रहे हैं। शिमला में पंजाब, हरियाणा, सहित अन्य साथ लगते राज्यों से सैलानी शिमला का रुख कर रहे हैं। विदेशी पर्यटकों के आने से भी कारोबारियों को मुनाफा हो रहा है। अब टूरिस्ट गाइड, फोटोग्राफर, होटल व्यवसायी के चेहरें खिल गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**बर्फबारी से पहले शिमला में धीमा पड़ गया था पर्यटन कारोबार**

**80 प्रतिशत होटल पर्यटकों से शहर में पैक**



कुफरी में सोमवार को हुई ताजा बर्फबारी के बाद मस्ती करते पर्यटक।

## विदेशी पर्यटकों के आने से काफी हो रहा फायदा



बीते वर्ष बर्फबारी न होने के कारण पर्यटक शिमला नहीं पहुंचे थे, जिससे सर्दियों का सारा सामान वापस करना पड़ा था। इस बार उम्मीद है कि ज्यादा लोग यहां पर आए। **जुबैर।**



पहली बार ऐसा हुआ था कि शिमला में सर्दियों में सुखा पड़ा हो। इस बार बर्फबारी हुई है उम्मीद है कि ज्यादा सैलानी आएं और हमारा मुनाफा हो। **आबाद।**



यहां पर 12 सालों से काम कर रहे हैं, इस बार उन्हें डर सता रहा था कि अगर बर्फबारी नहीं होती है, तो उनका समान खराब हो जाएगा। बर्फबारी होने से अब मुनाफा हो सकता है। **पंकज।**



विदेशी पर्यटकों के आने से काफी फायदा हो रहा है। अगर मौसम ने साथ दिया, तो इस बार अच्छा कारोबार चल पड़ेगा। **रवि।**



सर्दियों के सामान की अच्छी बिक्री हो रही है। दोबारा से सर्दियों का स्टॉक मंगवाया गया है। बर्फबारी होने से कारोबार पटरी पर आ गया है। **फजान।**

## घुड़सवारी का लुत्फ उठाते पर्यटक



### ध्यान से चलाएं वाहन

अगर पर्यटक कुफरी में अपना वाहन लेकर जा रहे है, तो वह गाड़ी को ध्यान से चलाएं। यहां पर गाड़ियों का आपसी टक्कर के भी काफी मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस ने भी पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि वह गाड़ी को ध्यान से चलाएं।

### पर्यटकों की लगी भीड़

रिज व माल रोड पर बर्फ तो नहीं है, लेकिन फिर भी पर्यटकों की यहां पर काफी भीड़ लगी हुई है। पर्यटक यहां पर जश्न मनाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, सामान की भी खूब खरीददारी कर रहे हैं।

# पांच मेडिकल अफसरों के तबादले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सरकार ने पांच मेडिकल अफसरों के तबादले किए हैं, जबकि बैचवाइज अनुबंध पर 12 डैंटल डॉक्टरों के पद भरे हैं। इनमें मेडिकल ऑफिसर में सीएच नादौन डॉ. सविता राणा को अब एमओ पीएचसी चकमोह, एमओ सीएच नादौन डॉ. गार्गी को सीएच जयसिंहपुर, एमओ सीएच नादौन डॉ. योगेश कुमार को पीएचसी कोटलू, एमओ टीबीएस धर्मपुर डॉ. अकांत कौशल को एमओ सीएचसी टिक्कर भेजा है।

इसके अलावा डीडीयू अस्पताल शिमला में तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रवीण चौहान को मॉडल सेंट्रल जेल कंडा ट्रांसफर किया गया है। वहीं, बैचवाइज अनुबंध के आधार पर डॉ. अमित कुमार को सीएचसी झंडूता, डॉ. रितू शर्मा को सीएचसी बरोह, डॉ. आक्षी चंदेल को सीएचसी लंज, डॉ. दीपक शर्मा को सीएचसी नौहराधार, डॉ. शिवानी गुप्ता को सीएच ज्वाली, डॉ. दीपशिखा चौहान को पीएचसी धुंधन, लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मजीत सिंह जसवाल को सीएचसी जंगलबैरी, डॉ. दिनेश कुमार को सीएचसी कोटखाई, डॉ. निधि ठाकुर को सीएचसी शांशा, डॉ. सुरेश कुमार को सीएचसी पांगणा, डॉ. विजेता को आरएच केलांग और डॉ. बनिश कुमार को सीएच बलद्वाड़ा में पोस्टिंग दी है।

**बैचवाइज अनुबंध पर 12 डैंटल डॉक्टरों के पद भरे**

## चार बीडीओ बदले, एक की ट्रांसफर रद्द




**शिमला।** सरकार की ओर से अधिकारियों के तबादलों का दौर जारी है। सोमवार को सरकार ने चार खंड विकास अधिकारियों (बी.डी.ओ.) के तबादले किए हैं, जबकि एक बीडीओ के ट्रांसफर आदेश स्थगित कर दिए गए है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रियतू मंडल की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेशों के तहत बीडीओ सिकंदर अब बीडीओ बल्ह होंगे। पहले इनका तबादला बीडीओ बमसन के रूप में हुआ था, लेकिन अब इन्हें बल्ह जिला मंडी में तैनाती दी है। बीडीओ ठियोग कंवर तन्मय अब बीडीओ नगरोटा सूरियां होंगे। एसआईआरडी शिमला में कार्यरत बीडीओ अंशुल शांडिल को बीडीओ नूरपुर का दायित्व सौंपा गया है। बीडीओ पंचरूखी केसर सिंह को बीडीओ लंबागांव तब्दील किया गया है। लंबागांव में ट्रांसफर किए गए बीडीओ हरिचंद अत्री के तबादला आदेश को रद्द कर दिया गया है।

# राज्यपाल ने डॉ. रामचंद्र तिवारी की पुस्तकों का किया लोकार्पण



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल डॉ. रामचंद्र तिवारी की पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के दीन दयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय में हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा तथा पत्रकारिता विभाग की ओर से आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता की।

उन्होंने डॉ. रामचंद्र तिवारी की दो पुस्तकों 'हिंदी का गद्य-साहित्य' के 15वें संस्करण तथा 'योग के विविध आयाम' के तृतीय संस्करण का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिंदी साहित्य की जिस कृति की डॉ. तिवारी ने आधारशिला रखी है वह विचार और चिंतन भावी पीढ़ी के लिए पथ-प्रवर्तक का कार्य करेगा। उन्होंने जहां हिंदी-गद्य के स्वरूप-विकास की बात है, वहीं, क्रमवार इसके विकास को रेखांकित किया है।

# प्रदेश में हिमकेयर योजनाओं की उड़ाई जा रही धज्जियां

**शिमला।** प्रदेश में चलाई जा रही हिमकेयर योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरकार ने अभी तक हिमकेयर वालों को 50 करोड़ रुपए की पेमेंट देनी है। अगर समय से इस पेमेंट को चुकता नहीं किया, तो प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। इससे पहले हिमकेयर वालों ने सरकार को कई बार पेमेंट चुकता करने के लिए पत्र भी भेजे हैं, लेकिन अब पेमेंट चुकता करने का आश्वासन तो दिया है, लेकिन यह पता नहीं की कब तक पेमेंट हिमकेयर वालों के खाते में डलनी है। अस्पतालों में कई बार ऐसी भी स्थिति देखने को मिली की समय से सामान व दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

# निगम के बजट में कारोबारियों, भवन मालिकों को राहत मिलने की उम्मीद

### आयुक्त ने पूर्व मेयर और डिप्टी मेयर से भी मांगे सुझाव, फरवरी में बजट होगा पेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला के 2024-25 के वार्षिक बजट को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। सोमवार को निगम के आयुक्त ने सभी विभागों के आधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे सुझाव मांगे।

इस बैठक में महापौर की ओर से पूर्व में रहे मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षदों से भी बजट बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं, बता दें कि पिछले बजट में निगम के कोई मेयर, डिप्टी मेयर नहीं थे। इस बार बैठक में फिर से मेयर के सुझावों को लेकर बजट तैयार किया जाएगा। कांग्रेस शासित निगम के इस कार्यकाल का यह पहला बजट पेश होगा, जिसमें युवाओं, कारोबारियों, बेरोजगारों, भवन मालिकों और छोटे दुकानदारों को कुछ न कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। सभी के सुझावों से इसे तैयार किया जा रहा है। आपदा के बाद शहर में काफी तबाही हुई, जिससे निगम अभी तक भी पूरी तरह से उभर नहीं सका है। बजट में आम जनता और शहर के विकास के लिए कुछ न कुछ नई सौगातें जरूर शामिल की जानी हैं।

## प्रोजेक्ट में लगे पैसों का ब्यौरा तैयार

कांग्रेस नगर निगम बनने के बाद किस प्रोजेक्ट पर कितना पैसा लगा है और कितने काम वार्डों में एमसी ने अपने पैसों से करवाएं हैं इसका संपूर्ण ब्यौरा भी दिया जाएगा। फरवरी के अंत में यह बजट पेश किया जाएगा, जिसके लिए निगम तैयारियों में जुटा हुआ है।

नगर निगम का इस बार का बजट खास होगा। सभी के रिव्यू को देखकर इसे तैयार किया जा रहा है। आपदा के बाद शहर में काफी तबाही हुई, जिससे हम अभी तक भी पूरी तरह से उभर नहीं सकें हैं। बजट में आम जनता और शहर के विकास के लिए कुछ न कुछ नई सौगातें जरूर शामिल की जाएंगी।
**सुरेंद्र चैहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# अब चिड़गांव से पांवटा के लिए चलेगी एचआरटीसी बस




रोहड़ू के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

चिड़गांव के लोगों को सर्दियों में शिमला या अन्य जगह तक पहुंचने के लिए खड़ा पत्थर या कुफरी में हुई बर्फबारी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अब लोग वाया सैंज पांवटा साहिब होकर अपने निर्धारित समय पर लंबे सफर पर जा पाएंगे।

मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा द्वारा रोहड़ू से पांवटा साहिब के लिए एचआरटीसी रोहड़ू की बस सेवा का विस्तारीकरण किया जाएगा। अब यह बस चिड़गांव से पांवटा साहिब के लिए चलेगी, जो सुबह पांच बजे चिड़गांव से एवं छह बजे रोहड़ू से पांवटा साहिब के लिए चलेगी। पांवटा साहिब से सुबह छह बजकर 20 पर व रोहड़ू से शाम पांच बजकर 30 पर चिड़गांव को चलेगी। इस बस सेवा को रोहड़ू बस अड्डे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस मंडल रोहड़ू के महासचिव एवं कृषक सलाहकार समिति रोहड़ू के अध्यक्ष सोहन लाल चौहान, जोगिंद्र सारटा व मलक राज ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मल्टी टास्क वर्कर्स शिक्षा खंड रोहड़ू ने नीति बनाने की मांग की

# 12 महीने का दिया जाए वेतन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मल्टी टास्क वर्कर्स शिक्षा खंड रोहड़ू, शिक्षा खंड रन्सार, शिक्षा खंड चिड़गांव व ड़ोडरा क्वार के सभी प्रतिनिधिमंडल मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन प्रधान शिक्षा खंड रोहड़ू व प्रदेश कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक व सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा से मिला।

इस मौके पर कार्यकारिणी के पदाधिकारी, उपप्रधान प्रियंका देवी व सचिव परषोतमा देवी व रोहड़ू ब्लॉक के महासचिव मिठू राम एवं कोषाध्यक्ष विद्या सागर, मीडिया प्रभारी हेम राज, तीन ब्लॉक के प्रधान, प्रदेश कार्यकारिणी की कोषाध्यक्ष रचना व जिला कार्यकारिणी के महासचिव इंदर सैन व मुख्य सदस्य लीला देवी, लक्ष्मी देवी, कुशाला देवी सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे। पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स ने विधायक को अवगत करवाया कि पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स ( शिक्षा ) हिमाचल प्रदेश के लिए नीति बनाई जाए। पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर कर्मचारी को 10 महीने की जगह 12 महीने का वेतन दिया जाए। साल की जितनी छुट्टियां जनवरी व फरवरी माह को मिलाकर दो महीने का वेतन नहीं दिया जाता। इसमें ज्यादातर विधवा, अनाथ व अत्यंत गरीब लगे हुए हैं। एसएमसी के साथ एग्रीमेंट को खत्म कर शिक्षा विभाग में लाया जाए। पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स कर्मचारी वर्ग को बजट मे लाया जाए और वेतन मे बढ़ोतरी की जाए। (अनंत ज्ञान)



मल्टी टास्क वर्कर्स शिक्षा खंड रोहड़ू का प्रतिनिधिमंडल नीति बनाने को लेकर विधायक व सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा से मिलते हुए।

# विधानसभा में सुरक्षा के कड़े प्रबंध करे जिला प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला के नव नियुक्त जिलाधीश अनुपम कश्यप ने हि.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर पठानिया ने अनुपम कश्यप को जिला शिमला का जिलाधीश नियुक्त होने पर बधाई दी। पठानिया ने कहा कि शिमला के जिलाधीश का पद बहुत महत्वपूर्ण है तथा जिम्मेदारियों से भरा है। भेंट के दौरान पठानिया ने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र भी 14 फरवरी से आरंभ हो रहा है। सत्र के दौरान सुरक्षा प्रबंधों की जिम्मेदारी जिला प्रशासन के पास रहती है तथा परिवहन व्यवस्था भी सुचारु रखने के लिए जिला प्रशासन ही पूर्णतय जिम्मेदार होगा। पठानिया ने इस अवसर पर जिलाधीश को अपनी शुभकामनाएं दीं।



डीसी शिमला विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# गेयटी में पुरस्कार की घड़ी नाटक का किया मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में हॉबी गेयटी थियेटर में जनवरी माह में क्लासिस का आयोजन किया गया। यह पूरी एक माह तक चलाई गई।

सोमवार को इसके समापन पर गेयटी में छोटे बच्चों की ओर से एक नाटक तैयार किया गया। इसका नाम पुरस्कार की घड़ी रखा गया। इसमें 90 बच्चों ने भाग लिया, एक महीने में बच्चों ने क्या-क्या सीखा इसको लेकर आज एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात लेखक व कवि निवास जोशी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस नाटक को देखने के लिए काफी संख्या में लोग गेयटी में पहुंचे। लोगों ने छोटे बच्चों की ओर से प्रस्तुत नाटक की प्रशांसा की। यह नाटक बच्चों ने एक महीने की हॉबी क्लासिस में तैयार किया था। यह नाटक बच्चों ने अपने अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं, बच्चों ने पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई। इसमें लगभग 40 पेंटिंग गेयटी में लगाई गई हैं।



गेयटी थियेटर में पुरस्कार की घड़ी नाटक का मंचन करते कलाकार।

## हस्तशिल्प संस्था ने गर्म कपड़ों की प्रदर्शनी लगाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर में पराशर हथकरघा और हस्तशिल्प संस्था ने लोगों के लिए गर्म कपड़ों की प्रदर्शनी लगाई है। ये प्रदर्शनी मंडी के लोगों ने लगाई है।

स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि विदेशी लोग भी इसका खूब मजा ले रहें हैं। मंडी के सामान की ओर लोग आकर्षित हो रहे हैं। इसमें कोट, सदरी, शॉल, जैकेट, मफलर और गर्म कपड़ों को बिक्री के उद्देश्य से लगाया गया है। इन सभी चीजों को हाथों व प्राकृतिक आकार ऊन से यह सारी वस्तुएं बनाई गई हैं। खरनु राम ने बताया कि प्रदर्शनी में लगाए गए सामान को 100 से 150 लोगों ने तैयार किया है। लोग दुकान में कार्य करते हैं और अपने घर में भी यह काम करते हैं। इन सभी वस्तुओं को हाथों से तैयार किया गया है।

# खुले कॉलेज, लौट रही रौनक पहले दिन कम पहुंचे विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सोमवार को शिमला के सभी कॉलेज खुल गए हैं। शहर के कॉलेजों में एक महीने बाद फिर से रौनक लौट रही है। पहले दिन शहर के सभी कॉलेजों में बहुत कम संख्या में स्टूडेंट्स पहुंचे।

विद्यार्थियों को बर्फबारी के चलते कॉलेज पहुंचना मुश्किल हुआ। संजौली कॉलेज में पहले दिन सात, आरकेएमवी में दस स्टूडेंट्स पहुंचे। इसके अलावा जो स्टूडेंट्स कॉलेज पहुंचे वह काफी उत्साहित नजर आए। इन कॉलेजों में बाहरी जिलों से स्टूडेंट्स पढ़ने आते हैं। बहुत सारी ऐसी जगह हैं, जहां पर बर्फबारी हुई है और रास्ते बंद होने के कारण स्टूडेंट्स कॉलेज नहीं पहुंच पाए हैं।



कॉलेज में पहले दिन 10 ही छात्राएं पहुंची। सोमवार से रेगुलर कक्षाएं शुरू हो गई हैं, जो छात्राएं दूर दराज के क्षेत्रों से आती हैं, जहां अभी सड़कें बंद हैं। उन छात्राओं को कॉलेज प्रबंधन को एप्लिकेशन के जरिए सूचना देनी होगी।
**डॉक्टर गोपाल चौहान।**

**आक्रोश** राष्ट्रीय शिक्षा नीति को इसी सत्र से लागू करने की उठाई मांग, नई बसें उपलब्ध न करवाने पर गुस्साई

# छात्रों की मांगों को लेकर एबीवीपी ने वीसी का किया घेराव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने लंबे समय से चली आ रही मांगों को लेकर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया।

एबीवीपी ने प्रदेश विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी सत्र से लागू करने की मांग की है, ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लाभ उठा सके, यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू नहीं किया गया, तो प्रदेश विश्वविद्यालय जिसकी स्थापना 1970 में की गई है, वह विश्वविद्यालय पूरे देश भर में पिछड़ जाएगा, जो कि विद्यार्थियों के साथ खिलवाड़ होगा। इकाई सह मंत्री अमन अदिति ने बताया कि विश्वविद्यालय में 200 शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द भरा जाए, ताकि प्रदेश विश्वविद्यालय व्यवस्थित रूप से चले, विद्यार्थी परिषद में न केवल शिक्षक पदों, परंतु गैर शिक्षक पदों की भर्तियों के लिए भी मांग उठाई है, जो कि काफी समय से खाली पड़ी है, जिसके कारण विश्वविद्यालय में अनेक समस्याएं आ रही हैं। विद्यार्थी परिषद काफी लंबे समय से इन भर्तियों के लिए मांग उठा रहा है, लेकिन यह लापरवाह प्रशासन न जाने किस आधार पर केवल एक भर्ती करवाता है और केवल एक भर्ती का होना कहीं न कहीं गड़बड़ घोटाले की ओर संकेत देता है। विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को बसों की सुविधा प्राप्त करवाने में असमर्थ है। विद्यार्थी दूर-दूर से विश्वविद्यालय आने के लिए विश्वविद्यालय की बसों का प्रयोग करते हैं और जिसमें उन्हें खड़े-खड़े आना पड़ता है।



प्रदेश विश्वविद्यालय में एबीवीपी के छात्र मांगों को लेकर कुलपति का घेराव करते हुए।

## बसों की उचित सुविधा देने की मांग की

इस समस्या को समझते हुए एबीवीपी ने बसों की उचित सुविधा प्राप्त करवाने की मांग की है। राष्ट्रीय समय-समय पर ऐसे ही छात्र की मांगों के लिए आवाज उठाने का काम करती आई है और आगे भी निरंतर ही छात्र हितों के लिए काम करती रहेगी। अगर प्रशासन इन मांगों को शीघ्र पूरा नहीं करता है, तो एबीवीपी प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी।

# भाजपा एसटी मोर्चा हिमाचल में चलाएगा जनजाति संपर्क अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल शिलाई की बैठक अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इसमें कार्यकर्ताओं को संगठन के आगामी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिमला संसदीय क्षेत्र के एसटी मोर्चा के प्रभारी प्रदीप सिंगटा ने संगठन के कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी, उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश के मंडलों में एसटी मोर्चा के सम्मेलन आयोजित करेगा, जिसमें जनजाति संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। एसटी मोर्चे द्वारा वन बूथ फाइव एसटी, अभियान को शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया गया। देश की नरेंद्र मोदी की सरकार ने 70 सालों से शोषित वंचित लोगों को उनका अधिकार दिया है प्रदेश के गिरिपार के हाटी समुदाय के लोगों को जनजाति अधिकार देश की मोदी सरकार ने दिया है, जबकि कांग्रेस सरकार ने इसे अटकाने का काम किया। भाजपा एसटी मोर्चा शिलाई मंडल के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने कहा कि शीघ्र ही भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा संगठन की ओर से दिए गए कार्यों को पूरा करेगा और देश की नरेंद्र मोदी सरकार की जनजाति कल्याणकारी नीतियों को घर द्वार तक पहुंचाएंगे।



भाजपा एसटी मोर्चा मंडल शिलाई की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

# सोलन जिले में बारिश का दौर जारी, फसलों को मिली संजीवनी

## ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ेगा, गर्मियों में नहीं होगी पानी की कमी, सेब उत्पादकों को चिलिंग आवर्स पूरे होने की उम्मीद

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में फरवरी महीने के पहले सप्ताह में जारी बारिश खेती, बागबानी सहित लोगों के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगी। रविवार और सोमवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। इससे अंडर ग्राउंड वाटर लेबल बढ़ेगा, साथ ही प्राकृतिक जल स्रोत में भी इजाफा होगा। इससे गर्मियों के मौसम में लोगों को पेयजल की कमी नहीं रहेगी। बारिश से सेब उत्पादकों को चिलिंग आवर्स पूरे होने की उम्मीद है।

पिछले दो दिन से जिला सोलन के बीबीएन, सोलन, परवाणू, अर्की व दाड़लाघाट क्षेत्र में पूरा दिन बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के बाद से तापमान में भी काफी गिरावट आई है। तीन महीने की सूखी ठंड के बाद हुई बारिश से अब शुष्क ठंड से लोगों को निजात मिली है। वहीं, यह बारिश गेहूं, सब्जियों सहित अन्य फसलों के लिए


लगातार हो रही बारिश से पानी से ढोडो मैदान भर गया।

लाभदायक सिद्ध होगी। नौणी विवि के कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सोलन जिले में पिछले दिनों से अच्छी बारिश हो रही है, जो फसलों के लिए लाभकारी है।

जिला सोलन मे लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति पैदा हो गई थी। जिला में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में हैं। जानकारी के अनुसार इस रबी सीजन में पिछले दो माह के दौरान ही फसलों को 50 लाख का नुकसान हुआ है। सोलन जिले में अधिकतर कृषि क्षेत्र बारिश पर ही निर्भर करता है। सोलन जिले में किसानों ने 24 हजार हेक्टेयर में फसलों की बिजाई की हुई है, जिसमें से सात हजार हेक्टेयर के करीब क्षेत्र सूखे की चपेट में आ गया था।

जिले में अब तक 30 प्रतिशत गेहूं की फसल सूखे के चलते प्रभावित हो चुकी है। सोलन जिले में 21300 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है। अब बारिश होने से किसानों को अच्छी पैदावार होने की उम्मीद जगी है।

### बारिश व बर्फबारी फसलों के लिए लाभकारी : डॉ. भारद्वाज

डॉ. वाईएस परमार वानिकी एवं औद्यानिकी विवि नौणी के कृषि विशेषज्ञ डॉ. एसके भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश में पिछले दिनों से बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। बारिश होने के बाद सूखा खत्म होगा और फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद है। वहीं, दिसंबर और जनवरी माह में बर्फबारी न होने के चलते सेब के चिलिंग आवर्स पूरे नहीं हो पाए थे। अब फरवरी माह में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है, जो सेब की फसल के लिए संजीवनी साबित होगी। फरवरी माह में अब चिलिंग आवर्स पूरे होने की संभावना है।

## हीरा चंद मांटा ने संभाला बद्दी के नायब तहसीलदार का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी तहसील के नए नायब तहसीलदार हीरा चंद मांटा ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। गौरतलब है कि यहां पर कार्यरत नायब तहसीलदार गोपाल कृष्ण मुखिया प्रोमोट होकर शिमला तहसीलदार चले गए थे। तभी से यह पद खाली चला आ रहा था और लोगों को काम करवाने संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।


नायब तहसीलदार मांटा अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए।

सोमवार को नवनियुक्ति नायब तहसीलदार हीरा चंद मांटा ने बद्दी तहसील कार्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जनता के कामों को समय पर निपटाना है। जो भी आदेश सरकार से आएंगे, उनको पूरा किया जाएगा। जनता के लंबित कामों को दिन-रात काम करके निपटाया जाएगा।

## प्रदेशवासियों को श्रीराम मंदिर दर्शन में मदद करेगी भाजपा : विवेक


चिंतपूर्णी से श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना करते भाजपा नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश से दर्शनों के लिए अयोध्या के श्रीराम मंदिर को जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भाजपा भोजन, रात्रि ठहराव से लेकर रेलवे स्टेशन से मंदिर तक पहुंचने की निशुल्क व्यवस्था करेगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने जारी बयान में कहा कि सोमवार का दिन प्रदेशवासियों के लिए सौभाग्यशाली रहा जब प्रातः सुबह छह बजे जिला ऊना के चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अदौरा रेलवे स्टेशन से एक रेलगाड़ी राम भक्तों को लेकर दर्शन हेतु अयोध्या रवाना हुई है।

प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा के सांसद अनुराग ठाकुर व स्थानीय वरिष्ठ भाजपा नेता बलबीर ने रेलवे स्टेशन सभी भक्तों का अभिवादन किया और उन्हें शुभकामनाएं देकर विदा किया। शर्मा ने कहा कि भाजपा ने यह व्यवस्था पूरे प्रदेश में की है। इसलिए सभी सनातन प्रेमियों से अनुरोध है कि 1200 से 1500 रुपए तक के सामान्य शुल्क से आराध्य श्री राम जन्मभूमि राम मंदिर के दर्शन जरूर करें।

हिमाचल प्रदेश के लोगों के स्वागत हेतु हमारे स्थानीय कार्यकर्ता, नेता आपकी सेवा में वहां सभी पूर्व में उपलब्ध रहेंगे। रास्ते में चिकित्सा सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। इसके लिए आपको केवल भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं से संपर्क करना है। मंडल अध्यक्ष या आपके भाजपा के स्थानीय नेताओं से एक बार संपर्क करें यथार्थ वो स्वयं आपसे संपर्क करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### समिति ने जफर इकबाल का जताया आभार


निवर्तमान नगरायुक्त जफर इकबाल के साथ मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के पदाधिकारी।

**सोलन।** मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति सोलन ने सोमवार को सोलन से धर्मशाला स्थानांतरित हुए नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल से शिष्टाचार भेंट की। समिति ने नगर निगम सोलन में आयुक्त रहते वेंडर मार्केट में लाइसेंसधारक रेहड़ी चालकों को दुकानों का आवंटन किए जाने के लिए आईएएस जफर इकबाल का आभार जताया। समिति के प्रधान महिताप सिंह ठाकुर ने कहा कि आयुक्त जफर इकबाल की पहल से लाइसेंसधारकों को स्थायी ठिकाना मिल पाया। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने में भी आईएएस जफर इकबाल की अहम भूमिका रही। रेहड़ी-फड़ी विकास समिति ने आईएएस जफर इकबाल को भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

### अशोक बने युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष



**अर्की।** यूथ कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज द्वारा संगठन के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए राज्य युवा कांग्रेस ने उन्हें जिला युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनाया है। इस नियुक्ति को लेकर अशोक भारद्वाज ने शीर्ष नेतृत्व प्रभारी विनीत कम्बोज, सह प्रभारी योगेश हांडा, हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी, अर्की के विधायक एवं सीपीएस संजय अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कश्यप,राज्य कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर, उपाध्यक्ष एवं शिमला लोकसभा प्रभारी अखिल अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष व प्रभारी सोलन राहुल चौहान, जिला युवा अध्यक्ष अमित ठाकुर, राज्य महासचिव भीम सिंह ठाकुर, राज्य सचिव शशिकांत एवं समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

### कंप्यूटर शिक्षक संघ करेगा लोस चुनाव का बहिष्कार

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ ने कंप्यूटर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान न होने पर आने वाले लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अगर कंप्यूटर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित सब कमेटी आगामी बैठक में कोई नीतिगत फैसला नहीं करती है तो राज्य भर के कंप्यूटर शिक्षक अपने परिवारों सहित आने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ उम्मीद करता है कि छह फरवरी को होने वाले सब कमेटी की बैठक में कंप्यूटर शिक्षकों के हक में कोई नीतिगत फैसला लिया जाएगा। इस मौके पर महासचिव सुषमा ठाकुर, उपाध्यक्ष राजेश पटियाल व नरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

### हाटी योद्धा जीत सिंह कठवाड़े का निधन

**पांवटा साहिब।** सिरमौर के ट्रांसगिरी क्षेत्र के हाटी योद्धा जीत सिंह का निधन हो गया। उनकी उम्र 72 वर्ष थी। इस दुखद खबर पर पूरा क्षेत्र गमगीन है। वहीं, केंद्रीय हाटी समिति ने भी अपने संवेदना व्यक्त की है। केंद्रीय हाटी समिति के अध्यक्ष डॉ. अमीचंद कमल और महासचिव कुंदन सिंह शास्त्री ने प्रेसवार्ता में कहा कि जीत सिंह जीत सिंह कठवाड़े केंद्रीय हाटी समिति के फाउंडर सदस्य व लंबे समय तक महासचिव के पद पर रहे। लंबी बीमारी के बाद उनका नाहन में देहांत हो गया। उन्होंने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र के कठवाड़ निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता जीत सिंह का हाटी समुदाय को जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए किए गए संघर्ष में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। जीत सिंह गांव गांव जाकर गिरिपार क्षेत्र के लोगों को एसटी होने के फायदे बताते रहते थे। लोगों को इस मुहिम में जोड़ने का काम किया। हाटी के मुद्दे को आगे बढ़ाने का काम किया। आंदोलन को मंजिल तक पहुंचाने में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता।

## संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का निपटारा कर रही सुक्खू सरकार : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डा. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाने के लिए कार्य कर रही है। वह सोमवार को यहां जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डा. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त अधोसंरचना सृजन करने के साथ-साथ स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में घर-द्वार के समीप बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर बल दे रही है। प्रदेश के 69 चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों को प्रथम चरण में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान का दर्जा दिया गया है और इनमें


जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री।

छह-छह विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त किए जा रहे हैं।

जिला स्तरीय शिकायत निवारण की आज की बैठक में 53 मदों पर चर्चा कर इनका निपटारा किया गया। डॉ. शांडिल ने कहा कि नागरिक अस्पताल नालागढ़ में शीघ्र ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर दी जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मपुर में अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चकोता धारकों को मालिकाना हक प्रदान किए जाने के मामले तीन माह में निपटाने के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने वर्तमान में बेसहारा शवानों और अन्य बेसहारा पशुओं की समस्या के निराकरण के लिए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने इस अवसर पर कहा कि यह बैठक अपने निर्धारित समय पर नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए समयबद्ध कार्य किया जा रहा है। सभा की बैठक समाप्त होने पर सभी पारित प्रस्तावों की जानकारी सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर एक प्रति उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित की जाए।

## 70 साल में वाल्मीकि समाज की राजनीतिक दलों ने की अनदेखी : भारती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति महासंघ ने सोलन में शिमला संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि समाज की सभा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष तरसेम भारती ने की। भारती ने कहा कि प्रदेश में पिछले 70 वर्षों में वाल्मीकि समाज की राजनीतिक दलों द्वारा अनदेखी की गई, वहीं अन्य अति दलित जातियों को भी प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इसका परिणाम प्रदेश वाल्मीकि समाज आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां यह सामाजिक वर्ग, राजनीतिक तौर पर पिछड़ा है, वहीं दूसरी ओर यह वर्ग समाज में समान आर्थिक तौर पर भी कमजोर हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए महासंघ ने यह निर्णय लिया है कि प्रदेश के वाल्मीकि समाज एवं अन्य अति-दलित जाति को एकजुट किया जाएगा। इसके प्रथम चरण में वाल्मीकि समाज का सम्मेलन होगा


बैठक को संबोधित करते तरसेम भारती तथा बैठक में उपस्थित लोग।

उसके उपरांत अन्य अलि वलित समाज को एकजुट किया जाएगा। भारती ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, योजना को सफल बनाने वाला वाल्मीकि समाज का सफाई मजदूर है जो रात-दिन काम करके पूरे देश को स्वच्छ रखता है परंतु यह बहुत दुख ही बात है कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां सफाई का काम ठेके पर करवाया जाता है।

उन्होंने कहा कि यहां पर ठेकेदारों के द्वारा कम मजदूरी पर 12 घंटे काम करवा कर सफाई मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर यह वाल्मीकि समाज भूमिहीन कि आज भी गंदे नालों के समीप झोंपड़ी बना कर गुजर-बसर कर रहे हैं और आवासहीन हैं।

तरसेम भारती ने कहा कि पूरे समाज को सोशल मीडिया से जोड़ने एवं इस वर्ग की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल सरकार से मिलेगा और सभी समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर वाल्मीकि सभा सोलन के सोलन प्रेम चंद मट्टू, नाहन इकाई के उपप्रधान प्रदीप सलहोटा, शिमला के पार्षद बिट्टू पाणा और पूर्व पार्षद व वाल्मीकि सभा शिमला की महसचिव शिमला रजनी भी मौजूद रही।

# औद्योगिक इकाइयों में हादसों को रोकने के लिए बनेगी टास्क फोर्स

## उद्योग मंत्री ने लिया घटनास्थल का जायजा, कहा-अंतिम व्यक्ति की खोज तक जारी रहेगा सर्च ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी स्थित एनआर अरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड के चौथे दिन उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने घटनास्थल का जायजा लिया। उद्योग मंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। चौहान ने कहा कि इस हादसे से सबक लेकर प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस कंपनी जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जल्द ही विभिन्न विभागों की टास्क फोर्स बनाकर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में स्थापित उद्योगों का निरीक्षण किया जाएगा, ताकि उद्योगों में कामगारों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

हर्षवर्धन चौहान सोमवार को बद्दी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस दुखद घटना से आहत हैं और उन्होंने इस मामले में समुचित कार्रवाई के निर्देश पहले ही जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह दुखद घटना के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के उद्योगों में काम कर रहे श्रमिक सुरक्षित रहें और प्रदेश का पर्यावरण संरक्षित हो।


उद्योग मंत्री सोमवार को घटनास्थल का जायजा लेते हुए।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि बद्दी के झाड़माजरी स्थित कंपनी में यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना एनआर एरोमा उद्योग की आपराधिक लापरवाही के कारण घटित हुई है।

उक्त कंपनी ने कामगारों एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्थापित किए जाने वाले सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया है। इस अवसर पर सीपीएस राम कुमार चौधरी, निदेशक उद्योग राकेश प्रजापति, पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफरोज, एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल, बीबीएनडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी तोमर समेत कई मौजूद रहे।

**क्षमता के अनुसार होगा भंडारण :** हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि टास्क फोर्स विभिन्न उद्योगों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करेगी कि डीजल, पेट्रोल, अल्कोहल और केमिकल का भंडारण क्षमता के अनुसार ही हो। उन्होंने कहा कि अति ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण उत्पादन क्षेत्र में करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर सभी उद्योगों का फायर ऑडिट किया जाए और यह सुनिश्चित बनाया जाए कि सभी उद्योगों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हों। सभी उद्योगों में सुरक्षा की दृष्टि से चार निकासी द्वार और फोल्डेबल सीढ़ियां स्थापित होनी चाहिएं ताकि आपदा की स्थिति में कामगारों को बाहर निकलने का सुरक्षित रास्ता मिल सके।

### कंपनी मालिकों के खिलाफ हो रही कार्रवाई

**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और कंपनी के मालिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के लिए उत्तरादायी किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी के प्रबंधक को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया है और अन्य दोषियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### जहरीली गैसों का प्रभाव अभी तक

उन्होंने कहा कि वर्तमान में आग के कारण कंपनी परिसर कमजोर हो गया है और रसायनयुक्त कार्य होने के कारण जहरीली गैसों का प्रभाव भी है। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य अंतिम व्यक्ति की खोज तक जारी रहेंगे और एनडीआरएफ की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ राहत एवं बचाव कार्य कर रही है।

## पांवटा में बना यमुना रिवरफ्रंट नेचर पार्क, हर्षवर्धन ने किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

उद्योग, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सिरमौर जिला के प्रवास कार्यक्रम के दौरान पांवटा साहिब में गुरुद्वारा साहिब के समीप यमुना रिवरफ्रंट नेचर पार्क का उद्घाटन किया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा वन विभाग के माध्यम से 24 लाख की लागत से निर्मित इस पार्क को क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए बनाया गया है, जहां बच्चे, बुजुर्ग तथा अन्य वर्ग के लोग घूम फिर सकते हैं तथा व्यायाम भी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वनों का होना पर्यावरण तथा हम सबके जीवन के लिए अति आवश्यक है, इसके लिए हम सब को मिलकर वन क्षेत्रों के संरक्षण और विकास के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर यमुना रिवरफ्रंट नेचर पार्क के निर्माण में बेहतर कार्य के लिए उद्योग मंत्री ने प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक किरनेश जंग, एसडीएम पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा, डीएसपी अदिति सिंह, वन मण्डल अधिकारी ऐश्वर्या राज, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पांवटा अश्विनी शर्मा, असगर अली निदेशक जोगिंद्रा बैंक सहित अन्य उपस्थित थे।


रिवरफ्रंट नेचर पार्क में हाथी के साथ फोटो खिंचवाते उद्योग मंत्री व अन्य।

**लापरवाही** बीबीएन में उद्योगों के पास फायर एनओसी के सिर्फ कागज, हाईटेक यंत्र नहीं

## उद्योगपतियों की लापरवाही कामगारों पर पड़ रही भारी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में उद्योगपतियों की लापरवाही कामगारों पर भारी पड़ती हुई नजर आ रही है। अब तक कई मामलों उद्योगों के आग लगने के सामने आ चुकी है जिसमें कई लोग घायल भी हुए। बीबीएन में कई उद्यमियों ने करोड़ों का निवेश कर उद्योग तो स्थापित कर लिया है, लेकिन उनमें आगजनी जैसी घटनाओं से बचने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं।

कई विभागीय सर्वेक्षणों में सामने आ चुका है कि कई उद्योग बिना एनओसी के चल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। यही वजह रही है कि जब आगजनी की कोई घटना घटती है, तो उद्योगों में स्थितियां विस्फोटक बन जाती हैं।

बीते शुक्रवार झाड़माजरी में एनआर अरोमा कंपनी में हुए भीषण


झाड़माजरी में जली हुई एनआर एरोमा इंडस्ट्री।

अग्रिकांड में जो खुलासे हुए हैं, उसमें सामने आया है कि कंपनी परिसर में आगजनी की घटना से निपटने के इंतजाम भी महज कागजी ही थे।

**बीबीएन में दो हजार से अधिक उद्योग:** बीबीएन में 2200 से ज्यादा उद्योगों में से ज्यादातर के पास अग्रिशमन विभाग की एनओसी ही नहीं है या फिर एनओसी का रिन्यूअल ही नहीं करवाया।

बीबीएन के उद्यमी सुरक्षा इंतजामों को लेकर कितने संजीदा है, उसकी पोल गत वर्षों में हुए सर्वेक्षण के आंकड़े बखूबी खोल रहे हैं। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में ऐसे 400 से ज्यादा उद्योग सर्वेक्षण में सामने आए थे, जो अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना चल रहे हैं। सोलन जिले में संचालित लगभग 4000 औद्योगिक इकाइयों में से 462 के पास अनिवार्य फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था।

अग्निशमन विभाग ने 2021 में बीबीएन औद्योगिक क्षेत्र में घटी कई आग की घटनाओं के बाद हरकत में आते हुए एहतियातन सभी इकाइयों का सर्वेक्षण किया था। उस दौरान होम गार्ड के तत्कालीन कमांडेंट ने आगामी कार्रवाई के लिए बीबीएन विकास प्राधिकरण के अलावा उद्योग व पुलिस विभाग को पत्र लिखा था, क्योंकि दोषी उद्योगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए एचपी फायर एक्ट में कोई दंडात्मक प्रावधान नहीं है। इसके बाद भी कोई प्रभावी कदम उठते नहीं दिखे।

### टीसीपी नियमों की उड़ी धज्जियां

भीषण आग में जलकर राख हुई परफ्यूम फैक्टरी के पास वैध फायर एनओसी है, लेकिन क्या इसके उपकरण वहां निर्मित और उपयोग किए जा रहे उत्पादों की ज्वलनशील प्रकृति के अनुरूप थे, इसकी जांच नहीं की गई है। वैकल्पिक निकास के रूप में प्रत्येक मंजिल पर सीढ़ियों की अनुपस्थिति, समान निकास और प्रवेश बिंदू होने और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए ड्रिल की कमी सामने आई है। टीसीपी मानदंडों की भी उल्लंघन सामने आई है।

## नौणी विवि की तीन महिला वैज्ञानिकों ने तैयार किए पर्यावरण प्रेमी प्रोडक्ट


फ्लोरल फ्रेम एवं पेन, हर्बल गुलाल किया लॉन्च।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पुष्प एवं भू-सौंदर्य विभाग के तीन वैज्ञानिकों डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. सुमन भाटिया और डॉ. सपना कौशल ने असम कृषि विश्वविद्यालय गुवाहाटी में हाल ही में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन के दौरान पुष्प एवं भू-सौंदर्य विभाग के वैज्ञानिकों ने ऑल इंडिया को-ऑर्डिनेटिड रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत किए गए विभिन्न कार्यों और अनुसंधानों को प्रस्तुत किया।

इस दौरान विभाग द्वारा इस परियोजना के तहत बनाए गए तीन मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे फ्लोरल फ्रेम, फ्लोरल पेन एवं हर्बल गुलाल को लॉन्च किया गया। फ्लोरल फ्रेम एक दीवार पर सजाने वाला बॉक्स है जिसमें विभिन्न प्रकार के शुष्क फूलों का उपयोग किया जाता है।

फ्लोरल पेन को बनाने में विभिन्न प्रकार के शुष्क फूलों की पंखुड़ियां का प्रयोग किया जाता है। यह पेन पर्यावरण हितेषी और बायोडिग्रेडेबल है। हर्बल गुलाल को फूलों की पंखुड़ियां से तैयार किया जाता है। गेंदा, गुलाब इत्यादि से रंग निकालकर अरारोट पाउडर को रंगा जाता है। यह हर्बल गुलाल मुलायम और अत्यंत पर्यावरण हितैषी है।

इन उत्पादों को बनाने की विधि सरल है और इन्हें कम लागत में बनाया जा सकता है। यह भूमिहीन किसानों, महिलाओं, बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए एक रोजगार का साधन हो सकता है और उनकी आमदनी का एक मुख्य स्रोत बन सकता है।

# निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के मजदूर विरोधी आदेशों के विरुद्ध धरना सात को

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के मजदूर विरोधी आदेशों के विरुद्ध सात फरवरी को धर्मशाला में संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति (जिला कांगड़ां) धरना प्रदर्शन करेगी। उक्त जानकारी देते हुए इंटक के जिला प्रधान व सयुंक्त समिति के जिला प्रधान सजंय सैनी व इंटक नेता विनोद चौधरी ने बताया कि मजदूर यूनियनों के 40 वर्ष के संघर्ष के बाद मिली निर्माण कामगारों की समाजिक सुरक्षा खतरे में है।

सभी भवन एवं अन्य निर्माण कामगार व असंगठित मजदूर साथियो के हितों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 23 दिसंबर, 2023 को सभी यूनियनें अपने अपने जिलों में मिल कर प्रदेश के जिलाधिशों के माध्यम से मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री को ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन अभी तक सरकार का रुख मजदूरों के खिलाफ है और हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने कोई सकरात्मक कारवाई नहीं की है। इसलिए सरकार व निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड को जगाने के लिए सात फरवरी को सुबह 11 बजे सभी निर्माण मजदूर अपना काम बंद करके गांधी पार्क नजदीक न्यू बस स्टैंड धर्मशाला में धरना प्रदर्शन करेंगे।

## भाली स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने दी जानकारी

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को मिलेगा इनाम

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूलों में आपसी प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित हर श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दस स्कूलों को राज्य स्तर तथा जिला स्तर पर पांच-पांच स्कूलों को पुरस्कृत किया जाएगा।

यह बात उन्होंने आज सोमवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत जीएसएस स्कूल भाली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए कई ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2050 उत्कृष्ट पाठशालाएं स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक व उपकरणों से सुसज्जित राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करवाने के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जिन विद्यालयों में अध्यापकों के पद रिक्त पड़े हैं उन्हें जल्द भरा जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करते कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

### कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं भी सुनी

**कृषि** मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल में हैंडपंप लगाने के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को स्कूल की अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य अनामिका चौधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इससे पहले, स्कूल स्टाफ तथा एसएमसी के सदस्यों ने कृषि मंत्री को स्मृति चिन्ह, शाल व टोपी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर कृषि मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**जल** शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा, नायब तहसीलदार कुविंद्र सिंह, एसएमएस ज्योति राणा, स्कूल प्रिंसिपल अनामिका चौधरी, एसएमसी प्रधान कुलदीप चंद, बीडीसी भरमाड़ कैलाश भारती, महिला कांग्रेस महामंत्री सरला देवी, कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिल राणा, जनरल सेक्रेटरी जतिंद्र जीतू, शिक्षण संस्थानों के अध्यापक, बच्चे, अभिभावक सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## छात्रा जैस्मिन का किया जोरदार स्वागत

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पीहड़ी की जैस्मिन ने 67वीं राष्ट्रीय स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के कडप्पा में 28 जनवरी से एक फरवरी तक आयोजित हुई। पीहड़ी स्कूल पहुंचने पर जैस्मिन का एसएमसी प्रधान, सदस्यों, माता शकुंतला देवी, अभिभावकों व स्कूल स्टाफ ने ढोल-नगाड़ों और हार पहना कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य राजकुमार ने ट्रॉफी देकर उसे सम्मानित किया। स्कूल के डीपीई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जैस्मिन का चयन अंडर-14 वर्ग की राष्ट्रीय स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ था। प्रतियोगिता में जैस्मिन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने युवाओं से अपील की कि वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भाग लें।

## न्यूज ब्रीफ

### 20 फरवरी तक दोबारा अपलोड करें दस्तावेज

**धर्मशाला।** डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा, सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रेस को जारी वक्तव्य में बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हि. प्र. राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च, 2024 में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा हेतु पंजीकृत परीक्षार्थियों की पात्रता की जांच करने पर पाया गया है कि अधिकतर परीक्षार्थियों के अपलोड किए गए दस्तावेज धुंधले है या पठनीय नहीं है। ऐसे परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों को वांछित दस्तावेज पुनः अपलोड करते हेतु राज्य मुक्त विद्यालय के अध्ययन केंद्रों को सूचित कर दिया गया है। इस विषय में समस्त राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्रों के समन्वयक उपरोक्त वर्णित दस्तावेज दिनांक 20 फरवरी तक ऑनलाइन अपलोड करें अन्यथा संबंधित परीक्षार्थियों का अनुक्रमांक जारी नहीं किया जाएगा।इसके लिए अध्ययन केंद्र के समन्वयक एवं प्रभारी जिम्मेदार होंगे।

### चैतड़ू-पास्सू में बताई सरकार की योजनाएं


नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जानकारी देते हुए कलाकार।

**गग्गल।** सोमवार को ग्राम पंचायत चैतड़ू एवं ग्राम पंचायत पास्सू में सूचना एवं लोक जनसंपर्क विभाग धर्मशाला के भागसू कला मंच ने वर्तमान सरकार दोबारा चलाई गई। जो की भिन्न-भिन्न प्रकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने ने बताया की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 27 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को 4000 मासिक पॉकेट मनी, कोचिंग के लिए एक लाख रुपए, लघु उद्योग लगाने के लिए दो लाख अनुदान और तीन बिस्वा भूमि और मकान निर्माण के लिए तीन लाख व विवाह के लिए दो लाख अनुदान होगा। यह कार्यक्रम गीत संगीत एव नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया।

### बरड़ाम क्लब ने जीता क्रिकेट मैच


क्रिकेट मैच खेलने से पहले टीमें मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

**डरोह।** विकासखंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा में मोल वैली युवक मंडल सांबा की ओर से सोमवार को सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया। इसमें लगभग 15 टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5,100 व उपविजेता टीम को 3,100 रुपए इनाम के रूप में दिए जाएंगे। साथ ही ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह भी भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि थल सेना से सेवानिवृत्त राजेंद्र सिंह थे। इस मौके पर उन्होंने क्लब को 2100 रुपए भेंट किए। पहला मैच हलदरा व बरड़ाम क्लब के बीच खेला गया, जिसमें बरड़ाम क्लब विजयी रहा।

### संजय सिंह चौहान ने सुनी लोगों की समस्याएं

**डरोह।** सलोह में एक भारी जनसभा को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता द्वारा रखे गए इस आम जलास में जो भी समस्याएं थीं वे मुख्यतः पेयजल तथा सड़क को लेकर थीं, जो पिछले कई वर्षों से लंबवत थीं। इन समस्याओं को अध्यक्ष ने यथासंभव मौके पर ही निपटा दिया। जो समस्याएं विभाग द्वारा निपटाई जानी थीं उन्हें तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया व निर्देश दिए गए कि इन समस्याओं का तुरंत हल कर दिया जाए।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर जनसुनवाई के दौरान लोगों ने रखे अपने-अपने पक्ष


कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार पर चल रही जनसुनवाई के दौरान लोगों की आपत्तियां दर्ज करते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, गग्गल**

कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार पर चल रही जनसुनवाई के दौरान सोमवार को कांगड़ा के तहसीलदार मोहित रतन ने सनोरा पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस आर एंड आर, राहत एवं पुनर्वास प्लान के दौरान लोगों को छह मरले की जमीन दी जाएगी।

वहीं, प्रभावित लोगों के लिए जमीन मंदल, कोहला, चैतड़ू, जलाड़ी, चोंधा आदि में देख रखी है। जहां पर लोगों को छह मरले मकान के लिए जमीन दी जाएगी। इस बार स्थानीय लोगों ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि हमें छह मरले जमीन नहीं चाहिए क्योंकि हमारे पास गोशाला के लिए भी जमीन चाहिए।

इस पर तहसीलदार ने कहा कि आप अपनी-अपनी आपत्तियां कागज पर लिखकर यहां दर्ज करवा सकते हैं और इन आपत्तियों को आर एंड आर कमेटी के समक्ष रखा जाएगा और उस पर अमल किया जाएगा। जनसभा के दौरान बहादुर सिंह व जगदीश चंद ने कहा कि इस से पहले भी हम एयरपोर्ट विस्तार के बारे में अपनी आपत्तियां दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन जिनकी सुनवाई आज तक नहीं हुई। इस पर तहसीलदार ने कहा कि आज आप अपनी आपत्तियां दर्ज करवाए और जल्द इसका निवारण होगा। इस अवसर पर आर एंड आर एक्सपर्ट सुरेंद्र परमार, पंचायत प्रधान सुनीता देवी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## गलू से मिला लापता व्यक्ति

**मैक्लोडगंज।** जिला के पुलिस थाना मैकलोड़ गंज के तहत एक केरल के पर्यटक के त्रियुंड में लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार यह तिब्बती त्रियुंड घूमने गया था। इस तिब्बती के होटल न लौटने के चलते होटल वालों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस थाना मैक्लोडगंज से दो पुलिसकर्मी उक्त पर्यटक की तलाश में रवाना हुए तथा गलू नामक स्थान में उक्त पर्यटक को तलाश लिया गया। पर्यटक की पहचान केरल निवासी 25 वर्षीय अनूम के रूप में हुई है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ मैक्लोडगंज विनोद शर्मा ने बताया कि पुलिस को पर्यटक के लापता होने की सूचना मिली थी। इसके बाद तलाश के दौरान गलू में उसे पाया गया तथा सुरक्षित होटल पहुंचाया गया। उन्होंने सैलानियों तथा स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि बर्फबारी के दौरान ट्रैकिंग पर जाने से परहेज करें, ताकि वह सुरक्षित रहें।

# डीएवी स्कूल तियारा के छात्रों ने सीखे आपदा से बचने के गुर

**अनंत ज्ञान, गग्गल**


छात्रों को आपदा से बचने के गुर सिखाते कर्मचारी।

डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के आठवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ आपदा प्रबंधन से निपटने के गुर सीखे। अग्नि शमन विभाग से सुरिंद्र कुमार एवं उनकी तीन सदस्यों की टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि कोई भूकंप आए या कभी आग लग जाए तो उस आपदा से कैसे बचना और औरों को भी कैसे बचाना है। इसके अलावा विद्यार्थियों को आग बुझाने वाले यंत्रों के बारे में भी बताया गया।

उन्हें कैसे उपयोग में लाते हैं वो भी अग्नि शमन की टीम ने बताया। सीपीआर कैसे देते हैं और किस प्रकार से पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर लाने के गुर से भी अवगत करवाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों तेजस, सुम्मुख, अक्षित, शिवम, वीरेश, देवन, अक्षिता ने टीम से कुछ एक प्रश्न भी पूछे। प्रधानाचार्या एकता अत्तरी ने बताया कि विद्यार्थियों को आपदा में निपटने के गुर से अवगत करवाने हेतु इस गतिविधि को करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल एकता अत्री ने बताया कि स्कूल में इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास होता है।

## बठरा स्कूल में सालाना समारोह की धूम

**डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बठरा स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया तथा तदोपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। इसके बाद बच्चों ने भांगड़ा, नाटी, गिद्दा, लघुनाटक, सहित पहाड़ी, देशभक्ति और पंजाबी गीतों पर मनमोहक नृत्य पेश किए। इस दौरान बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं, गीत पर छात्राओं ने खूब समां बांधा तथा देशभक्ति गीत पर दी गई प्रस्तुति को देखकर सभी दर्शक भावुक हो गए। वहीं, इस दौरान प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छाए शांतनु-गुंजन

**अनंत ज्ञान, देहरा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला देहरा द्वारा पांच नवंबर 2023 को जिला में आयोजित हुई स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया है। कोरोना काल से पूर्व प्रतिवर्ष विद्यार्थी परिषद छात्रों की प्रतिभा को मंच देने हेतु हर वर्ष इस परीक्षा का आयोजन करती थी तथा कोरोना के बाद वर्ष 2023 में पहली बार इस परीक्षा का आयोजन किया गया था।

इसमें प्रदेश भर के 23534 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था तथा 17524 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस परीक्षा में प्रदेश स्तर पर क्रमशः 31000, 21000, 15000 व 5000 के पांच सांत्वना पुरस्कार प्रदेश स्तर पर वितरित किए। इसी के साथ संगठनात्मक जिला देहरा में इस परीक्षा में 1026 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया था व 812 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में देहरा जिला में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं, देहरा स्कूल के शांतनु प्रथम स्थान पर रहे, द्वितीय स्थान पर देहरा की गुंजन व तृतीय स्थान आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल परागपुर की रुद्राक्षी राणा ने झटका है। जिला भर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले इन छात्रों को विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला देहरा भी जिला स्तर पर 11000, 7100 व 5100 के नकद पुरस्कारों के साथ सम्मानित करेगा।

इसी के साथ परागपुर से अंकित कुमार, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रागपुर से अर्शिया, नगरोटा सूरियां से राम सिंह गुलेरिया और देहरा से गरिमा तथा परागपुर से आदित्य को एक एक हजार के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य रूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि जल्द ही विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला देहरा स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह करेगा।

# काशवी मिस एंड केतव सोढ़ी मिस्टर रेनबो

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**


कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ स्टाफ सदस्य सामूहिक चित्र में।

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में सोमवार को 12वीं कक्षा के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप व मीनाक्षी कश्यप, एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजर मधु चौधरी व अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे। इस विदाई समारोह में छात्रों के लिए सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों की बौद्धिक कुशलता व व्यक्तित्व को परखने का दौर चला। जिस में हिस्सा लेते हुए केतव सोढ़ी को मिस्टर रेनबो व काशवी को मिस रेनबो के खिताब से नवाजा गया। अनित्य को मिस्टर पर्सनेलिटी व कशिश को मिस पर्सनेलिटी चुना गया। धैर्य को मिस्टर जीनियस व हिताक्षी को मिस जीनियस के खिताब से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका स्कूल शिक्षिका चंदा ठाकुर व सीमा शर्मा ने निभाई। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने छात्रों को जागरूक किया।

## गायक सौरव की अपील, हेल्मेट पहनकर ही करें ड्राइविंग

**डाडासीबा।** लोक गायक सौरव शर्मा ने लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की है। उनका कहना है कि वाहन चलाते हुए कई दफा लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। यदि हम यातायात नियमों का पालन करें तो हादसों से होने वाले नुकसान को कुछ कम किया जा सकता है। सौरव के अनुसार अब लगभग हर घर में बाइक, स्कूटी और या कार है। कई बार बाइक-स्कूटी चलाते समय लोग खास कर युवा हेल्मेट का प्रयोग नहीं करते। यदि हम हेल्मेट पहनकर दोपहिया चलाएं तो कोई हादसा होने पर नुकसान कम होता है। इसलिए हमेशा हेल्मेट पहनकर ही टू-व्हीलर चलाना चाहिए। पीछे बैठी सवारी को भी सुरक्षा के लिए हेल्मेट का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन से इलाकों में बाइक-स्कूटी हादसे के ज्यादा शिकार हुए हैं। इसमें कई युवा जान गंवा चुके हैं। इसके अलावा कार में सफर करते समय लोग सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सविता और वीना ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश वन विभाग की और से पौंग डैम में मनाए गए वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के मोनाल क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वन विभाग की ओर से इस मौके पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, क्रॉस वर्ल्ड बर्ड वाचिंग और बर्ड फोटोग्राफी आदि प्रमुख रहीं। मोनाल क्लब के सदस्यों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा दिखाई और पुरस्कार हासिल किए।

इस मौके पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार सविता एवं वीना ने जीता । वहीं, तृतीय पुरस्कार तनवी एवं मीनल ने जीता, क्रॉसवर्ड में प्रथम स्थान पर तनवी, तृतीय पर वीना रही। वहीं, बर्ड वाचिंग में नेहा, इशानी, योगिता, सपना, अमित रुबीना ने द्वितीय पुरस्कार जीता। इन सभी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल और डीन अकादमीक प्रो. प्रदीप कुमार सहित स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के विशेषज्ञों की पूरी टीम को हार्दिक बधाई। वहीं, विभागाध्यक्ष जंतु विभाग प्रो. सुनील ठाकुर, डॉ. राकेश ने विजेताओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

वहीं, वेटलैंड में 85 प्रजातियों के कुल 83,555 पक्षियों की गिनती की गई, जो पक्षियों के जीवन को प्रभावित करने वाले कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया को दर्शाता है। ई. विक्रम, मुख्य संरक्षक, रॉयस्टन, उप वन्यजीव संरक्षक और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. राकेश ठाकुर की विशेषज्ञ राय इस गिरावट के पीछे संभावित कारणों पर प्रकाश डालती हैं। उनका सुझाव है कि प्रवासी पक्षियों की कम संख्या का कारण उनके मूल आवासों में तापमान वृद्धि का रुझान हो सकता है, जो पक्षियों को उपयुक्त परिस्थितियों और भोजन की तलाश में पलायन करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## गुड न्यूज — धर्मशाला लायंस क्लब में हुए कार्यक्रम के दौरान विधायक ने दी सौगात

# सुधीर शर्मा ने लाभार्थियों को बांटे 31 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने सोमवार को चार योजनाओं के 99 लाभार्थियों को 31 लाख रुपए से ज्यादा की राशि वितरित की। धर्मशाला के लायंस क्लब में बाल विकास परियोजना के कार्यक्रम में सुधीर शर्मा ने धर्मशाला हलके की जनता से आह्वान किया कि वह उनके तीनों कार्यालयों में अपनी समस्याओं को रखें।

हिमाचल में अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए तीन विधायक खोलने वाले एकमात्र एमएलए सुधीर शर्मा ने कहा कि ये आफिस आमजन की सुविधा के लिए खोले गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा आगे कहा कि इन लाभार्थियों के दस्तावेज समय पर पूरा करके तमाम प्रक्रिया को पूरा करके समय पर यह राशि दी जा रही है। योजनाओं का सही मायने में लाभ तभी होता है, जब पात्रों को समय पर यह राशि मिले। लायंस क्लब में हुए कार्यक्रम में सुधीर शर्मा ने बेटी है अनमोल, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, विधवा विवाह के लाभार्थियों को ये चेक व फिक्स डिपोजिट के रूप में सहायता राशि। कार्यक्रम में शगुन योजना के तहत 64 लाभर्थीयों को 1984000 रुपए 31000 प्रति लाभार्थी दिए गए। इसी तरह मुख्यमंत्री कन्या दान योजना में 14 लाभार्थीयों में 51000 प्रति लाभार्थी की दर से 714000 रुपए के चेक बांटे गए। इसके अतिरिक्त बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत भी 21 लाभार्थीयों को 410000 रुपए की 21000 रुपए प्रति लाभार्थी की दर से दिए गए। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में कुपोषित बच्चों के लिए मिशन भरपूर अभियान भी आरंभ किया गया है तथा इस अभियान के तहत जिला में 940 के करीब कुपोषित बच्चों को हर दिन पौष्टिक तत्वों से युक्त चाकलेट बॉर उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला ब्लॉक की 162 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से इस अभियान को चलाया जा रहा है, ताकि कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। वहीं, सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला शिक्षा, खेल और इवेंट कैपिटल के रूप में पहचान बना चुका है। यह सबके सामूहिक प्रयासों से हुआ है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी, नगर निगम के कार्यों की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। वहीं, सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्हें पता है कि विकास के लिए बजट का कैसे इंतजाम करना है। धर्मशाला में पंचायतों से लेकर शहर तक एकसमान काम चल रहे हैं। पंचायतों के लगातार विकास कार्यों के लिए राशि दी जा रही है।


कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक सुधीर शर्मा को सम्मानित करने का दौर।

# द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत के छात्रों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत के प्रशिक्षण और विकास सेल ने चार दिवसीय सशक्त (व्यक्तिगत विकास और रोजगार कौशल कार्यक्रम) का आयोजन किया। इसमें बीएड प्रथम और अंतिम वर्ष, बीसीए और बीबीए के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य रोजगार और एचपीटीईटी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए 21वीं सदी के कौशल में छात्रों को सशक्त और प्रशिक्षित करना था।

संदीप पुंज प्रबंध निदेशक अपटिक टेक्नोलॉजीज मुख्य वक्ता रहे। इसमें प्रथम दिन अपटिक टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक संदीप पुंज ने छात्रों को साक्षात्कार में सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल पर प्रशिक्षित किया। इसके बाद दुसरे सत्र में बीएड के बच्चों को सफलता के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता और महत्वपूर्ण सोच कौशल के बारे में बताया। वहीं, उन्होंने पेशेवर जीवन में भावनात्मक बुद्धिमत्ता के महत्व पर जोर दिया। तीसरे दिन व्यवसाय प्रबंधन की मूल बातें कारपोरेट जगत में खुद को आगे बढ़ाने के बारे में बताया। वहीं, असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल राणा द्वारा करियर की सफलता के लिए मस्तिष्क विज्ञान पर इंटरेक्टिव प्रशिक्षण सत्र के साथ हुई। उन्होंने दिमाग को बनाए रखने की शक्ति को बढ़ाने के लिए युक्तियों का प्रदर्शन किया। उन्होंने नदियों, देशों, राजधानियों और ऐतिहासिक तिथियों को याद करने के लिए व्यक्तिगत अर्थ प्रणाली पर भी चर्चा की।

# प्रदेश शिक्षा बोर्ड की छात्रवृत्ति को करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च-2023 में संचालित जमा दो कक्षा की परीक्षा के विज्ञान संकाय के 100, आर्ट्स तथा कॉमर्स के 100 व दसवीं कक्षा की परीक्षा के 400 मेधावी छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए योग्यता सूची, सहमति पत्र, बिल प्रपत्र बोर्ड की वेबसाइट स्टूडेंट कॉर्नर के स्कॉलरशिप लिंक पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

सूची में दर्शाए गए परीक्षार्थी, ऑनलाइन आवेदन, बिल प्रपत्र की असली प्रतियां बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, संस्था के मुखिया से सत्यापित करवाकर मूल रूप से पंजीकृत डाक के माध्यम से सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला-176213 के पते पर अंतिम तिथि से दस दिनों के भीतर बोर्ड कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि छह फरवरी से छह मार्च 2024 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा बताया है कि संबंधित संस्थानों के प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि नियमानुसार मेरिट कम मिंस स्कॉलरशिप एससी, एसटी व बैकवार्ड श्रेणी लिए आरक्षित छात्रवृत्ति को छोड़ कर अन्य परीक्षार्थियों को केवल एक ही विभाग या संस्था से छात्रवृत्ति देय होगी। इसके लिए सभी तथ्यों की जांच संबंधित प्रधानावार्य को छात्रों के सहमति पत्र, बिल प्रपत्र सत्यापित करने से पहले करनी होगी, ताकि छात्रवृत्ति एक ही विभाग, संस्था से प्रदान की जा सके। यदि परीक्षार्थी ने बोर्ड छात्रवृत्ति के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है, तो उसका विवरण हार्ड कॉपी में भी अवश्य दर्शाएं। भुगतान हेतु परीक्षार्थी की बैंक खाते व आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति हार्ड कॉपी के साथ अवश्य संलग्न करनी होगी।

### मझेरना (नागमोड़) में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

# किशोरी लाल ने मौके पर निटाई 72 समस्याएं

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए सरकार सोमवार को बैजनाथ के मझेरना (नागमोड़) पहुंची। मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल की अध्यक्षता में यहां सरकार गांव के द्वार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों की समस्याओं को सुना और कार्यक्रम में आई कुल 72 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

किशोरी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार लीक से हटकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन उपलब्ध करवाना ही सरकार की प्राथमिकता है। सीपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की बागडोर संभालते ही चुनावों में लोगों से किए वादों को पूरा करने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना की बहाली का ऐतिहासिक फैसला लिया। इससे प्रदेश एक लाख 36 हजार सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना में निराश्रित बच्चों की अभिभावक हिमाचल सरकार बनीं। इस योजना में प्रदेश के करीब चार हजार अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया और मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अनाथ बच्चों के लिए सरकारी योजना बनाने वाला देश में पहला राज्य बना। (अनंत ज्ञान)


कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनियों का अवलोकन करते विधायक किशोरी लाल।

## बैजनाथ के लोगों से किए वादे हो रहे पूरे

**किशोरी** ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के लोगों से चुनावों में जो वादे किए थे। उन्हें पूर्ण करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इसमें बैजनाथ के पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर के चार विशेष आरंभ किए गए हैं। वर्षों से बंद होस्टल को पुनः आरंभ किया गया। बैजनाथ बस डिपो से स्थानांतरित बसों को वापस लिया गया है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके में 80 प्रतिशत गांवों से पेयजल समस्या को हल कर दिया गया है और 20 प्रतिशत गांवों में भी पेयजल सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

## कार्यक्रम में 170 लोगों का स्वास्थ्य भी जांचा

**कार्यक्रम** में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इसमें 170 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। कार्यक्रम में सीपीएस ने मुख्यमंत्री शगुन योजना के 9 लाभार्थियों को 31-31 हजार के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

## ये रहे उपस्थित

**कार्यक्रम** में अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल, एससी सेल के संयोजक रविंद्र बिट्टू, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, महासचिव मुनीश गाबरु, रविंद्र राव, मझेरना पंचायत प्रधान मंजीत कुमार, सुरिंदर गाबरु, रमन कटोच, एसडीएम डीसी ठाकुर, सीएमओ सुशील शर्मा, राहुल धीमान, संजीव सूद सहित जिला के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## फार्मेसी कॉलेज नगरोटा में छात्रों को किया जागरूक

**नगरोटा बगवां।** युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की बढ़ती चिंता से निपटने के लिए एक सक्रिय पहल में, नगरोटा बगवां में सरकारी फार्मेसी कॉलेज ने आज एक कार्यशाला की मेजबानी की। क्रेयाश चैरिटेबल ट्रस्ट एनजीओ की संस्थापक डॉ. साक्षी सुपेहिया आज के सत्र में अतिथि वक्ता थीं। उन्होंने नशीली दवाओं के खतरे के बारे में चर्चा की जो आज के युवाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। उन्होंने नशे के चक्र के बारे में चर्चा की और उस दुष्चक्र को कैसे तोड़ा जाए। उन्होंने मौजूदा मिथकों और हस्तक्षेप स्पेक्ट्रम के कुछ तथ्यों को समझाया। नशीली दवाओं की डिलीवरी की लत के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-0031 है। सत्र में महाविद्यालय के व्याख्याताओं सहित लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे। उत्साहपूर्ण भागीदारी से चिह्नित इस कार्यशाला ने छात्रों और व्याख्याताओं के बीच एक खुली बातचीत की। कार्यशाला में फार्मेसी कॉलेज के टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ में कल्पना कश्यप, डॉ. सुनील तोमर, प्रीति शर्मा, रंजीत कौर, मीनाक्षी ठाकुर सभी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### महंगाई भत्ते की किस्त तुरंत की जाए जारी

**बैजनाथ।** राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष गुरदयाल सिंह कौंडल तथा उनकी समस्त कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व सरकार से मांग की है कि सरकार हिमाचल प्रदेश के समस्त कर्मचारियों व पेंशन भोगियों को महंगाई भत्ते की किस्त तुरंत प्रभाव से जारी की जाए तथा लोकसभा चुनाव से पहले सी एंड वी अध्यापकों के पद भरें जाएं, ताकि बच्चों की पढाई सुचारु रूप से चल सके। उन्होंने यह मांग भी की है कि एसएमसी अध्यापकों को भी सरकार नियमानुसार ठोस नीति बनाकर शीघ्र नियमित करें। क्योंकि इन अध्यापकों ने अल्प वेतनमान लेकर अपनी सेवाएं प्रदान की है। इन अध्यापकों ने अपने जीवन का कीमती समय सरकार को समर्पित किया है। सरकार से संघ का अनुरोध है कि इन अध्यापकों की सेवा नियमित कर दी जाए। सभी सी एंड वी अध्यापकों को जेबीटी अध्यापकों की तर्ज पर मुख्याध्यापक के पदों पर पदोन्नति दी जाए।

### बुरली कोठी में बताई सरकार की योजनाएं


बुरली कोठी पंचायत में लोगों को सरकार की योजनाएं बताते हुए कलाकार।

**बैजनाथ।** सोमवार को सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से वंशिका सांस्कृतिक युवा मंच के कलाकारों ने ग्राम पंचायत नोरी व नगर पंचायत के वार्ड बुरली कोठी में गीत संगीत व नाटक के माध्यम से वर्तमान सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में जानकारियां दी। इसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री सुख आसर्य योजना, हिम गंगा योजना, पुरानी पेंशन बहाली, सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम व अन्य कई योजना के बारे में बताया कार्यक्रमों में स्थानीय पंचायत के प्रधान, पंचायत सचिव व वार्ड सदस्य के अलावा लगभग गांव के 100 व 120 लोग उपस्थित रहे कलाकारों में राजेश हैप्पी, अरुण ठाकुर, बलदेव, परवीन, पंकज, अक्षय, राकेश, अरूण शर्मा, अनुपमा शाही, लक्ष्मी व सिमरन ने प्रस्तुतियां दी

### लोगों ने साइबर क्राइम के बारे में जाना



गोरालधार में लोगों को जागरूक करने का दौर।

**डाडासीबा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा कस्बा कोटला द्वारा सोमवार को जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत गोरालधार में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंध का अश्वनी कुमार ने लोगों को डिजिटल बैंकिंग, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट डेबिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन योजना, अटल पेंशन योजना, साइबर क्राइम व बैंक की अन्य योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक की ओर से शाखा प्रबंध व बैंक कर्मचारी पीसीसी दविंद्र सिंह ग्राम पंचायत और ग्राम पंचायत प्रधान नरेश कुमार पंचायत सदस्यों सहित इस मौके पर उपस्थित रहे।


नगरोटा बगवां। विकास खंड अधिकारी नगरोटा बगवां राजेश सिंह के कांगड़ा में स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विकास खंड कार्यालय नगरोटा बगवां के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## नूरपुर में तैनात डॉक्टर की मौत पर संघ ने जताया दुख

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की कांगड़ा इकाई की ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉक्टर यास्मीन नारियाल के निधन पर एसोसिएशन ने गहरा दुख जताया है। जानकारी के अनुसार वो नूरपुर के सिविल अस्पताल में कार्यरत थी तथा यहां हुई हिमाचल प्रदेश मेडिकल एसोसिएशन की एक बैठक में भाग लेने के उपरांत तलवाड़ा स्थित अपने घर लौट रही थी। इस दौरान जिस वाहन में वो सवार थीं वो वाहन हादसे का शिकार हो गया तथा उनकी मौत हो गई। संघ के कांगड़ा इकाई के महासचिव डॉक्टर उदय सिंह ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के प्रति संघ की हार्दिक संवेदना है। मेडिकल क्षेत्र में डॉ. नारियाल का योगदान वास्तव में उल्लेखनीय था, और उनकी क्षति उन सभी को गहराई से महसूस होगी जिन्हें उन्हें जानने का सौभाग्य मिला है।

## आवारा बैल ने मार डाला बुजुर्ग

**जवाली।** उपमंडल जवाली के अधीन पंचायत लुधियाड़ में एक व्यक्ति की आवारा बैल के मारने से मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। मृतक की पहचान प्रकाश चंद (85) पुत्र जैसी राम निवासी दरकाटी (लुधियाड़) के रूप में हुई है। पंचायत प्रधान मीना देवी ने बताया कि पिछले शनिवार को प्रकाश चंद अपने घर के आंगन में बैठा था कि अचानक आवारा बैल ने हमला बोल दिया तथा उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसी समय उसे जवाली अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। इसकी पिछले कल मौत हो गई। पंचायत प्रधान मीना देवी ने कहा कि काफी निर्धन परिवार है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उक्त पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। वहीं, उपमंडल जवाली के अधीन पंचायत लुधियाड़ में एक व्यक्ति की आवारा बैल के मारने से मौत हो गई है।

# कलोहा में आवारा सांड ने बच्चे को किया लहूलुहान

**अनंत ज्ञान, गरली**



इन दिनों उपमंडल देहरा के अंतर्गत भिन्न-भिन्न इलाकों में आवारा पशुओं का आतंक स्थानीय ग्रामीणों की जिंदगी पर भारी पढ़ने लगा है। ऐसा ही एक ताजा मामला गरली के निकटवर्ती गांव कलोहा में सामने आया है।

यहां बाजार से गुजर रहे एक 11 वर्षीय मासूम बच्चे पर अचानक आवारा सांड ने बुरी तरह हमला बोलकर लहूलुहान कर डाला। आवारा सांड का हमला उपरोक्त बच्चे की जिंदगी पर भारी पड़ सकता था, लेकिन बहां दुकानदारों ने अपनी जान की बाजी लगाकर पीड़ित बच्चे को उपरोक्त सांड के चुगल से छुड़ाया। वहीं, यह कलोहा बाजार में कोई नया मामला नहीं है इससे पहले भी यहां सड़क पर घूम रहे आवारा सांड 12 से 15 पैदल राहगीरों पर हमला बोलकर अस्पताल पहुंचा चुके हैं। पीड़ित मासूम बच्चें के पिता राहुल ने बताया जैसे ही उनका बेटा दुकान से घर की तरह आने लगा तो आवारा सांड ने बच्चे पर हमला कर दिया। उधर, स्थानीय लोगों ने भी बताया कि आवारा सांड के चलते घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। यह आवारा सांड अब तक कलोहा में दो दर्जन से भी ज्यादा लोगों को घायल कर चुका है। स्थानीय लोगों मोनिका, अभिनव, सदला देवी, ज्योति देवी, राधा देवी, राहुल व अन्य लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि शीघ्र से शीघ्र इस सांड को पकड़ा जाए और उन्हें निजात दिलाई जाए।

## जेएनवी की प्रवेश परीक्षा दस को

**धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के लिए लेटरल चयन परीक्षा नवमीं तथा दस जमा एक कक्षा के लिए दस फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है वे अपना परीक्षा प्रवेश पत्र आनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिना प्रवेश पत्र के किसी को भी परीक्षा में बैठने की इजाजत नहीं दी जाएगी इसलिए परीक्षा से पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें ताकि किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी तरह की दिक्कत हो तो जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के कार्यालय में किसी भी दिन संपर्क कर सकते हैं। वहीं, जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के लिए लेटरल चयन परीक्षा नवमीं तथा दस जमा एक कक्षा के लिए दस फरवरी को आयोजित की जाएगी।

# पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, देहरा**

बीजेपी के संसदीय प्रभारी व जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दो दिवसीय कांगड़ा दौरे को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरे से कार्यकर्ताओं में भारी जोश और उत्साह देखने को मिला। वहीं, कांग्रेस कि प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 14 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में भाजपा प्रदेश सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार की पिछले 15 महीने की कारगुजारियों पर सवाल उठाए जाएंगे। कांग्रेस सरकार से पूछा जाएगा कि उसने इस दौरान क्या हासिल किया है। बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में विकास रुका हुआ है।

राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर और झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि



सरकार की कोई दिशा नहीं है। यह भी कहा कि सरकार के नुमाइंदों और विधायकों में आपसी तालमेल नहीं है।

बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा विधानसभा सत्र में इन सभी मुद्दों पर सरकार को घेरेंगी। सरकार को जनता के जवाब देने होंगे। बिक्रम सिंह ठाकुर ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले 15 महीने में कुछ भी हासिल नहीं किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा विधानसभा सत्र में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरेंगी।

# टांडा मेडिकल कॉलेज में हुई सिंगल-पोर्ट लेप्रोस्कोपिक हर्निया की सफल सर्जरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आम जनता तक सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए डॉ राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलज टांडा प्रयासरत है। अच्छे ईलाज के लिए आम लोगों को प्रदेश से बाहर न जाना पड़े, इसके लिए टांडा मेडिकल कॉलेज मरीजों को अधिकतम सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। संस्थान पहले से ही प्रदान की जा रही सेवाओं के स्पेक्ट्रम में लगातार इजाफा कर रहा है। यह बात टांडा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भानु अवस्थी ने सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग को सर्जिकल प्रक्रियाओं का दायरा बढ़ाने के लिए बधाई देते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का निरंतर समर्थन एवं प्रोत्साहन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के मार्गदर्शन और कैबिनेट रैंक, पर्यटन विभाग आरएस बाली के प्रयास के चलते तीन फरवरी को सर्जरी विभाग में बच्चों के लिए सिंगल-पोर्ट लेप्रोस्कोपिक हर्निया की सफल सर्जरी की गई। विभाग के अनुसार 12 साल के बच्चे में वंक्षण हर्निया के लिए सिंगल पोर्ट लेप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी की गई।



उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया कम समय में की जाती है। इसमें दर्द कम होता है और रक्त की हानि भी कम होती है और निकटवर्ती महत्वपूर्ण संरचनाओं को चोट लगने का जोखिम भी कम होता है। चूंकि केवल एक पोर्ट की आवश्यकता होती है, इस तकनीक के कॉस्मेटिक परिणाम भी बेहतर होते हैं। ऑपरेशन के बाद का दर्द भी तुलनात्मक रूप से कम होता है, जिससे जल्दी और तेजी से रिकवरी एवं डिस्चार्ज होता है। यह मरीजों के लिए इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि यह लागत प्रभावी भी है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है कि इस तकनीक का प्रयोग डॉ. राजेंद्र प्रदास मेडिकल कॉलेज टांडा में किया गया है।

## दो दिन में ही मरीज को दे दी छुट्टी

**आमतौर** पर ऐसी सर्जरी के लिए तीन पोर्ट की आवश्यकता होती है। हालांकि यह सर्जरी केवल सिंगल पोर्ट का उपयोग करके पूरी की गई। डॉ. अंकित शुक्ला (एमसीएच सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) और डॉ. उमेश धीमान सर्जन और उनकी टीम, एनेस्थेटिस्ट डॉ. शेली राणा और उनकी टीम ने सर्जिकल प्रक्रिया को अंजाम दिया। मरीज ने पोस्ट-ऑपरेटिव अवधि में अच्छा प्रदर्शन किया और दो दिनों के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

**कार्यक्रम** — एमएलए केवल सिंह पठानिया ने किया राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

# धर्मशाला में सामूहिक लोकनृत्य पर धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने सभी प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया। भविष्य में अच्छे शिक्षक कनने के लिए मार्ग दर्शन किया। जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा कांगड़ा नीना पुन ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। तीन दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रेदश की दस डाइटों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें दस सांस्कृतिक गतिविधियों रंगोली, सामूहिक नृत्य व गान, एकल नृत्य, शास्त्रीय गान व लोक नृत्य, एकांकी, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ आदि प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 300 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जिसमें 132 छात्र एवं 168 छात्राएं सम्मिलित हैं। विधायक केवल सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हिमाचल की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है तथा हिमाचल के युवा अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक रह कर उसके संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। सोमवार को सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम के पहले दिन सामूहिक लोकनृत्य, रंगोली एवं एकल लोकनृत्य का आयोजन किया किया। इस कार्यक्रम में समग्र शिक्षा समन्वयक सुमन धीमान, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्रधानाचार्य संजीवन कटोच, संजय पठानिया, वीना ढ़ांटा, डॉ. अश्वनी, डॉ. अंजली शर्मा उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. सुनील कुमार, संदीप शर्मा, डॉ. पल्लवी शर्मा, सुरेश चौधरी, जितेंद्र चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।


सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों का आनंद लेते केवल सिंह पठानिया व अन्य।

## शिक्षा के सुधार पर खर्च होंगे 300 करोड़

**धर्मशाला।** विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा प्रणाली में आवश्यक सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार 300 करोड़ रुपए खर्च कर रही है, जिसके तहत प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं, ताकि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों का समुचित विकास हो सके। सोमवार को धर्मशाला के कालेज के सभागार में समग्र शिक्षा हिमाचल के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि विधायक केवल सिंह पठानिया ने दी जानकारी।

## वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता नौ से

**धर्मशाला।** खेल नगरी धर्मशाला में एक बार फिर राष्ट्रीय आयोजन होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय करेगा। इन खेलों का आयोजन नौ फरवरी से शुरू होगा, जोकि 12 फरवरी तक आयोजित होंगी। इससे पूर्व प्रतियोगिता के आयोजन सात से दस फरवरी तक होना था, लेकिन प्रतियोगिता की तिथियों में आंशिक फेरबदल किया गया है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 320 के करीब महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग (महिला) प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन नौ फरवरी से इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में होगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए सीयू प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# अब व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ मिलेगा वजीफा

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

यदि आप अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंध रखते हैं और पारंपरिक व्यावसायों में निपुणता हासिल कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाना चाहते हैं तो आप दलित व्यावसायिक योजना से जुड़ सकते हैं। प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम की ओर से दलित व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के तहत युवा विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण हासिल कर रोजगार के साधन उत्पन्न कर सकते हैं।

योजना के तहत जिले के भीतर प्रशिक्षण लेने वाले चयनित उम्मीदवारों को निगम की ओर से प्रतिमाह 500 रुपए और जिले से बाहर प्रशिक्षण ले रहे उम्मीदवार को 750 रुपए वजीफा दिया जाता है। जबकि प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को कारोबार स्थापित करने के लिए रियायती ब्याज दर पर ऋण एवं अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। मोटर मेकेनिक व इलेक्ट्रिशन में प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवार दसवीं पास होना चाहिए। दोनों ट्रेडों में चयनित युवाओं को एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए उम्मीदवार आठवीं पास होना चाहिए। इस योजना के तहत उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच अधिक चाहिए। उक्त ट्रेडों के अतिरिक्त स्टेनोग्राफी, वस्त्र निर्माण, प्लंबर, मोटर ड्राइविंग आदि का भी निगम द्वारा उम्मीदवार की रुचि अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है। उम्मीदवार के परिवार की सालाना आय 35 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम कांगड़ा के जिला प्रबंधक सौरभ शर्मा ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने को इच्छुक बेरोजगार युवा एवं युवतियां निगम के जिला प्रबंधक कार्यालय धर्मशाला में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ शिक्षा संबंधी प्रामण पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण पत्र, जाति, सालाना आय प्रमाण पत्र की एक-एक सत्यापित कॉपी एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो आदि दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

# सैलानियों ने बर्फबारी में की मस्ती

## प्रसिद्ध पर्यटक नगरी डलहौजी, खजियार और लक्कड़ मंडी पहुंचे पर्यटक, जमकर उठाया लुत्फ

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

प्रसिद्ध पर्यटक नगरी डलहौजी, लक्कड़ मंडी, डायनकुंड, कालाटॉप खजियार एवं जोत में एक बार फिर से बर्फबारी देखने को मिली। बर्फबारी का डलहौजी घूमने आए सैलानियों ने जमकर लुत्फ उठाया। बीते दिनों डलहौजी में बर्फबारी के कारण सोशल मीडिया पर वीडियो एवं तस्वीरों को देखकर आकर्षित होकर बाहरी पर्यटकों का एकदम से डलहौजी में जमावड़ा देखने को मिला। जिससे पर्यटक कारोबारी छोटे बड़े व्यापारी एवं रेहड़ी-फड़ी वालों के चेहरे खिल गए हैं।

ताजा बर्फबारी से बनीखेत वाया डलहौजी खजियार मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद है। चंबा- पांगी वाया साच-पास भी भारी बर्फबारी के चलते बंद पड़ा है तो वही एनएच 154 ए भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय मार्ग, बनीखेत -डलहौजी, चंबा -सलूणी, चंबा- तीसा मुख्य मार्ग यातायात के लिए बहाल है। खजियार में पर्यटकों का भारी हुजूम देखने को मिला जो कि बनीखेत-चंबा होते हुए खजियार पहुंचे। पर्यटकों ने बताया कि डलहौजी आना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा प्रतीत हुआ। खासकर खजियार आने से उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे मानो यूरोप के मिनी स्विट्जरलैंड में ही पहुंच गए हो। तो वहीं डलहौजी लक्कड़ मंडी, डायनकुंड पंचपुला में भी सैलानियों का जमावड़ा दिखा। वहीं स्थानीय टैक्सी आपरेटर यूनियन के प्रधान ने बताया कि बीते कई दिनों से जो कामकाज में मंदी का दौर चला आ रहा था वह बर्फबारी होने से खत्म हुआ है जिससे उनके कामकाज में थोड़ी तेजी नजर आई है। (अंनत ज्ञान)





प्रसिद्ध पर्यटक नगरी डलहौजी, लक्कड़ मंडी, डायनकुंड, कालाटॉप खजियार एवं जोत में ताजा बर्फबारी में मस्ती करते सैलानी।

# हैकरों ने बैंक के बाद अब अपनाया फेसबुक अकाउंट हैकिंग का धंधा

## मैसेंजर पर भावानात्मक संदेश भेज लोगों से ऐंठ रहे पैसे

**एमएम डैनियल, चंबा**

जैसे जैसे कानून का शिकंजा व पुलिस की मुस्तैदी अपराध जगत पर कसती जा रही है, वैसे-वैसे अपराधिक गतिविधियों से जुड़े अपराधी भी ठगी के नए-नए फामूर्ले इस्तेमाल करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ रहे हैं। जहां पहले बैंक या एटीएम अकाउंट हैक करके लोगों की जमा पूंजी लूटी जाती थी, वहीं अब हैकरों ने फेसबुक अकाउंट को हैक करने का नया तरीका ढूंढ निकाला है। जिससे कई लोगों को वह भावनात्मक संदेश भेजकर हजारों से लाखों रुपए ऐंठ चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, राजस्थान, यूपी व अन्य कई राज्यों में हैकरों के आपस में तार जुड़े है। इन अकाउंट हैकरों के इस माया जाल से जिला चंबा भी अछूता नहीं रहा है। जिला चंबा में 100 से अधिक ऐसे मामले प्रकाश में आ चुके हैं। जिनमें हैकरों ने फेसबुक अकाउंट हैक करके कई लोगों को चूना लगाया है।

गौर हो कि पहले जहां हैकरों द्वारा मोबाइल या लैंडलाइन फोन पर मिस कॉल या पूर्ण कॉल कर के उपभोक्ताओं को उनका अकाउंट बंद होने या एटीएम आधार लिंक अथवा अपडेट का हवाला देकर बड़ी चालाकी से एटीएम कार्ड का नंबर एवं गुप्त कोड ज्ञात कर चंद ही मिनटों में जमा पूंजी को गायब कर दिया जाता था। जिसे वह इतनी चतुराई से अंजाम देते थे कि एक साथ एक अकाउंट की बजाय दस अलग-अलग एकाउंटों राशि ट्रांसफर हो जाती थी। जिस पर पुलिस कंप्लेंट में जब तफ्तीश होती तो गिने-चुने चिलर ही पुलिस के हाथ लग पाते या कोई हैकर पकड़ा भी जाता तो वह अपने नंबर हैक या फर्जी दस्तावेज निकलने की आड़ में बच जाता। हालांकि इस दिशा में साइबर सेल बनने के बाद पुलिस ने कई हैकरों को कैच भी कर लिया। पुलिस के अपने और बढ़ते कदमों एवं कार्रवाई व लोगों के इस दिशा में मुस्तैद होने को देखते हुए कुछ समय के लिए हैकरों ने अपने कदम पीछे खींच लिए थे लेकिन इस सिलसिले को बंद करने की बजाय हैकरों ने अब फेसबुक अकाउंट को नए ढंग से लूटपाट आरंभ कर दी है। (अंनत ज्ञान)

### इन राज्यों से जुड़े हैं हैकरों के तार

अकाउंट हैकरों का नेकवर्क जाल करीब हर राज्य से जुड़ा है। जिसमें हैकरों के लिंक जाली आईडी नंबरों के साथ हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, यूपी व राजधानी दिल्ली सहित अन्य कई राज्यों में तार जुड़े हैं। हालांकि पुलिस का यह विशेष सेल जल्द ही हैकरों को बेनकाब करने का दावा कर रहा है। चाहे जो भी हो फिलहाल फेसबुक हैकर लोगों के सिर-दर्द का कारण इन दिनों बने हुए हैं।

### धरपकड़ के लिए छेड़ा अभियान : अभिषेक



अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक चंबा का कहना है कि पुलिस में बहुत सारी शिकायतें फेसबुक अकाउंट हैक और एटीएम हैक की आ रही हैं। फेसबुक अकाउंट तभी हैक हो पाता है जब फेसबुक अकाउंट का पासवर्ड मोबाइल नंबर या ओपन अकाउंट हो। जिसके व्यक्ति अपना फेसबुक अकाउंट पासवर्ड गुप्त कोड रखें। वहीं बैंक व एटीएम संबंधी जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ सांझा न करे। जिला से बाहर अन्य राज्यों में तफ्तीश के लिए साइबर सेल टीम को भेजा जा रहा है। पुलिस ने हैकरों की धरपकड़ के लिए अभियान छेड़ा हैं।

### ओपन फेसबुक को किया जा रहा है हैक

अब ओपन फेसबुक को हैकरों द्वारा हैक किया जा रहा है। फेसबुक हैक कब हो गई इस बात का इलम फेसबुक अकाउंट धारक को स्वयं नहीं हो पाता है। उनकी फेसबुक पर अपडेट या फेसबुक न चलने की समस्या रहती है, लेकिन उन्हें इस बात इलम तब होता है जब उनका कोई करीबी उन्हें फोन कर यह पूछता कि तेरा मैसेज मिला और तुझे कितने पैसों की जरूरत है। जी हां यह बात एकदम सच और आए दिन घटित हो रही है। जिसका शिकार आम व्यक्तियों से लेकर कई राजनेता व व्यवसायी तक हो चुके है। हैकरों द्वारा फेसबुक अकाउंट को हैक करके मैसेंजर पर जुड़े लोगों को भावानात्मक संदेश भेज कर गुगल-पे से छोटी व बड़ी रकम भेजने की मांग की जाती है। जिसमें बुद्धिमान व्यक्ति तो बच जाते हैं लेकिन भावनाओं में बहने वाले लोग अपनी जमा पूंजी लुटा चुके हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब तक जिला चंबा में सौ से अधिक लोग फेसबुक अकाउंट हैक का शिकार हो चुके हैं। जिनमें से अधिकांश लोगों ने पुलिस साइबर सेल में शिकायतें दर्ज करवाई है। पुलिस इस दिशा में तफ्तीश में जुटी है।

## न्यूज ब्रीफ

### चमेरा प्रोजेक्ट पर कार्रवाई नहीं तो करेंगे प्रदर्शन



अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपने पहुंचा चमेरा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल।

**चंबा।** चमेरा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन दो और तीन का प्रतिनिधिमंडल प्रधान अयूब खान की अगुआई में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा से मिला। इस संदर्भ में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा से यूनियन प्रधान अयूब खान ने कहा कि चमेरा टू से एक महिला को निकाल दिया गया है। 31 जनवरी को बिना किसी नोटिस दिए और इनकी उम्र 58 वर्ष की हो गई है यह कहकर कंपनी के ठेकेदार द्वारा इस महिला को निकाल दिया गया है। जबकि उस महिला की उम्र वर्थ सर्टिफिकेट पर अभी तक पूरी नहीं हुई है। उनका कहना है कि महिला की रिटायरमेंट को अभी चार साल है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर अगर जिला प्रशासन एक सप्ताह में कोई कार्रवाई नहीं करता है तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। प्रधान का कहना है कि इस महिला के परिवार का भरण पोषण भी इसी नौकरी से होता था और इसे निकाल दिया गया है। यह सरासर गलत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही इन्हें नौकरी पर रखा जाए ताकि वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके।

### चंपा ठाकुर ने कबड्डी में जीता गोल्ड



**तीसा।** पहलवान की बेटी ने हैदराबाद में चुराह का डंका बजा दिया है। राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में चंबा के चुराह क्षेत्र से संबंध रखने वाली चंपा ठाकुर ने कबड्डी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। चंपा की इस उपलब्धि पर जिला चंबा समेत चुराह क्षेत्र में खुशी की लहर है। चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान है। इस उपलब्धि पर उन्हें अपनी बेटी पर नाज है। वहीं, दूसरी तरफ रिश्तेदार चंपा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दे रहे है। जानकारी के अनुसार इससे पहले पांच बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चंपा प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसमें एक बार गोल्ड, एक सिल्वर और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए है। इस जीत के साथ चंपा के दो गोल्ड मेडल हो गए है।

### कीड़ी पंचायत मार्ग की हालत खस्ता

**चंबा।** कीड़ी पंचायत मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन खस्ता हो रही है। जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई बार लोक निर्माण विभाग के समक्ष मार्ग सुधार की गुहार लगाई है मगर मार्ग की हालत जस की तस बरकरार है। जबकि गत दिनों से हो रही बारिश से मार्ग पर समस्याएं और भी बढ़ गई है। मार्ग पर पड़े गड्ढों में जगह-जगह पानी एकत्रित होने से राहगीर अक्सर भ्रमित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। कीड़ी पंचायत मार्ग कई स्थनों से क्षतिग्रस्त है। जिसके चलते क्षेत्र ग्रामीणों में तूती सिंह, हितेश, सुरेंद्र, विरेंद्र, मुकेश, किरण, आशा, सुभद्रा, प्रवीण, सीमा, सविता, कृष्णा, मधु, राम सिंह, भीमा, मनोज, धीरज, रविंद्र, शशि, सुभाष, अरविंद, नीरज, अजय सिंह, प्रकाश, हेमराज व रिक्की आदि ने लोनिवि चंबा से गुहार लगाई है कि इस दिशा में जल्द से जल्द व्यापक कदम उठा कीड़ी पंचायत मार्ग की मरम्मत करवाई जाए।

## चरड़ा बस स्टैंड पर हैंडपंप खराब

**तीसा।** उपमंडल तीसा की ग्राम पंचायत चरड़ा के बस स्टैंड में लगा हैंडपंप पिछले दो वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। जिसके चलते तीन पंचायतों के बांशिदों को पानी के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। इतना ही नहीं, बल्कि तीन पंचायतों के बांशिदों को मजबूर नाले का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार विभाग को अवगत करवा चुके है, लेकिन विभाग के कर्मचारी सुनवाई नहीं कर रहे है। ग्रामीणों देसराज, लेखराज, राजवलि, राम लाल, देव व्यास, कर्ण सिंह, अनूप, टेक चंद, सोहिल खान आदि का कहना है कि चरड़ा बस स्टैंड में बना हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग चंबा के अधिकारी से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द खराब पड़े हैंडपंप को दुरूस्त किया जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर की ठोकरें न खानी पड़े।

## पांगी की रजनी स्टेट सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र पांगी की रजनी पठानिया को हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की राज्य सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अति दुर्गम क्षेत्र की एक महिला को आदिवासी कांग्रेस में बतौर स्टेट सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर नियुक्त करने पर संपूर्ण पांगी घाटी में खुशी की लहर है।



अपनी इस नियुक्ति के लिए रजनी पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, आदिवासी कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष और विधायक लाहौल स्पीति रवि ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी सहित कांग्रेस आलाकमान का धन्यवाद किया है। रजनी ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो भी दायित्व सौंपा है उसका वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा है कि उनका पहला लक्ष्य लोकसभा चुनाव रहेंगे जहां पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिशचित हो इसके लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी व संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात काम करेगी। इसके लिए वह आने वाले समय में हर क्षेत्र का दौरा भी करेंगी। वहीं महिलाओं व युवाओं को कांग्रेस पार्टी से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा है की पार्टी ने अति दुर्गम क्षेत्र की महिला को जो सम्मान दिया है उसके लिए पूरा विधानसभा क्षेत्र आभारी रहेगा। गौरतलब है कि रजनी पठानिया को पांगी में एक तेज तर्रार नेत्री के तौर पर जाना जाता है। सरकार की नीतियों का वह सोशल मीडिया पर प्रचार करती रही है।

## विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**चुवाड़ी।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के भटियात विधानसभा क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में 10 फरवरी को भटियात विधानसभा क्षेत्र के उपमंडलीय मुख्यालय चुवाड़ी में होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में छह फरवरी को ग्राम पंचायत अवांह के तहत लजेरा- सेल संपर्क सड़क का शिलान्यास करेंगे तथा राजकीय माध्यमिक पाठशाला अवांह के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। पठानिया सात फरवरी को पंचायत भवन तथा पटवार वृत्त खडेड़ा के भवन का लोकार्पण करने के साथ खडेड़ा-ओहरा संपर्क सड़क का शिलान्यास एवं मनोला से महोट संपर्क सड़क के विस्तार का शिलान्यास करने के पश्चात राजकीय उच्च पाठशाला खडेड़ा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

## लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं झोलाछाप चिकित्सक

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

▶ भटियात के ग्रामीण इलाकों में भरमार, विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

भटियात विस क्षेत्र में स्थित ग्रामीण आंचलों में बिना डिग्री डिप्लोमा के स्वयंभू चिकित्सक लोगों की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिले के दुर्गम और पिछड़े इलाकों में ऐसे झोलाछाप चिकित्सकों की बाढ़ आ गई है। किसी चिकित्सक के पास या नर्सिंग होम में दो-चार साल कार्य करने के पश्चात ये लोग स्वयं को चिकित्सक की श्रेणी में गिनकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। नीम हकीम खतरा ए जान की कहावत को भले ही लोग गंभीरता से नहीं लेते हों। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने मामले की तह तक जाने की कोशिश की जिसमें पाया गया कि कई गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रमाण पत्र हासिल करने वाले यह गैर जिम्मेदार लोग स्वयं को एमबीबीएस से कम नहीं आंकते। उक्त झोलाछाप चिकित्सक अंग्रेजी दवाइयों की प्रेक्टिस करने में विश्वविद्यालयों से उपाधि धारक भी कई बार सोचते हैं कि अमुक दवाई का रोगी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न हो परंतु यहां सारी हदें पार हो रही हैं। इनकी दुकानों पर कोई बोर्ड या नाम योग्यता की पट्टी नहीं मिलेगी मगर दवाइयों का भंडार अवश्य होगा। यही नहीं प्रतिबंधित दवाइयों का प्रयोग भी सरेआम हो रहा है, जिनके नतीजे इतने घातक हैं कि जानलेवा साबित हो सकता है। बहरहाल बिना शिक्षा-दीक्षा के प्रेक्टिस कर रहे इन फर्जी चिकित्सकों को कौन समझाए कि उनकी सेवाओं से निर्दोष लोगों के भविष्य से किस कदर खिलवाड़ हो रहा है। (अंनत ज्ञान)

### मामला सामने आया तो कार्रवाई की जाएगी : डॉ. भारद्वाज

डॉ. जालम सिंह भारद्वाज, जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा ने कहा कि जिला के भटियात क्षेत्र में अवैध रूप से चलाए जा रहे निजी नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की मान्यता संबंधी जल्द औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस दिशा में भी जिला के किसी भी क्षेत्र के लोग विभाग का सहयोग कर उन्हें मामले की सूचना दे सकते हैं। जिनका नाम व पहचान विभाग द्वारा गुप्त रखी जाएगी। वहीं दोषी पाए जाने पर निजी स्वास्थ्य केंद्र या प्रयोगशाला के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बर्फबारी के बाद शिकारी हुए सक्रिय


**ओपी शर्मा, भरमौर**

▶ भरमौर में वन विभाग ने शिकंजा कसने के लिए बनाए उड़नदस्ते

भरमौर की ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी होने के बाद एक बार फिर से यहां जंगली शिकारी सक्रिय हो गए है। जानकारी के अनुसार पहाड़ों में भारी बर्फबारी होने के बाद जंगली जानवर निचले क्षेत्रों की ओर चारे की तलाश में आ गए हैं। लिहाजा इसी की आड़ में यहां पर जंगलों में अवैध शिकारी सक्रिय हो गए हैं। हालांकि वन विभाग ने इन अवैध शिकारियों पर नजर रखने के लिए उड़नदस्तों की भी तैनाती की है, लेकिन बावजूद इसके जंगलों में अवैध शिकारी मौसम खुलते ही निकल गए हैं।

उधर वन विभाग ने भी अवैध शिकारियों की सूचना देने पर उनका नाम गुप्त रखने का ऐलान किया है और अवैध शिकारियों पर शिकंजा कसने के लिए उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है। हालांकि वन विभाग द्वारा समय-समय पर रात्रि गश्त व नाके भी लगाए जा रहे हैं।

जानकारों की माने तो शिकारी रात में जंगली जानवरों का शिकार कर रहे हैं। पहाड़ों में बर्फबारी होने के बाद जैसे ही जानवर चारे की तलाश में निचले क्षेत्रों को आते हैं तो इसी की आड़ में अवैध शिकारी उनका शिकार करते हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से वन विभाग की लगातार सख्ती होने के कारण कुछ हद तक अवैध शिकार पर अंकुश लगा है लेकिन बावजूद इसके इलाके से अवैध शिकार की घटनाएं अभी तक भी सामने आ रही है। इस



बारे में डीएफओ भरमौर डॉ. नरेंद्र ठाकुर ने कहा है कि अवैध शिकारियों को लेकर विभाग पूरी तरह से सक्रिय है। विभाग के कर्मचारियों को इसके लिए पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही समय-समय पर विभाग उड़नदस्ते व नाकाबंदी के दौरान भी जंगलों की चेकिंग कर रहा है।

उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि शिकारी की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। यदि कोई पकड़ा जाता है उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अंनत ज्ञान)

# गीत-संगीत से बताई सरकारी योजनाएं

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध लोकनाट्य दलों द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, जन कल्याणकारी नीतियों से लोगों को अवगत करवाने के लिए विशेष प्रचार अभियान के तहत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



विशेष प्रचार अभियान के तहत कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

इस विशेष प्रचार-प्रसार अभियान के तहत कलाकारों ने गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भटियात विधानसभा क्षेत्र के नैनीखड्ड व ककीरा, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला व बकानी तथा चंबा विधानसभा क्षेत्र के रजेरा व कारियां में कार्यक्रम आयोजित किए। इसी तरह चुराह विधानसभा क्षेत्र के कियानी व राजनगर तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के सुंडला व मंजीर में भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने लोगों को मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना तथा राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। लोगों को अवगत करवाया गया कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत प्रदेश सरकार ने उन बेसहारा वर्ग को संबल प्रदान किया है जिनका कोई अपना नहीं है।

हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने लगभग चार हजार अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। अनाथ बच्चों की सहायता के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। कलाकारों ने लोगों को बताया कि सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना आरंभ की है।

योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करना है। योजना के तहत युवाओं को ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने का प्रावधान है। कलाकारों ने लोगों को कृषि, दुग्ध उत्पादन और पंचायत स्तर पर आरंभ की गई नवीन योजनाओं की जानकारी भी दी।

**जीत** | प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था ने करवाई शतरंज प्रतियोगिता, 50 ने लिया भाग

# शह और मात के खेल में शिवम का कोई सानी नहीं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था की ओर से राइजिंग स्टार स्कूल सुराड़ा चंबा में अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला आईपीएस ने शिरकत की। जबकि स्कूल प्रधानाचार्य संजीव सूरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। वहीं बच्चे नशे की लत से भी दूर रहते है। वहीं राइजिंग स्टार स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सूरी ने कहा कि स्कूल प्रबंधन हमेशा इस तरह की गतिविधियों के आयोजन के लिए पहल करता रहता है और आगे भी हमेशा प्रयासरत रहेगा।



राइजिंग स्टार स्कूल सुराड़ा में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के विजेता मुख्यातिथि व अन्य के साथ।

जबकि आयोजक कमेटी प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने इस सफल आयोजन के लिए शिवानी मेहला आईपीएस, राइजिंग स्टार स्कूल सुराड़ा के प्रिंसिपल व स्टाफ, चंदन सहगल, प्रतिभागियों के माता-पिता, प्रतिभागियों, प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्यों का आभार जताया और भविष्य में और भी प्रतियोगिताए करवाने का आश्वासन दिया।

इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि प्रतियोगिता में सात साल के बच्चों आर्यमन दियोड, ओजस शर्मा से लेकर 17 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम ठाकुर , दूसरा स्थान सक्षम सहगल और तीसरा स्थान दक्ष चौणा ने हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर नेशनल आर्बिटर चंदन सहगल, राइजिंग स्टार स्कूल प्रबंधन व स्टाफ दीप्ति सूरी, मीना कुमारी, मिनाक्षी कपूर, पूनम, मीनू, प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था से भुवनेश पूरी, निशांत मांडला, सोनू खान सहित प्रतिभागियों में अहान, कुशागर, अभिनेय, मानविक नंदा, आदर्श शर्मा, मृदुल शर्मा, अंशुमन ठाकुर, परमांश, आराध्या नाग, पीयूष राज, आर्यमन, प्रिंस, आशीष, रिशु, भव्या, सक्षम, देवादित्य, सक्षम सपा, दिव्यांश गर्ग, सक्षम, गुनगुन, शिवम, ईशान, त्रिजल, जोविका, युवराज, कियारा, आकर्षित, लक्ष्य, आदर्श, मेहुल, अधव, ओजस, आराध्या, पार्टीश, अरनव, प्रथम, आर्यन, रिद्धी रैना, आयिश्मन शर्मा, रुद्रांश, दक्षा, सक्षम शर्मा, देवेंद्र सिंह, सक्षम, दिव्यांश शर्मा, शशांक, ईशान, श्रुति,वत्सल, ज्योतिर्मय दीपक भाटिया मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कश्मीरियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



रेहड़ी धारक उपायुक्त अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपते हुए।

**मंडी।** मंडी शहर में पिछले 50 सालों से रेहड़ी पर सामान ढोने वाले कश्मीरी जो कि गांधी चौक के समीप बैठते हैं उन्हें पिछले पांच दिन पहले वहां से पुलिस कर्मियों द्वारा 100 रुपए का चालान करके हटा दिया गया। सोमवार को उपायुक्त अपूर्व देवगन के समक्ष सभी रेहड़ी पर सामान ढोने वाले कश्मीरियों ने इस मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। कश्मीरी रेहड़ी धारक अब्दुल रशीद ने बताया कि पिछली तीन पीढ़ियों से कश्मीरी रेहड़ी पर सामान ढोने वाले मंडी शहर के गांधी चौक के समीप बैठते हैं। उन्होंने बताया कि दुकानदारों का सामान उन रेहड़ियों से गली मोहल्ले वालों का भी सामान उनकी दुकान व घर तक पहुंचाया जाता था, लेकिन अब पिछले कुछ दिनों से रेहड़ियों को उक्त स्थान पर नहीं लगने से काम का नाम नहीं है। उन्होंने बताया कि पांच-छह दिनों से कुछ कमाया भी नहीं और ज्यादा समय तक खड़े भी नहीं रह सकते हैं। उन्होंने उपायुक्त मंडी से इनसाफ की गुहार लगाई है और उक्त स्थान की दोबारा मांग की है।

### सरकार कर रही छात्र विरोधी कामः अजय

**मंडी।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनी है तभी से सरकार गलत व जनविरोधी निर्णय ले रही है। प्रदेश सरकार छात्र विरोधी काम कर रही है। सरकार बनते ही 1000 संस्थान बंद करना हो या सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी का दायरा घटाने का निर्णय भी दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। यह विश्वविद्यालय पूर्व जयराम ठाकुर भाजपा सरकार में खुला था। छात्रों को अपनी माइग्रेशन, डिग्री, मार्क्स सीट, रजिस्ट्रेशन के लिए कई बार शिमला जाना पड़ता है तो बस किराया और यदि वहां रहना पड़ जाए तो होटल के कमरे पर छात्रों को फालतू में पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अतः मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, चंबा, लाहौल के छात्रों को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी नजदीक पड़ता था। तभी इसे खोलने का फैसला लिया था। पूर्व जयराम सरकार का यह फैसला जनहित, लोकहित, छात्र हित, अभिभावक हित में था। अजय राणा ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह इस सारे मुददे पर सरकार के सामने छात्रों का पक्ष रखने में नाकाम साबित हुई। कांग्रेस नेताओं को और कांग्रेस सरकार को सरदार पटेल नाम से ही एलर्जी है तभी आप इसका विरोध कर रहे हैं।



### गणित के मेधावियों को दिए अवॉर्ड



गर्ल्स स्कूल मंडी में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

**मंडी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी में शांता वैद्य मेमोरियल अवॉर्ड गजेंद्र वैद्य के हाथों आवंटित किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य भाग सिंह ठाकुर, मनोज वैद्य, देविना, पूजा कपूर व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक प्रदीप भारद्वाज द्वारा लिखी गई कविता ये दान नहीं है प्रस्तुत की गई और इस कविता को एक स्मृति चिन्ह के रूप में गजेंद्र वैद्य को प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड वर्ष 2023 के गणित विषय में मेधावी विद्यार्थियों को दिए गए। अवॉर्ड में छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों को दो-दो हजार तथा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को दस-दस हजार रुपए, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। ये अवार्ड कशिष शर्मा दसवीं, स्नेहा शर्मा 11वीं, भूमिका नौवीं, भाविका ठाकुर आठवीं, समानता सातवीं, भाविका शर्मा छठी और वैष्णवी छठी को प्रदान किए गए।

### हर्षिका व शिवांश सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु चुने



क्लर बेल्ट ग्रेडिंग के पश्चात प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

**सरकाघाट।** मार्शल आर्ट सरकाघाट द्वारा कराटे की क्लर बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें राइजो तेकि गोजु रियु एसोसिएशन के चीफ एग्जामिनर सैंशाई राकेश गुलेरिया ने निरीक्षक के तौर पर भूमिका निभाई। इसमें अकादमी के 12 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जिसमें अयान ठाकुर ने ब्राउन, हर्षिका ठाकुर, शिवांश ठाकुर, अंशुल भारद्वाज ने ग्रीन बेल्ट व शावी और स्मैरा ने ऑरेंज बेल्ट, शॉर्य ठाकुर, पारस, दृष्टि, कृतविक, रेयांश, रूहानी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए येलो बेल्ट का ग्रेड हासिल किया। इस परीक्षा में लड़कियों में हर्षिका ठाकुर और लड़कों में शिवांश ठाकुर सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु चुने गए। सेंशाई राकेश गुलेरिया ने बच्चों को आज के आधुनिक युग में कराटे की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को लगातार मेहनत करते हुए व नशे जैसी गलत संगत से दूर रहकर समाज में बेहतर भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं मार्शल आर्ट सरकाघाट के संचालक मोहित राणा ने भी बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिभावक राजीव भाटिया, अमित कुमार मौजूद रहे।

# लोस चुनावों से पूर्व सराज कांग्रेस में सियासी घमासान

## सरकारी कार्यक्रम में अपनी अनदेखी को लेकर मीडिया में गए सुक्खू समर्थक नेता

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

लोकसभा चुनावों से पूर्व ही सराज कांग्रेस का सियासी घमासान बढ़ता जा रहा है। रविवार को सराज हलके के बाखली में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में जहां लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, सांसद प्रतिभा सिंह के साथ जन समस्याओं का निपटारा कर रहे थे, वहीं मंच पर अपनी अनदेखी को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ठाकुर के समर्थक कहे जाने वाले जगदीश रेड्डी ने कार्यक्रम समाप्त होते ही मीडिया में बयानबाजी कर सराज कांग्रेस की कलह को जगजाहिर कर दिया। उन्होंने सराज में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को चेतराम प्राइवेट लिमिटेड कार्यक्रम तक बता दिया।



चेतराम ठाकुर, नेता सराज कांग्रेस।



जगदीश रेड्डी, नेता सराज कांग्रेस।



विजयपाल सिंह, नेता सराज कांग्रेस।

इस दौरान उनके साथ पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन व पिछले वर्ष भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए दलीप सिंह ठाकुर भी शामिल थे। इन नेताओं ने सराज कांग्रेस के प्रत्याशी रहे चेतराम ठाकुर को जनता द्वारा नकारा गया नेता करार दिया और कहा कि प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह जनता द्वारा नकारे जाने के बावजूद चेतराम ठाकुर का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। वहीं इस बारे में जब सराज कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष टेक सिंह चौहान से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्णतया सरकारी आयोजन था।

सभी वरिष्ठ लोगों के लिए सम्मानजनक रूप से बैठने की व्यवस्था की गई थी, इसके बावजूद मीडिया में जाना सिर्फ अपनी राजनीतिक छवि को चमकाने का प्रयास मात्र है, वहीं सराज कांग्रेस के एक अन्य नेता एवं मुख्यमंत्री के समर्थक विजयपाल सिंह का कहना है कि उन्हें न तो इस कार्यक्रम का निमंत्रण था और न ही उन्हें कार्यक्रम में घटे घटनाक्रम की जानकारी है। वहीं सराज कांग्रेस संगठन से जुड़े लोगों ने इस पूरे मामले को अनुशासनहीनता करार देते हुए इस पूरे प्रकरण की छानबीन कर कार्रवाई करने की भी मांग की है। बहरहाल सराज में अपने सियासी वजूद के लिए तरस रही कांग्रेस के लिए आने वाला समय सुखद नहीं माना जा सकता है और लोस चुनावों में पार्टी की डगर सराज से डगमगा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### सेरी मंच पर 212 लोगों के दांत जांचे

**मंडी।** स्माइल हिमाचल संस्था द्वारा मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच में हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों के सहयोग से एक विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन विश्व कैंसर सप्ताह के अंतर्गत किया गया। इस दौरान लोगों ने यहां निशुल्क स्वास्थ्य जांच करवाई। यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला, डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत डॉक्टर अक्षत ने रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया तथा लोगों के दांतों की जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान 212 मरीजों के दांतों की जांच की गई, जिसमें से 55 का मौके पर ही उपचार किया गया।

## नशे के खिलाफ अभियान चलाएगी हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति

### स्कूलों, गांवों व शहरों में लोगों को करेंगे जागरूक



मंडी में बैठक के दौरान मौजूद हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल में नशे से हो रही युवकों की मौत को देखते हुए हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति गांव, शहर व स्कूलों में अभियान चलाने वाली है, ताकि भावी पीढ़ी की जिंदगी बचाई जा सके। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की राज्य कार्यकारिणी की बैठक राज्य अध्यक्ष डॉ. ओपी भूरेटा की अध्यक्षता में मंडी में हुई। समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश में नशे के खिलाफ जन जागरूकता पैदा की जाएगी तथा नीतिगत स्तर पर भी हस्तक्षेप किया जाएगा। इसके लिए संगठन के स्तर पर एक कार्यशाला की जाएगी। जिसमें स्रोत व्यक्तियों की एक टीम तैयार करके स्कूलों, गांव एवं शहरों के स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहीं इसको लेकर प्रदेश स्तरीय कला जत्था भी तैयार किया जाएगा। राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने बताया कि 28 फरवरी को शिमला में एक सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पड़ने वाले प्रभावों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यकारिणी के अन्य सदस्य समित के उपाध्यक्ष जियानंद शर्मा, डॉ. आरके शर्मा, कोषाध्यक्ष भीम सिंह, सह सचिव गजेंद्र शर्मा, सुनीता पटियाल, सुनीता बिष्ट सदस्य ललित शर्मा, लालमन, नंदलाल, एनआर ठाकुर, धनवंती विशेष आमंत्रित सदस्य अखिल भारतीय जन विज्ञान आंदोलन के सदस्य जोगिंद्र वालिया मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार ने रोकी आठ करोड़ सात लाख की ग्रांट

## लोस चुनाव के चलते नगर निगम मंडी ने विकास कार्यों को गति देने के लिए की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी में सोमवार को विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें चुने हुए 15 पार्षद ,पांच मनोनित पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित कार्यों को प्रमुखता के साथ रखा और लंबित कार्यों की वजह को भी निगम के अधिकारियों से प्रमुखता के साथ पूछा। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया की इस बैठक का उद्देश्य विकास कार्यों पर चर्चा करना था।

उन्होंने बताया कि महीने भर में लोकसभा चुनावों की कवायद शुरू हो जाएगी जिसके चलते बैठक लंबे समय तक विकासात्मक कार्यों को नहीं किया जा सकता। इसलिए विकासात्मक कार्यों को गति देने के लिए बैठक का आयोजन समय से पहले किया गया। उन्होंने बताया कि आठ करोड़ सात लाख की ग्रांट सरकार द्वारा पत्र के माध्यम से रोक दी गई है, जिसमें आदेश दिया गया है कि इस ग्रांट को केवल आधा ही खर्चा जाए। वीरेंद्र भट्ट ने बताया की इसकी एवज में नगर निगम कार्य कर रही है, लेकिन बैठक के दौरान सरकार से भी निवेदन किया गया कि होल्ड की गई ग्रांट को रिलीज किया जाए। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य ने भी यह आश्वासन दिया है कि नगर निगम के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। वहीं नगर निगम के पुराने टेंडर जिनमें बैंच और स्ट्रीट लाइट्स के रहते है उन्हें चुनावों से पहले निपटाया जाए साथ ही पार्षद के ऊपर कार्य का बहुत दबाव रहता है और सभी पार्षद अपने क्षेत्र में कार्य करवाने के लिए हाउस में लड़ते भी है जो कि प्राथमिकता के आधार पर जायज भी है। महापौर ने बताया की 10 लाख के कार्यों को एक महिने के अंदर शुरू कर दिया जाएगा और इससे अधिक बजट के कार्यों की सूची उपायुक्त और सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया की आपदा में हुए नुकसान को लेकर ही ज्यादातर पार्षदों ने आवाज उठाई, लेकिन आपदा में हुए 36 करोड़ के नुकसान का अभी तक नगर निगम को एक भी पैसा नहीं मिला है जिसके कारण विकास की गति धीमी पड़ गई है। जैसे ही सरकार से 36 करोड़ की राशि नगर निगम को मिलेगी तो विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान की जाएगी।



बैठक में भाग लेते पार्षद, मनोनीत पार्षद और नगर निगम के अधिकारी।

**आपदा में हुए 36 करोड़ के नुकसान का नहीं मिला एक भी पैसा**

# बाबा भूतनाथ का 21 किलो मक्खन से किया जाएगा श्रृंगार

## 100 किलोमीटर के दायरे से आएगा मक्खन, तारा रात्रि को होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान इस वर्ष भी बाबा भूतनाथ की भव्य जलेब निकाली जाएगी। इस जलेब में हिमाचल प्रदेश के तमाम शिवालयों के अनुयायियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी बाबा भूतनाथ के महंत देवानंद सरस्वती ने दी।

उन्होंने कहा कि जलेब को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। इसके साथ ही बाबा भूतनाथ मंदिर के स्वयंभू शिवलिंग के लिए 100 किलोमीटर के दायरे से मक्खन आएगा और अभी तक लगभग 15 किलो के करीब मक्खन आ चुका हैं। उन्होंने कहा कि आठ फरवरी तारा रात्रि से मक्खन चढ़ेगा। पहले दिन 21 किलो मक्खन से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा और एक माह तक हर दिन अलग-अलग रूपों में बाबा का श्रृंगार किया जाएगा।



मक्खन को इकट्ठा करते महंत देवानंद सरस्वती।

इस दौरान शिवलिंग का जलाभिषेक नहीं होगा। केवल घृतमंडल रूपी मक्खन ही चढ़ाया जाएगा। देवानंद सरस्वती ने कहा कि करीब एक सौ किलोमीटर के दायरे से शिवभक्त शुद्ध मक्खन एकत्रित कर रहे हैं। भूतनाथ मंदिर में शिवलिंग पर आठ फरवरी को तारा रात्रि के दिन मंदिर के पुजारी व अन्य श्रद्धालु मक्खन चढ़ाएंगे। आठ मार्च शिवरात्रि पर्व तक शिवलिंग पर प्रतिदिन देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित शिव के विभिन्न स्वरूप के दर्शन होंगे। यही नहीं शिव के विभिन्न स्वरूप के साथ स्थान के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की भी जानकारी शिव भक्तों को प्रदान की जाएगी। शिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक के साथ श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा भूतनाथ मंदिर में मक्खन चढ़ाने की परंपरा का इतिहास सदियों पुराना है। मक्खन चढ़ाने की परंपरा 1527 ई. से मंडी नगर की स्थापना से चली आ रही है और यह परंपरा शिवरात्रि के एक महीना पहले से शुरू हो जाती है।

### जिले में 44 सड़कें अभी भी बाधित

**मंडी।** मंडी में हुई भारी बर्फबारी के बाद मंडी प्रशासन और लोक निर्माण विभाग सड़कों को सुचारु करने के लिए लगातार प्रयासरत है। गत दो दिनों से लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी के बाद अवरुद्ध हुई सड़कों में से सात सड़कें बहाल कर ली गई है, वहीं 44 सड़कें अभी भी बंद पाई गई हैं। इसमें सब डिवीजन सराज में 20, सब डिवीजन थलौट में 24 सड़कें बाधित हैं। अधिकतर लिंक रोड बाधित हैं, जबकि आवाजाही के लिए मुख्य सड़कों को बहाल कर लिया गया है, वहीं जिले भर में 37 ट्रांसफार्मर अभी भी बंद पाए गए हैं, जिसमें जोगिंद्रनगर में सबसे ज्यादा 24 ट्रांसफार्मर बंद पाए गए हैं। करसोग में 10 और गोहर में तीन ट्रांसफार्मर बंद हैं। उधर, जल शक्ति विभाग द्वारा सभी पेयजल स्कीमें बहाल कर ली गई हैं। डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि बाधित हुए सड़कों को जल्द ही बहाल कर लिया जाएगा लेकिन मौसम का साफ रहना बहुत जरूरी है।

## देव खुडी जहल ने शिवरात्रि में हिस्सा लेने की जाहिर की इच्छा



देव खुडी जहल के कारदार उपायुक्त मंडी से मिलते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव छोटी काशी में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष शिवरात्रि महोत्सव में देव खुडी जहल देहरी ने भी आने की इच्छा जाहिर की है जिसको लेकर देवता के कारदार सोमवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मिले और देवता को निमंत्रण पत्र भेजने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

देवता के कारदार कमलेश कुमार ने बताया कि देवता राजाओं के शासनकाल से शिवरात्रि महोत्सव में हिस्सा लेते हैं। बीच में किन्ही कारणों से शिवरात्रि महोत्सव में शामिल न हो सके। इसके बाद से शिवरात्रि मेला कमेटी ने भी देवता को निमंत्रण पत्र भेजना बंद कर दिया। वहीं अब देवता ने फिर से शिवरात्रि महोत्सव में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है, जिसको लेकर सोमवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मिले। उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि जल्द देवता कमेटी और देव समाज के साथ मिलकर इस विषय में चर्चा की जाएगी। वहीं कमेटी के सदस्य आकाश शर्मा ने बताया कि देवता के कारदारों की मांग है कि देवता को शिवरात्रि के लिए निमंत्रण पत्र भेजा जाए।

## सड़क बंद, दो से तीन किलोमीटर करना पड़ रहा है पैदल सफर

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पाटी-कंडयोहल-दवारडू सड़क पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ी है। इस सड़क पर बसों का आवागमन बंद होने से क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से पाटी,कंडयोहल, झंझैल व पंजैतडु गांव के ग्रामीण को लाभ मिलता है, लेकिन एक सप्ताह से सड़क बंद होने से ग्रामीणों को दो से तीन किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क विभाग ने पक्की कर रखी है, लेकिन जहां सड़क उखड़ी हुई है वहां पर बजरा डालने के बजाय मिट्टी डाल दी गई है। लोगों में हरि सिंह, भूप सिंह, राधा देवी, मनसा देवी, मीरा देवी, लता देवी, सरिता देवी, कला देवी, राम सिंह बब्बू, देवी सिंह, धर्मपाल, शमशेर सिंह, रवि कुमार आदि ने लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस सड़क को बहाल किया जाए, ताकि लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। वहीं लोगों का आरोप है की बरसात के गिरे हुए लहासे भी आज तक विभाग द्वारा नहीं उठाए गए हैं। जब इस बारे में लोक निर्माण विभाग मंडल सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता चुन्नी लाल शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मौसम खुलते ही सड़क को ठीक कर दिया जाएगा। लोगों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



सड़क पर गिरा ल्हासा।

### विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर चर्चा

**धनोटू।** क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के जागरूक नेतृत्व की बैठक महादेव में प्रधान नीलकमल की अध्यक्षता में शौर्य गाथा और विकास कार्यों पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम वीर शिवाजी के अमर सेनानी और मित्र तानाजी राव मालुसरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सुप्रसिद्ध पहलवान जितेंद्र चौहान ने कहा कि तानाजी की शौर्य गाथा, मित्र प्रेम और सिंहगढ़ किले के विजय के लिए भयंकर युद्ध में प्राणों के बलिदान को इतिहास सदैव स्मरण रखेगा। ग्राम पंचायत निचली बैहली के प्रधान किशोरी लाल ने तानाजी के भाई सूर्य, शेलर मामा, यशा कंक की वीरता और वीर शिवाजी से उनके संबंधों पर चर्चा को आगे बढ़ाया। जुगाहन पंचायत के प्रधान राजेंद्र संधीर ने पंचायत क्षेत्र में प्रधान की भूमिका और ग्रामीण विकास पर महत्वपूर्ण बातें सामने रखी।

**आक्रोश** नर्सिंग कॉलेज नालागढ़ के मामले पर सरकाघाट के विभिन्न संगठनों ने जताया रोष

# शिक्षण संस्थानों में जाति उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नालागढ़ में स्थित एक निजी नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग कर रही अनुसूचित जाति की छात्राओं से हुए दुर्व्यवहार को लेकर पीड़ित लड़कियों के समर्थन में और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ आधा दर्जन सामाजिक संगठनों की एक बैठक पीड़ित लड़कियों के गृह गांव नवाही में हि प्र अनुसूचित जाति जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष अमी चंद की अध्यक्षता में हुई।

जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष एनसी भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में हि प्र कबीर पंथी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष विधि चंद कौंडल, ब्लॉक अध्यक्ष मेघराज, उपप्रधान आशा देवी, बलदेव सिंह, अंबेडकर मिशन कमेटी के महासचिव सोहन लाल, भीम आर्मी के अध्यक्ष ओम चंद, मीरा देवी, रूप चंद, जोगेंद्र सिंह, कशमीरा आदि ग्रामीणों ने अपनी उपस्थित दर्ज करवाई। लड़कियों के पिता रामशरण ने उपस्थित सभा को बताया कि मेरी दो लड़कियां नर्सिंग कॉलेज नालागढ़ में पढ़ती है एक सप्ताह पहले मेरी दोनों लड़कियों ने अपनी स्कॉलरशिप के बारे में प्रधानाचार्य से पूछा तो प्रधानाचार्य सहित एक अन्य अध्यापिका ने उन्हें जाति सूचक शब्द से प्रताड़ित तो किया ही बल्कि उनके साथ मारपीट भी की गई। बात यहीं समाप्त नही हुई इन पीड़ित लड़कियों को यह कह कर कॉलेज से निकाल दिया कि तुम हरिजन जुलाहे हो तुम हमारे कॉलेज मे न पढ़ने लायक हो न ही अन्य लड़कियों के साथ बैठने की औकात रखती हो। जिस पर मेरी दोनों लड़कियों ने पुलिस थाना नालागढ़ में कॉलेज की प्रधानाचार्य व एक अन्य अध्यापिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। एक सप्ताह हो गया अभी तक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। जिस पर सभी संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जहां पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है वही कॉलेज प्रबंधन की कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठनों का कहना है कि स्कूल और कॉलेज में प्रबंधन की गुंडागर्दी व जाति उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। घटना को लेकर बैठक में सभी संगठनों द्वारा प्रस्ताव पारित कर प्रदेश के मुख्यमंत्री, डीजीपी शिमला व एसपी सोलन को पत्र लिखकर कर गुहार लगाई है आरोपी प्रधानाचार्य व एक अन्य अध्यापिका को अति शीघ्र एट्रोसिटी व मानहानि का मुकदमा कर अगले दो दिनों के अंदर गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रदेश के हर थाने में कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। नालागढ़ थाने का भी घेराव कर धरना-प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। राज्यपाल, प्रधानमंत्री सहित राष्ट्रपति को भी शिकायत करने से पीछे नही हटेंगें।



नवाही में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान मौजूद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य।

# एनएचएआई दफ्तर पर मजदूरों ने किया धरना-प्रदर्शन, एक घंटे में डाली सैलरी

## पुलिस स्टेशन टौणी देवी में एफआईआर दर्ज करने पहुंचे कंस्ट्रक्शन कंपनी के तकनीकी हेल्पर प्लंबर सुपरवाइजरों का मामला


पक्का भरो के पास एनएचएआई के दफ्तर में धरने पर बैठे कंपनी के मजदूर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर मंडी अवाहदेवी नेशनल हाई-वे के काम में लगे कंपनी के तकनीकी हेल्पर प्लंबर और सुपरवाइजरों को तीन माह की सैलरी नहीं मिलने पर सोमवार को हमीरपुर के पक्का भरों में स्थित एनएचएआई के दफ्तर पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ा, लेकिन गनीमत यह रही कि दो घंटे के इस धरने के बाद एनएचएआई के अधिकारियों ने जब उनके खातों में सैलरी डाली, तो यह विवाद हल हो गया।

इन मजदूरों ने किसी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने से पहले टौणीदेवी स्थित पुलिस चौकी पर भी दस्तक दी थी, वहां वे कंपनी और विभाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने गए थे, लेकिन पुलिस स्टेशन में उन्हें कहा गया कि वे संबंधित दफ्तर के अधिकारियों से मिलने हमीरपुर जाएं।

वे जब इस दफ्तर पर पहुंचे, तो भी उनकी कोई सुन नहीं रहा था। फिर क्या था, उन्होंने गुस्से में अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर थोड़ी देर के बाद अधिकारियों ने उन्हें बताया कि वे इंतजार करें और उनका विवाद हल कर दिया जाएगा।

मजदूरों के मोबाइल पर जब पैसा ऑनलाइन डाले जाने के मैसेज आने शुरू हुई उसी के बाद वे वहां से हटे। (अनंत ज्ञान)

### तीन माह से हैं परेशान

**धरना-प्रदर्शन** करने वाले इन मजदूरों के एक मुखिया सूर्य सिंह ने बताया कि वह पिछले तीन माह से बहुत परेशान थे। घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया था। जान-बूझकर पैसा रोका गया था। इसीलिए आज गुस्से में थे और आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए पहले पुलिस स्टेशन पहुंचे और फिर एनएचएआई के दफ्तर पर।

अक्तूबर और नवंबर माह से उन्हें सैलरी नहीं दी जा रही थी। तकरीबन दो दर्जन इन तकनीकी कर्मचारियों को अब सैलरी मिलने के बाद राहत मिली है।

# मजदूरों के लाभ बंद करने के विरोध में सीटू ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

श्रमिक कल्याण बोर्ड से मनरेगा और निर्माण मजदूरों के लिए लाभ बंद करने के विरोध में हमीरपुर शहर में रोष रैली निकाली। गांधी चौक पर विशाल सभा कर सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।

सभा को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, हिमाचल भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव व श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह, यूनियन के राज्य अध्यक्ष जोगिंदर कुमार, सीटू जिला कमेटी के कोषाध्यक्ष जितेंद्र धीमान, रंजन शर्मा, संतोष कुमार, सुषमा ने संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही प्रदेश के लाखों निर्माण मजदूरों व मनरेगा मजदूरों को श्रमिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से मिलने वाले मदद को बंद कर दिया है।

सुक्खू का मजदूरों के प्रति यह रवैया बेहद ही अमानवीय है। बहुत से बच्चों की पढ़ाई जो श्रमिक कल्याण बोर्ड के लाभों पर निर्भर करती थी, रुक गई है। हमीरपुर जिला के ही 20000 से अधिक मनरेगा और निर्माण मजदूरों के लाभ जिसमें मृत्यु पर मिलने वाली मदद, बच्चों की शादी पर मिलने वाली मदद, शिक्षा पर मिलने वाली मदद, इलाज पर मिलने वाली मदद को रोक दिया गया है। प्रदर्शन में प्रवीण कुमार, सुषमा, सुनीता, रजनीश, उत्तम, नवीन, शीला, वतन सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।



शहर में रैली निकालते हुए सीटू कार्यकर्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने जिला में भी विशेष प्रचार अभियान आरंभ किया है। इसी अभियान के तहत सोमवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र की अमलैहड़ और कलूर तथा भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लदरौर और कड़ोहता में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नटराज कला मंच के लोक कलाकारों ने ग्राम पंचायत अमलैहड़ और ग्राम पंचायत कलूर में गीत-संगीत और लघु नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

### कंप्यूटर शिक्षकों को बजट में सीएम से बड़ी आस



**हमीरपुर।** सूबे के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर शिक्षक इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बजट से कई उम्मीदें संजोए हुए हैं। संघ की प्रदेश प्रेस सचिव सुमन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में 1321 कंप्यूटर शिक्षक अपनी बेहतर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में सबसे शोषित वर्ग कंप्यूटर शिक्षक है जिनकी मांग आज तक पूरी नहीं हुई है और केवल आश्वासन ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच कंप्यूटर शिक्षकों के प्रति पहले से ही रही हैं और कई बार विधानसभा में भी कंप्यूटर अध्यापकों की मांग उठाते रहे हैं।

### वन मित्रों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आठ को

**हमीरपुर।** वन मंडल हमीरपुर के तहत वन रेंज हमीरपुर, अघार, बड़सर, बिझड़ी और नादौन में वन मित्रों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आठ फरवरी को सुबह सात बजे से आयोजित की जाएगी। उप अरण्यपाल राकेश कुमार ने बताया कि वन रेंज हमीरपुर और अग्घार की शारीरिक दक्षता परीक्षा सेंट्रल स्कूल हमीरपुर के परिसर में होगी, जबकि बड़सर एवं बिझड़ी रेंज की परीक्षा आईटीआई बणी और नादौन रेंज की परीक्षा अमतर क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय प्रार्थी के पास अपना आधार कार्ड या सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र और दो नवीनत्तम फोटो होने चाहिएं।

### संगीत प्रतियोगिता में याणवीं-धमरोल मंडल प्रथम


महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं।

**भरेड़ी।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं युवा सेवाएं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता का आयोजन जिला मंडल के सेक्टर भरेड़ी के एक नीजि होस्टल में सोमवार को हुआ। इसमें पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा पूर्व विधायक कमलेश कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। इस दौरान याणवीं-धमरोल महिला मंडल प्रथम और धिरड़ पंचायत के सौअटा महिला मंडल द्वितीय स्थान पर रहा।

### धनेटा में लगेगा निशुल्क आई कैंप


रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

**नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई । इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष लगाए जाने वाले निशुल्क आई कैंप को इस बार नादौन के धनेटा में लगाया जाएगा। इसके लिए रूप रेखा तैयार की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने की। बैठक में एसोसिएशन के चीफ पेटरन डीएस मिन्हास, बीआर जसवाल,सुरेश, नानक पराशर, जगदीश चंद शर्मा, मंशा राम, प्रीतम चंद, सुदेश जस्वाल, विश्म्वर दत्त, विजय चौधरी, सुभाष बस्सी, डॉ. कुलदीप गढ़वाल, मदन लाल आदि उपस्थित रहे।

### ब्वॉयज स्कूल के ग्राउंड में दराट लेकर भिड़े स्टूडेंट्स

**हमीरपुर।** शहर के मध्य में स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल के खेल मैदान में सोमवार देर शाम स्टूडेंट्स का एक झुंड आपस में भिड़ गया। इनमें कुछ के पास दराट थे। वह एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। गनीमत यह रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। एक स्टूडेंट को मामूली चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने जब हो हल्ला होते देखा, तो वे दौड़े और इनमें एक पुलिस कर्मचारी भी मौजूद था जिसने बगैर वर्दी पहने बड़ी घटना को रोकने में मदद की। हमला करने वाले स्टूडेंट्स को पकड़े रखा और पुलिस स्टेशन को फोन करके जब इसकी सूचना दी गई, तो पुलिस कुछ को पकड़ कर ले गई है। समाचार लिखे जाने तक इस घटना को लेकर लोगों में काफी बेचैनी बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक यह स्टूडेंट्स शहर के एक नामी स्कूल के बताए जा रहे हैं। करीब चार दर्जन स्टूडेंट्स और अन्य युवक खेल के इस मैदान में मौजूद थे। अचानक ही यह लड़ाई-झगड़ा शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक के पास दराट था, जिससे वह हमला करने की स्थिति में कई बार देखा गया। अगर उसे पकड़ा नहीं गया होता, तो कुछ भी हो जाता। अब पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

**दो फैकल्टी मेंबर्स भी भिड़े :** उधर, एनआईटी हमीरपुर में भी एक विभाग में दो फैकल्टी मेंबर्स का आपस में भिड़ने की खबर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर संस्थान के भीतर काफी चर्चा है। मामला अब एनआईटी प्रशासन के पास पहुंच गया है। हालांकि पुलिस तक इसकी शिकायत नहीं गई है, लेकिन कहा गया है कि इस तरह की हाथापाई और लड़ने झगड़ने की यह घटनाएं एनआईटी के भीतर पिछले कुछ अरसे से होती चली आ रही हैं। स्टूडेंट का लड़ाई झगड़ा तो सुर्खियां बटोर चुका है, फैकल्टी मेंबर्स भी पहले इसमें शामिल हुए हैं।

# गरीब की मदद को आगे आया चेरिटेबल ट्रस्ट


गरीब परिवार को आर्थिक सहायता सौंपते ट्रस्ट के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

रोपा गांव के एक गरीब परिवार की मदद करने के लिए गलवान अमर शहीद अंकुश सिपाही सेवा मेडल चेरिटेबल ट्रस्ट ने अपने हाथ आगे बढ़ाए हैं। रोपा गांव के विजय कुमार की कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

विजय कुमार एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता था। इसकी जानकारी ट्रस्ट को मिली और ट्रस्ट ने विजय कुमार की धर्म शांति के लिए 11000 रुपए की राशि पीड़ित परिवार को दी है। इसके अलावा पांच मन चावल भी दिए। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा उनके घर में जाकर परिवार वालों से मुलाकात कर उन्हें आर्थिक तौर पर 11000 व चावल दिए गए हैं। वहीं, इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार के साथ फाइनेंशियल सेक्रेटरी प्रदीप कुमार, लीगल एडवाइजर बलदेव इस अवसर पर मौजूद रहे।

# जाहू में 11 घंटे और भुक्कड़ में छह घंटे बिजली रही बंद, उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के जाहू क्षेत्र में बिजली के आने व जाने की समस्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। जाहू क्षेत्र में 11 घंटे व भुक्कड़ क्षेत्र में छह घंटे के बाद बिजली बंद रही। इससे सैकड़ों उपभोक्तओं को ठंड के मौसम में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।

जाहू में भारी बारिश के कारण रविवार शाम करीब आठ बजे बिजली की लाइन पर बांस गिरने के कारण रात भर बिजली बंद रही। जाहू में 33 केवी स्टेशन होने के बावजूद भी यह समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। इससे उपभोक्ताओं में बिजली बोर्ड के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। इसी तरह भरेड़ी में भी बिजली की लाइन में खराबी आने के बाद करीब एक घंटा बिजली बंद रही। कक्कड़ .पंचायत में बिजली की लाइन पर चीड़ के वृक्ष गिरने से करीब सुबह आठ बजे से अढ़ाई बजे तक बिजली बंद रही। जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा, भलवानी अमनदीप, बड़ैहर विरेंद्र महलबाल, कक्कड़ विनोद कुमार, भुक्कड़ किशोर चंद, धमरोल पंचायत उपप्रधान विजय कुमार ने बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता व सहायक अभियंता भरेड़ी से मांग की है कि बढ़ रही बिजली की समस्या का स्थायी हल किया जाए।

### समस्या को दूर करने का हो रहा प्रयास

विद्युत उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता संजय कुमार का कहना है कि जाहू में बिजली की लाइन पर बांस गिरने तथा कक्कड़ के पास चीड़ का पेड़ गिरने के कारण बिजली की समस्या आई है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बिजली की बहाली की है। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या को दूर करने के हरसंभव प्रयास कर रहा है।

### हमीरपुर में बनेगा कांग्रेस का भवन और दफ्तर

**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि ब्लॉक स्तर की बैठकों के बाद हमीरपुर जिला मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं का बूथ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भारती ने कहा कि इससे पहले सभी ब्लॉकों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठकें करके रणनीति बना ली जाएगी। सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद सुमन पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक लेवल की बैठकों का दौर आठ फरवरी से शुरू हो जाएगा। पहली बैठक नादौन में होगी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि हमीरपुर जिला मुख्यालय पर पार्टी का कार्यालय बनाए जाने के लिए भी मुख्यमंत्री के साथ चर्चा होगी और इस बार कार्यालय के लिए जगह भी ली जाएगी और बढ़िया ऑफिस भी बनेगा इस पर जिला कांग्रेस मुकम्मल तौर पर काम करेगी।

### 33 लाख से चकाचक होगा खेल मैदान

**हमीरपुर।** हमीरपुर बस स्टैंड के ठीक सामने स्थित सीनियर सेकेंडरी ब्वॉयज स्कूल के खेल मैदान में अब कोरियन ग्रास लगेगी। इसका काम शुरू हो गया है। सोमवार को मैदान को मुकम्मल तौर पर उखाड़ दिया गया है। अब इसमें स्क्रैचेज डालकर उस पर मिट्टी को डाला जाएगा, जिस पर कोरियन ग्रास लगेगी। पीडब्ल्यूडी ने जिस टेंडर को आबंटित किया था, उसके तहत खेल मैदान के चारों ओर फुटपाथ भी बनाया गया है। यह काम काफी पहले मुकम्मल हो गया था, लेकिन कोरियन ग्रास के काम को शुरू करने के लिए बीच में काफी वक्त लग गया। अब क्योंकि खेल मैदान को मुकम्मल तौर पर स्क्रैचेज के जरिए उखाड़ दिया गया है गेट भी बंद कर दिया गया है अब न ही तो यहां पर खेल गतिविधियां होंगी और न ही स्कूल में स्टाफ की गाड़ियां पार्क की जा सकेंगी। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन कपिल का कहना है कि काम शुरू हो गया है। 33 लाख का यह टेंडर हुआ है। अब खेल मैदान तब तक बंद रहेगा जब तक कोरियन ग्रास इस पर सही रूप नहीं लेगी।

### बाबा बालकनाथ मंदिर में बरसी मेला 19 को

**बिझड़ी।** उत्तर भारत के प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास दियोटसिद्ध के समधीलिन महंत शिवगिरि की 20वीं बरसी मेला का आयोजन 19 फरवरी को किया जा रहा है। इस मौके पर बाबा बालक नाथ की चौकी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख कलाकार बाबा का गुणगान करेंगे। बाबा की गुफा में ध्वजारोहण के बाद चौकी का आयोजन महंत आवास के प्रांगण में किया जाएगा। देश-विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धांजलि देने के लिए पंहुचते हैं। बाबा बालक नाथ मंदिर में बाबा ने कई सालों तक दूना लगाकर तप किया है। मंदिर में महंत परंपरा भी सदियों पुरानी है। मंदिर के विकास में महंत परंपरा का निर्वहन सदियों से किया जा रहा है। महंत शिवगिरि महाराज ने मंदिर में विभिन्न सुधार किए हैं। मंदिर में लंगर शुरू करने से लेकर शिक्षण संस्थानों का शुभारंभ भी शिवगिरि महाराज ने करवाया। वर्तमान महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज के आवास पर गद्धी पर आकर श्रद्धालुओं द्वारा शीश नवाकर बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध की यात्रा को पूर्ण माना जाता है। समधीलिन महंत शिवगिरि की 20वीं बरसी मेला में भाग लेने के लिए देश विदेश से श्रद्धालु बाबा की नगरी में गद्दी आसीन महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि से आशीर्वाद देने के लिए पहुंचते हैं।

### सरकार कर रही पेंशनर्स का शोषण : योगराज

**हमीरपुर।** वर्तमान सरकार द्वारा कर्मचारियों व पेंशनर्स के देय आर्थिक लाभों पर चुप्पी ही साथ रखी है। पूर्व में भी सरकारें ऋण ले-लेकर ही प्रदेश में कामकाज चलाती आई हैं और समय-समय पर कर्मचारियों व पेंशनर्स को किसी न किसी पर्व पर उनके देय हक जारी होते ही रहे हैं। यह बात हमीरपुर के पेंशनर्स भवन में हुई हिम आंचल पेंशनर्स संघ की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उनका कहना था कि सरकार खजाना खाली होने के बहाने कब तक पेंशनर्स का शोषण करती रहेगी। पेंशनर्स को राज्य स्तरीय पूर्णराज्य दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पूर्ण आशा थी कि वृद्धावस्था में बीमारियों से जूझ रहे पेंशनर्स को उनका देय बाकाया जिसमें पेंशन संशोधन की 80 प्रतिशत बाकाया राशि, ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युटेशन, महंगाई भत्ते की किस्तें, चिकित्सा बिलों के भुगतान शामिल हैं, सरकार जारी कर देगी, परंतु सरकार महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने तक की भी घोषणा करना उचित न समझा। वृद्ध पेंशनर्स में सरकार के उदासीन रवैये पर काफी रोष पनप रहा है। बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांगों एवं पेंशन संशोधन के आर्थिक लाभों का वर्षों से सरकार द्वारा भुगतान न किए जाने पर गंभीरता से विचार किया गया।

# विश्व के लोगों के मानवीय मूल्य एक समान : प्रो. शशि

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर में सोमवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों (यूएचवी) पर आधारित तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। इसमें यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों के 70 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि आज के इस दौर में मानवीय मूल्यों का हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे समाज, पर्यावरण और प्रकृति का बचाव हो सके। पूरे विश्व एक परिवार है, यहां पर रहने वाले हर व्यक्ति के मानवीय मूल्य भी एक समान हैं।

# नगर परिषद हमीरपुर टाउन हॉल की पार्किंग बनी इनकम का जरिया

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

नगर परिषद हमीरपुर के टाउन हाल की पार्किंग इनकम का जरिया बनती जा रही है। टाउन हाल में रोजाना 15 से 20 गाड़ियां पार्क हो रही हैं। ऐसे में लोगों को भी शहर के बीच में जहां पार्किंग की सुविधा मिल रही है, वहीं नगर परिषद भी पार्किंग से हर माह 18 से 20 हजार रुपए की इनकम कमा रहा है।

टाउन हाल परिसर में सुबह 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक कोई भी वाहन मालिक अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर पार्क कर सकता है। इसके लिए रेट निर्धारित किए गए हैं। घंटों के हिसाब से वाहन मालिकों से पैसे वसूले जा रहे हैं। शहर के बीच में पार्किंग स्थल होने से यहां पर वाहनों की आवाजाही दिन भर लगी रहती है। क्योंकि यहां पर वाहन पार्क करके वाहन मालिक आराम से शॉपिंग कर सकते हैं। ऐसे में टाउन हाल परिसर गाड़ियों से पैक नजर आ रहा है।


पार्किंग से 18 से 20 हजार माह हो रही इनकम।

यही नहीं पार्किंग में एक-एक माह के लिए भी पांच से सात वाहन खड़े रहते हैं। इन वाहन मालकों से हर माह 1000-1000 रुपए किराये के लिए जा रहे हैं। पार्किंग से पूर्व यहां पर पार्षद को और स्थानीय दुकानदारों के वाहन ही फ्री में खड़े रहते थे। नगर परिषद में काम करवाने पहुंच रहे लोगों को भी परिसर में वाहन खड़े करने की सुविधा नहीं मिलती थी। ऐसे में जब से पार्किंग सिस्टम शुरू किया गया है। अब वाहन लगाने का भी झंझट खत्म हो गया है।

वहीं, नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजेमर सिंह ठाकुर का कहना है कि टाउन हाल की पार्किंग में रोजाना 15 से 20 गाड़ियां पार्क हो रही हैं। इसके अलावा एक-एक माह के लिए भी वाहनों को परिसर में पार्क किया जा रहा है। नगर परिषद को टाउन हाल की पार्किंग से ही हर माह 18 और 20 हजार रुपए की इनकम हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# वर्ल्ड वाचिंग में नेरी कॉलेज की अंशिता की टीम रही प्रथम


डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी कॉलेज नेरी की वर्ल्ड फेस्टिवल में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाली टीम कॉलेज डीन के साथ।

**अनंत ज्ञान, रंगस**

डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी कॉलेज नेरी की टीम ने हाल ही में वर्ल्ड फेस्टिवल में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। कॉलेज के स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार जीते हैं।

वर्ल्ड फेस्टिवल में विभिन्न कॉलेजों एवं यूनिवर्सिर्टिस के स्टूडेंट्स ने भाग लिया था। वन एवं वन्य जीवन विभाग द्वारा अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें अंशिता ठाकुर, कोमल, अनु और पार्थ वर्मा ने वर्ल्ड वाचिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। रीवू ने क्रॉसवर्ड में द्वितीय स्थान, अंशिता कश्यप और अन्नय शर्मा ने क्विज में द्वितीय स्थान हासिल किया।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अनन्या शर्मा, मृदुल, देवांशी और विनिका ने तृतीय स्थान ग्रहण कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। डॉ. सोमनाथ शर्मा ने स्टूडेंटस का इन उपलब्धियां के लिए मार्गदर्शन किया है। डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने स्टूडेंट्स को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। वहीं, नेरी कॉलेज के डीन डॉ. कमल शर्मा ने भी सभी विजेता स्टूडेंटस का उत्साहवर्धन कर बधाई दी है।

**उद्घाटन** सुजानपुर विस क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते उनके पास पक्षपात को जगह नहीं : राणा

# लग कढ़ियार में नवनिर्मित पंचायत भवन का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने लग कढ़ियार पंचायत में लगभग 29 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते उनके पास पक्षपात के लिए कोई जगह नहीं है, यही उम्मीद उन्हें पंचायत वासियों से भी है। उनका हर काम राजनीति से ऊपर उठकर होगा।

पंचायतों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायतें पूरे हिमाचल के लिए एक उदाहरण बनकर उभरें। इसी सोच को धरातल पर उतारना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए पंचायत भवन से पंचायत में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। गांवों की उन्नति व विकास के लिए हम सबको मिल-जुलकर काम करना होगा, इसलिए सभी पंचायतवासी मिलकर आगे आएं।



सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा पंचायत भवन का उद्घाटन करते हुए।

हर गांव में एक समान काम हों, कहीं कोई समस्या हो तो उन्हें बेझिझक बताएं, वह हर समय जनता के लिए समर्पित है। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र राणा ने जनसमस्याएं भी सुनीं व अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शेष समस्याओं का शीघ्र निपटारा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर भटेड़ पंचायत में विभागीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याएं सुनीं। विधायक ने कहा कि जो भी लोगों की समस्याएं हैं, उन्हें मौके पर निपटाया जा रहा है ताकि उन्हें बेवजह कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े। अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं कि वह लोगों के प्राथमिकता के आधार पर कार्य समय पर पूरा करें ताकि किसी को भी किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

# टौणी देवी में आयोजित हुई महिला पहाड़ी गीत-संगीत प्रतियोगिता


बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अरुण धूमल का फूलों से स्वागत किया गया।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर जिला हमीरपुर में आयोजित महिला पहाड़ी गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन टोनी देवी में किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अरुण धूमल ने शिरकत की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन पर जिला हमीरपुर में महिला गीत संगीत प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए हिमाचली संस्कृति हिमाचली बोली और हिमाचली गानों पर खूब धमाल मचाते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं । अरुण धूमल ने आयोजित इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर भाजपा जिला महिला मोर्चा और मंडल सुजानपुर की नारी शक्ति को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली तमाम महिलाओं को जीत का आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन रंजीत सिंह राणा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान, मंडल के अध्यक्ष विक्रम राणा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज ठाकुर, महामंत्री किरण वाला, विजय बहल सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# घुमारवीं एचआरटीसी वर्कशॉप की हालत खस्ता, कभी भी गिर सकता है भवन

## कई दशकों से मात्र दो खंडहरनुमा कमरों में ही चल रही वर्कशॉप, कोई सुध लेने को नहीं तैयार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं बस स्टैंड स्थित परिवहन निगम की वर्कशॉप की हालत खस्ता है। सब डिपो घुमारवीं के बस स्टैंड पर स्थित वर्कशॉप के गिरने का खतरा बना हुआ है, लेकिन कोई इसकी सुध लेने को तैयार नहीं है। मात्र दो खंडहर नुमा कमरों से संचालित इस वर्कशॉप की हालत इतनी खराब है कि यह कभी भी गिर सकती है। हालत इतनी खराब है कि इस खंडहर नुमा वर्कशॉप में कर्मचारियों के न बैठने का उचित प्रबंध है, न ही उनके खाने-पीने के लिए किसी कमरे की व्यवस्था है। जर्जर हालत में पहुंच चुका यह वर्कशॉप भवन कभी भी कोई बड़ा हादसा पेश कर सकता है। इस भवन को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले कई वर्षों से इस वर्कशॉप में कोई रिपेयर का काम नहीं हुआ है। बरसात होने पर जहां टूटी-फूटी छतों से पूरा पानी वर्कशॉप के अंदर घुसता है। वहीं, गर्मियों में पूरी धूप, धूल मिट्टी से बचना भी कर्मचारियों के लिए मुश्किलों भरा होता है। इस वर्कशॉप के कमरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसे अच्छा आधुनिक सुविधाओं के साथ नवीनीकरण की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन ऐसा लगता है जैसे परिवहन विभाग के अधिकारी किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठे हो।


घुमारवीं एचआरटीसी वर्कशॉप।

### जमीन की प्रक्रिया नहीं बढ़ पाती आगे



बताते चलें कि उपमंडल में प्रस्तावित एचआरटीसी के सब डिपो के लिए बनने वाले वर्कशॉप के लिए पिछले कई सालों से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन हर बार बार जमीन की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण आगे नहीं बढ़ पाती है। हालांकि घुमारवीं के अबढानी घाट के पास छह बीघा जमीन पर वर्कशॉप बनाना प्रस्तावित था, लेकिन वन संरक्षण अधिनियम के तहत मंजूरी न मिल पाने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पाई।

> वर्कशॉप के कमरों के निर्माण कार्य को बहुत जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए उच्च अधिकारियों को प्रपोजल बनाकर भेज दिया गया है, जैसे ही बजट आएगा कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जहां तक बस स्टैंड के अंदर जाम लगने की बात है, तो आने वाले कुछ दिनों में आउटर रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद बसों के आने और जाने का रास्ता अलग-अलग होगा, जिससे बार-बार लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिल जाएगा।
>
> **धर्म दत्त, अड्डा प्रभारी बस स्टैंड घुमारवीं।**

# त्रिवेणीघाट में पेयजल योजना को लेकर ग्रामीणों का विरोध

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- लोगों ने अर्की क्षेत्र के लोगों से बात की और अपनी चिंताओं से अवगत करवाया
- खड्ड पर पहले से चल रही 27 पेयजल योजनाएं होंगी प्रभावित

सोलन और बिलासपुर की सीमा त्रिवेणीघाट में ग्रामीणों का रोष लगातार जारी है। अली खड्ड पर बनाई जा रही पेयजल योजना के विरोध में ग्रामीणों और किसानों ने आंदोलन तेज कर दिया है।

आंदोलन के 12वें दिन सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और किसान धरना स्थल पर एकत्रित हुए। इस दौरान जल शक्ति विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वहीं, बिलासपुर के लोगों ने अर्की क्षेत्र के लोगों से बात की और अपनी चिंताओं से अवगत करवाया। लोगों का कहना है गर्मियों के मौसम से इस खड्ड का जलस्तर मात्र डेढ़ इंच रह जाता है। यदि प्रतिदिन 10 लाख लीटर पानी उठाने वाले इस कीकर-नवगांव योजना को बनाया जाता है, तो इस खड्ड पर पहले से चल रही 27 पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी। किसानों को सिंचाई के लिए पानी तक नहीं मिल पाएगा और खेतीबाड़ी छोड़नी होगी, जबकि बिलासपुर में इसी क्षेत्र से सबसे अधिक फसलों की पैदावार होती है। उधर, अली खड्ड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता रजनीश शर्मा ने बताया कि इस योजना को सरकार को बंद करना होगा।



सरकार ने योजना से होने वाले प्रभाव जानने के लिए एक कमेटी भी गठित की, यदि सरकार को रिपोर्ट बनानी ही है, तो मई-जून में रहते खड्ड के जलस्तर के आधार पर बनाई जाए।

# कांग्रेस के आने के बाद कानून व्यवस्था चरमराई: महेंद्र

**बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से कानून व्यवस्था चरमरा गई है। कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में आपराधिक तत्वों के साथ ही नशा और खनन माफिया खूब फल-फूल रहे हैं। उनके हौसले बुलंद हैं।

कानून व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने के बजाए प्रदेश सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा बुलंद करके सत्ता में आई कांग्रेस का अब तक कार्यकाल व्यवस्था बिगाड़ने वाला ही साबित हुआ है। 13 माह की अवधि में कानून व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। असामाजिक और आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। चंबा में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बद्दी में दिन-दहाड़े गोलीकांड हुआ। सुनसान जगहों पर तो छोड़ो, वाहनों की आवाजाही के लिहाज से अत्यधिक व्यस्त फोरलेन और नेशनल हाई-वे पर भी लोगों और पर्यटकों से लूटपाट के प्रयास हो रहे हैं।

# एम्स में स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया करवाया जाए

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

- राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने एम्स बिलासपुर के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने सरकार से आग्रह किया कि एम्स बिलासपुर में स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया करवाया जाए।

स्थानीय युवाओं के हितों की अनदेखी सहन नहीं होगी। प्रदेश के बाहरी युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है, लेकिन स्थानीय युवा इससे वंचित हैं। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने एम्स बिलासपुर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस धरना-प्रदर्शन में युवा मोर्चा अध्यक्ष जगदीप ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता अनूप ठाकुर, जिला सचिव किशोरी लाल व कोठीपुरा पंचायत की प्रधान पिंकी देवी, नौणी पंचायत के उपप्रधान प्रीतम सिंह ने कहा कि एम्स बिलासपुर में प्रदेश के युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश का युवा अपने आप को ठगासा महसूस कर रहा है। केंद्र सरकार को स्थानीय युवाओं को एम्स बिलासपुर में रोजगाार मुहैया करवाया जाना चाहिए।

स्थानीय युवाओं को उम्मीद थी कि बिलासपुर में एम्स खुलने के बाद स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा, जिससे आर्थिक स्तर पर भी सुदृढ़ होंगे, लेकिन यहां पर बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है, जो कि न्यायसंगत नहीं है। उक्त लोगों ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने को लेकर कई बार आवाज बुलंद की गई है, लेकिन हर बार अनदेखी हुई है, जिसके चलते अब आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया है कि वे आगे आएं।

# भाषण प्रतियोगिता में नवीना रही प्रथम


हिमकोस्टे के सौजन्य से चुवाड़ी स्कूल में जल एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमकोस्टे के सौजन्य से चुवाड़ी स्कूल में जल एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बिलासपुर के साइंस सुपरवाइजर कश्मीर सिंह और आईटीआई घुमारवीं के इंस्ट्रक्टर विनोद कुमार और मनोज कुमार ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा नवीना ने प्रथम स्थान, अंजली ने द्वितीय स्थान और आरुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में आशीष कुमार प्रथम, नव्या द्वितीय एवं सूर्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में रिसोर्स पर्सन के रूप में आए सभी महानुभावों ने बच्चों को जल एवं ऊर्जा संरक्षण पर जानकारी दी। इसमें उन्होंने रोजमर्रा की दिनचर्या से उदाहरण लेते हुए बच्चों को भरपूर जानकारी प्रदान की। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की मुखयाध्यापिका भावना ने भी बच्चों को ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# घुमारवीं के अबढानीघाट में ढाबा संचालक के साथ की मारपीट

## 40 हजार रुपए ले जाने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही

घुमारवीं शहर के अबढानीघाट में एक ढाबा संचालक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।



ढाबा संचालक ने दुकान मालिक पर मारपीट करने और 40 हजार रुपए ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में पुरुषोत्तम कुमार निवासी गांव चनोल डाकघर तलेली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने बताया कि घुमारवीं के अबढानीघाट में किराये की दुकान में ढाबा चलाता हूं। गत दिवस शाम को दुकान मालिक अपने साथियों के साथ ढाबे पर आया। उसने 200 रुपए का मीट पैक करने को कहा।

मीट पैक करने के बाद जब पहले के उधार 500 रुपए देने को कहा, तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। गल्ले से करीब 40 हजार रुपए ले गए। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सदर खंड व सदर इकाई की संयुक्त बैठक सात को

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड बिलासपुर एवं सदर इकाई की संयुक्त बैठक सात को बाबा विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक ओपी गर्ग की ओर से की जाएगी।

यह जानकारी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड के सचिव राम प्रकाश ने दी। उन्होंने सदर खंड की सभी इकाइयों, जिसमें शहरी, चांदपुर, कंदरौर, बैरी बरमाणा, घाघस, नम्होल, पंजगाईं, दियोथ, जुखाला व मलोखर के समस्त प्रधानों व सचिवों से इस बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है। इस मासिक बैठक में पेंशनर्स के विभिन्न लंबित समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी तथा प्रदेश सरकार की ओर से 25 को पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर कर्मचारी व पेंशनर्स को कोई भी वित्तीय लाभ न देने पर भी मंथन किया जाएगा। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के मुख्य सलाहकार जेके नड्डा व जिला महासचिव चेतराम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## एयरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रधान बने सरित शर्मा

# मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल को एडवेंचर टूरिस्ट हब बनाया जाएगा



झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत डमली पंचायत के अंतर्गत ऋषिकेश में जल क्रीड़ा प्रेमियों की बैठक का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत डमली पंचायत के अंतर्गत ऋषिकेश में जल क्रीड़ा प्रेमियों की बैठक का आयोजन डमली पंचायत की प्रधान वंदना की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से कहलुर एडवेंचर वाटर एंड एयरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से समलेटा गांव के जगदीश चंद्र के पुत्र प्रमुख समाज सेवक एवं व्यवसायी सरित शर्मा को कहलूर एडवेंचर वाटर एंड एयरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी का प्रधान चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी को चुना गया। उपाध्यक्ष के पद के लिए पूर्व पंचायत प्रधान अक्षरी देवी, महेंद्र सिंह, अनंत राम को लिया गया।

महासचिव के पद के लिए आकाश, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार रसील सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक कुमार, प्यार सिंह गगन अग्निहोत्री को चुना गया। कहलुर एडवेंचर वाटर एंड एयरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सरित शर्मा ने कहा कि मंडी भराड़ी फोरलेन पुल को एडवेंचर टूरिस्ट हब बनाया जाएगा। स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस मौके पर विशेष रूप से गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य निर्मला देवी राजपूत एवं हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इम्तियाज खान, इत्यादि समाजसेवी एवं स्थानीय युवा मौजूद रहे।

# अनीता कुमारी बनी जिला अध्यक्ष

**घुमारवीं।** बेरोजगार कला अध्यापक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष बलवंत सिंह ने की। बैठक में माध्यमिक स्कूलों में 100 बच्चों की शर्त को हटाने और 980 के रिजल्ट को जल्द निकालने के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी का दोबारा चुनाव किया गया।

चुनाव में सभी ने सहमति जताई और सर्वसहमति से सदस्यों को चुना गया। बैठक में अनीता कुमारी को जिला अध्यक्ष, संजय को जिला संगठन मंत्री, गुरु वचन को उपाध्यक्ष, अंजू ठाकुर को सचिव, राजीव ठाकुर को उपसचिव, अमर ठाकुर को कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार को प्रेस सचिव, यशोदा, पूजा गौतम को मुख्य सलाहकार, मधुबाला, अर्जुन सिंह को सलाहकार, प्रदीप कुमार, श्रेष्ठा, नीलम कुमारी, किरण कुमारी को सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश ठाकुर, कोषाध्यक्ष शक्ति प्रसाद, सचिव विजय, बिलासपुर से अंजना कुमारी, प्रदीप शर्मा, संजय कुमार उपस्थित रहे।

# महिलाओं के आत्मविश्वास को मजबूत बनाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- विस क्षेत्र में पांच जोन पर आयोजित होगी प्रतियोगिता

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच से प्रभावित होकर झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल एक अनूठी पहल करने जा रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका देकर उनका आत्मविश्वास मजबूत बनाने के लिए वह मंडल स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित करने जा रहे हैं। इसके लिए झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पांच जोन बनाए गए हैं। अहम बात यह है कि इन प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी भी पूरी तरह से महिलाओं के हाथ में होगी। इस आयोजन पर होने वाला खर्च विधायक जीतराम कटवाल करेंगे। वह प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक महिलाएं झंडूता मंडल भाजपा अथवा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी से संपर्क कर सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को चार जातियां बताते हुए उन पर फोकस किया है। इनमें से महिलाओं के लिए लखपति दीदी जैसी योजना भी चलाई गई हैं, जिसके तहत तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री की इस सोच से प्रभावित होकर झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल भी नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करने जा रहे हैं। इसके लिए पांच जोन जेजवीं, तलाई, बरठीं, झंडूता व गेहड़वीं बनाए गए हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत नौ फरवरी को पिछड़ा क्षेत्र कोटधार के जेजवीं जोन से होगी। उसके बाद 10 फरवरी को तलाई, 11 को बरठीं, 12 को झंडूता तथा 13 फरवरी को गेहड़वीं जोन की महिलाओं की प्रतियोगिता होगी।

# जगदीश ने संभाला बतौर झंडूता थाना प्रभारी कार्यभार

**झंडूता।** सोमवार को झंडूता थाना प्रभारी के रूप में जगदीश कुमार ने अपना कार्यभार संभाला है। झंडूता थाना प्रभारी जगदीश कुमार इससे पहले बैजनाथ थाना में बतौर प्रभारी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। जगदीश कुमार बिलासपुर के भराड़ी थाना में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



कार्यभार संभालने के बाद जगदीश कुमार ने झंडूता क्षेत्र की व्यवस्थाओं के बारे में यहां पर तैनात कर्मचारियों व अधिकारियों से बातचीत की। इसी के साथ क्षेत्र में शांतिपूर्व माहौल और नियमों की पालना करने के लिए लोगों से अपील की। झंडूता क्षेत्र में लोगों और पुलिस का सीधा संवाद रहेगा। लोगों को किसी भी लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कोई समस्या या फिर कोई चर्चा करनी हो तो, वह सीधे उनसे मिल सकता है।

**मांग** प्रदेश उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ ने एडीसी के माध्यम से मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

# 15000 रुपए का हर महीने झेलना पड़ रहा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ ने डॉ. निधि पटेल अतिरिक्त उपायुक्त, बिलासपुर के माध्यम से मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश को अपनी वेतन विसंगती के लिए ज्ञापन दिया।

तीन जनवरी, 2022 तक अनुबंध पर नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को उच्च वेतनमान देने हेतु एक प्रतिनिधिमंडल हि. प्र. उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ डॉ. निधि पटेल एडीसी, बिलासपुर से मिला तथा महासंघ की तरफ से अपनी एक सूत्री मांग, तीन जनवरी 2022 तक नियुक्त हुए कर्मचारियों को उच्च वेतनमान हेतु मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश, अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से प्रार्थना पत्र सौंपा। इस अवसर पर महासंघ के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र नड्डा ने बताया कि पिछली सरकार में तीन जनवरी 2022 को नया वेतन आयोग लागू किया गया , जिसमें बहुत से कर्मचारियों की वेतन में वृद्धि हुई तथा कुछ कर्मचारी जो तीन के बाद नियमित हुए उनको अपने वरिष्ठ कर्मचारियों की अपेक्षा नियमित होने के दो वर्ष बाद लगभग 13000 से 15000 रुपए हर महीने का नुकसान झेलना पड़ रहा है। इन वंचित कर्मचारियों की विभिन्न विभागों में संख्या 5560 है।


प्रदेश उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजते हुए।

### पूर्व सरकार ने कैबिनेट में दी थी मंजूरी

पूर्व सरकार ने विभिन्न कर्मचारी संगठनों के विरोध के बावजूद निर्णय लिया की तीन जनवरी 2022 तक नियुक्त (नियमित या अनुबंध) पर कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिया जाएगा, लेकिन वित्त विभाग और कार्मिक विभाग के नकारात्मक रवैया की वजह से सिर्फ नियमित हुए कर्मचारियों को ही इसका लाभ मिल सका और जो कर्मचारी तीन जनवरी, 2022 के बाद नियमित हुए उनकी अधिसूचना कार्मिक विभाग की फाइलों में दबकर रह गई, जब कि पूर्व सरकार ने अपनी कैबिनेट में इसको मंजूरी दे दी थी। आज महासंघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर एडीसी डॉ. निधि पटेल को इस वेतन विसंगति के बारे में विस्तार में बताया तथा एक ही विभाग में एक ही पद पर होने के बावजूद दो तरह के वेतनमान पर आपत्ति जताई। महासंघ की तरफ से राज्य कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र नड्डा, राज्य महासचिव रविंद्र शर्मा, जिला बिलासपुर अध्यक्ष महेंद्र चंदेल, जिला महासचिव रवि कांत मराठा के साथ सुरेश नड्डा, सुरेश भारती, चंपा देवी, रेणु, अश्विनी, वरुण, योगेश, अक्षय व अन्य विभिन्न विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया।

# महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता कुपोषण, घरेलू हिंसा की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दधोल**

महिला एवं बाल विकास परियोजना के वृत्त दधोल के अंतर्गत पड़यालग पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र बाड़ी कलां में सशक्त महिला योजना के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास परियोजना वत्त दधोल की पर्यवेक्षिका की ओर से इस शिविर में उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, कुपोषण, अनीमिया आदि के साथ-साथ घरेलू हिंसा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। इस शिविर में पडयालग पंचायत के प्रधान राजेश ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रकीमा, पुष्पा देवी, ममता देवी, अंजना देवी, रीता देवी, अमरती देवी, सोनिका, मीरा देवी शालिनी सहित गांव की महिलाओं ने भाग लिया।



आंगनबाड़ी केंद्र बाड़ीकलां में लगे जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

# वृंदावन धाम में बदला ऊना

- तेरह दिवसीय धार्मिक महोत्सव के तहत निकाली भव्य विशाल शोभायात्रा
- उपमुख्यमंत्री सहित कई प्रमुख हस्तियां हुईं शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**राष्ट्रीय** संत बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां में सोमवार को ऐसा भव्य धार्मिक आयोजन हुआ और ऊना में छोटे वृंदावन का एहसास हुआ। तेरह दिवसीय धार्मिक महोत्सव के तहत ऐसी भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ऐसे थी, मानो वृंदावन धाम के ऊना में ही दर्शन हो रहे हों। सोमवार को दिन भर ऊना में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। मनमोहक झांकियां के साथ ठाकुर जी की पालकी और हिमाचली देवी-देवताओं के रथ इसकी शोभा बढ़ा रहे थे। कई स्कूलों के बच्चे धार्मिक पताकाएं लेकर आगे चल रहे थे। विभिन्न बैंड पार्टियां और भजन गायक इस शोभायात्रा में शामिल थे। बाबा बाल जी के सानिध्य में ऊना के राधा कृष्ण मंदिर से यह शोभायात्रा शुरू होकर मुख्य बाजार ऊना होते हुए वापिस मंदिर में पहुंची। जो श्रद्धालु हिमाचल, पंजाब और अन्य क्षेत्रों से पहुंचे हुए थे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अलावा विधायक सुदर्शन बबलू और देवेंद्र भुट्टो के अलावा कई प्रमुख राजनितिक नेताओं ने भी बाबा बाल मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

## ऊना से वृंदावन के लिए भी चलाई जाएगी बस : मुकेश अग्निहोत्री

- उपमुख्यमंत्री ने राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में टेका माथा
- बाबा बाल जी महाराज का लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**बाबा** बाल जी आश्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में माथा टेका और बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद भी लिया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जिला ऊना के कण-कण में देवी-देवताओं का वास है। जिला के काफी स्थानों पर भव्य मंदिर है, जो कि स्थानीय जनता की आस्था के केंद्र है। उन्होंने कहा कि जिला में प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर, डेरा बाबा रूद्रा नंद जी महाराज आश्रम व बाबा बाल जी महाराज का आश्रम हैं, जो कि काफी लंबे से समय लोगों को धर्म के मार्ग पर ले जाकर प्रभु चरणों में जोड़ने के साथ-साथ सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने का कार्य कर रहे हैं।

बाबा बाल जी महाराज ने बाबा बाल आश्रम से वृंदावन तक एचआरटीसी बस सेवा शुरू करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त बाबा बाल जी ने कहा कि आश्रम में आयोजित होने वाले प्रत्येक धार्मिक आयोजनों को बेहतर ढंग व व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए सरकार व प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलता है।

बाबा बाल जी महाराज जी के आग्रह पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जिलावासियों की सुविधा के लिए जल्द ही ऊना से वृंदावन के लिए एचआरटीसी का बस रूट संचालित किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कोटला कलां स्थित राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण हेतु 25 लाख रुपए राज्य सरकार की ओर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मंदिरों को सौंदर्यीरण किया जा रहा है, ताकि मंदिरों को वैभव व भव्यता बनी रही। उन्होंने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश व अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए दर्शन सेवा प्रणाली के तहत हिमाचल पथ परिवहन निगम के 175 बस रूट चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरिद्वार के लिए एचआरटीसी के 50 बस रूट, अयोध्या के लिए छह बस रूटों सहित अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए दर्शन सेवा प्रणाली के तहत विभिन्न बस रूट चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र सिंह भुट्टो ने राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां स्थित बाबा बाल जी महाराज आश्रम में माथा टेका। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, जिला ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, संजीव सैणी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



















## न्यूज ब्रीफ

### वेस्ट मैटीरियल मैनेजमेंट के बारे में बताया




**बंगाणा।** सोमवार को अटल बिहारी वाजपेई उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एनएसएस इकाई के चौथे दिन की शुरुआत प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी के नेतृत्व में प्रभात फेरी से हुई। स्वयंसेवियों के द्वारा कैंप स्थल से बाबा गुग्गा जाहर पीर मंदिर तक तथा बंगाणा बाजार से होते हुए महाविद्यालय परिसर तक यह प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद स्वयंसेवियों के द्वारा सरस्वती वंदना, आज का विचार, योगाभ्यास और ड्रिल किया किया गया। सुबह के नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवियों की ग्रुप वाइज रिपोर्टिंग हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने शिरकत की। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों के साथ संवाद किया और स्वयंसेवियों से अयोजित हो रहे प्रत्येक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि विशेष शिविर के प्रथम सेशन में स्वयंसेवियों के द्वारा क्रेटिव आर्ट ऑफ वेस्ट मटेरियल पर प्रतियोगिता करवाई गई।

### डे-नाइट शिफ्ट में खत्म होगा कूड़े का पहाड़

**ऊना।** ऊना से निकलने वाले कूड़े को नगर परिषद की रामपुर साइट में फेंका जा रहा है और साइट के डंप पर कूड़े का पहाड़ दिन-प्रतिदिन बड़ा होता जा रहा है। नगर परिषद ने रामपुर में 23 हजार टन कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए सनटेन टेक्नोलॉजिस कंपनी को टेंडर दिया है। कंपनी ने पिछले पांच माह में अब तक 5500 टन कूड़े का निष्पादन कर दिया है, लेकिन अब कंपनी की तरफ से कूड़े के डंप को जल्द खत्म करने के लिए काम में तेजी लाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कंपनी द्वारा डे-नाइट शिफ्ट में कार्य करेगी। इसके लिए कंपनी स्टाफ में मेन पावर बढ़ाएगी। नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में डंप पर करीब 23 हजार टन कूड़ा एकत्रित हो चुका है, जिसमें सिर्फ 5500 टन कूड़े का निष्पादन ही किया गया है।

## बाबा बाल आश्रम से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था : देवेंद्र कुमार भुट्टो

**अनंत ज्ञान बंगाणा**

**कुटलैहड़** के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सोमवार को राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज द्वारा करवाए जा रहे धार्मिक समागम में शिरकत करके राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी का आशीर्वाद लिया और शोभायात्रा में भाग लेकर ठाकुर जी की पालकी को भी कंधा क्रिया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में पढ़ने बाला बड़ा धार्मिक स्थल राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के आश्रम से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। हमारा यह सौभाग्य है कि हम कुटलैहड़ क्षेत्र के निवासी है। हमें राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि इस आश्रम से हर राजनीतिक विचार धारा व्यक्ति नेता की आस्था जुड़ी हुई है। हर बड़े धार्मिक समागम में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आकर अपनी आस्था की डुबकी लगाते हैं। बाबा बाल जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज शोभायात्रा में भाग लेकर हमें भी ऐसा प्रतीत हुआ, जैसे वृंदावन नगरी पहुंच गए हों। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति नेता नागरिक अपनी राजनेतिक विचारधारा को छोड़कर इस पावन पवित्र स्थल बाबा बाल जी आश्रम में आएं और बाबा जी से शुभ आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सड़कों को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन शुरू करेगा निर्णायक लड़ाई

**ऊना।** अतिक्रमण की जद में आने से संकरी गलियों में तबदील हो चुकी उपमंडल गगरेट के प्रमुख कस्बों की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन अब निर्णायक लड़ाई शुरू करेगा। इस समस्या को लेकर सोमवार को एसडीएम गगरेट शशि पाल शर्मा ने बैठक बुलाकर तमाम संबंधित विभागों को गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बे को अतिक्रमण की समस्या से मुक्ति दिलाने के कड़े निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित विभागों की संयुक्त कमेटी का गठन किया गया है जोकि आठ फरवरी को गगरेट कस्बे का निरीक्षण कर दुकानदारों को अतिक्रमण हटा लेने की अल्टीमेटम देगी। इसके बाद भी अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों के आगे से प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाएगा और सड़क तक फैलाकर रखा गया सामान भी जब्त किया जाएगा।

## बेतुकी बयानबाजी न करें भाजयुमो अध्यक्ष : रणबीर राणा

- कुटलैहड़ भाजयुमो अध्यक्ष बताएं कि मुख्य सरगना से आपका क्या संबंध है
- अगर दोबारा विधायक भुट्टो की छवि के खिलाफ बोला, तो करेंगे मानहानि का केस

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र में माफियों को जन्म देने वाले अब माफियों से तंग होने की बात कर रहे हैं और माफियों के मुख्य सरगना परिवार से संबंध रखने वाले ही अब कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो की स्वच्छ छवि को खराब करने पर तुले हुए हैं, लेकिन जनता जानती है कि कुटलैहड़ कौन से परिवार माफियों का जन्मदाता है और किस परिवार से शराब माफिये का मुख्य सरगना पनपा हैं।

हमीरपुर लोकसभा से पूर्व युकां अध्यक्ष एवं कुटलैहड़ के युवा कांग्रेस नेता रणबीर राणा ने बंगाणा में प्रेस वार्ता के दौरान कुटलैहड़ भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष से प्रश्न करते हुए कहा कि कुटलैहड़ से संबध रखने वाले रंगीलू का आप से क्या संबंध है और 2006 में किसने हटली में अवैध शराब की फैक्ट्री लगाई थी। वहीं वह कौन माफियों का मुख्य सरगना हैं, जिन की जहरीली शराब पीकर दो वर्ष पूर्व मंडी में सात लोग मारे गए थे और तत्काल विपक्ष नेता मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा में प्रश्न उठाया था अथवा किसके इशारे पर कुहलैहड़ में शराब माफिया 20 वर्षों तक पनपा रहा?

रणवीर राणा ने कहा कि बेतुकी बयानबाजी से भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष परहेज करें और अगर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो की स्वच्छ छवि को धूमिल करने का प्रयास किया तो हम मानहानि का केस दायर करने से परहेज् नहीं करेंगे। इस मौके पर उपप्रधान अरुण मनकोटिया, अभय राणा, बिक्की शर्मा, बिपुल शर्मा, प्रशांत ठाकुर किशोरी के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता के दौरान रणवीर राणा व अन्य

## नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे किया जागरूक

**ऊना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र ,ऊना के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (कन्या) ऊना एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (बाल) ऊना में आरके कलामंच चिन्तपूर्णी द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियो को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए ज़िला तहसील कल्याण अधिकारी जातिंदर शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (कन्या) ऊना एवं राजकीयऔद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (बाल) ऊना के प्रशिक्षक सहित 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया 7 तहसील कल्याण अधिकारी, ऊना जतिन्द्र शर्मा ने विभाग की तरफ से बच्चों को नशे से बचने व पूरी मेहनत व लग्न से सम्बन्धित ट्रेड का प्रशिक्षण कर अपना भविष्य संवारने का आवाहन किया।

## रोहित लट्ठ ओवरसीज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**ऊना।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने रोहित कुमार लट्ठ को हिमाचल प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस कनाड़ा के अध्यक्ष जगदीप साचा ने रोहित लट्ठ को जिम्मेदारी देते हुए नियुक्ति पत्र जारी किया है। रोहित लट्ठ मूल रूप से ऊना के रक्कड़ कॉलोनी के निवासी हैं, जो कि मौजूदा समय में कनाड़ा के टोरंटो में अपना व्यवसाय कर रहे हैं। रोहित लट्ठ विद्यार्थी जीवन से ही छात्र संगठन एनएसयूआई से जुड़े रहे हैं। इसके बाद युवा कांग्रेस में भी अहम पद पर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रोहित कुमार लट्ठ ने अपनी नियुक्ति पर इंडियन ऑबरसीज कांग्रेस चेयरमैन सैम पित्रोदा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पर्यटन विभाग के चेयरमैन व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव रघुवीर सिंह बाली व कनाड़ा के अध्यक्ष जगदीप साचा का आभार जताया है। रोहित लट्ठ ने कहा कि संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊंगा।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 52 वाहनों के चालान काटे



**ऊना।** ऊना पुलिस ने रविवार को जिले की विभिन्न जगहों पर यातायात के नियम तोड़ने वाले 52 वाहनों के चालान किए हैं। इनमें से कुछ चालकों ने मौके पर ही भुगतान कर दिया जिससे पुलिस को 3000 रूपए जुर्माने के रूप में प्राप्त हुए हैं। साथ ही दो लोगों के चालान सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करने की वजह से काटे गए हैं।

**जायजा**

**उपायुक्त ने इंदिरा खेल स्टेडियम के साथ विभिन्न संस्थानों का किया निरीक्षण, इंडोर स्टेडियम की भी होगी मुरम्मत**

## खेल स्टेडियम में सभी आवश्यक सुविधाएं होंगी उपलब्ध : जतिन लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**उपायुक्त** जतिन लाल ने सोमवार को नेशनल करियर सर्विस सेंटर, प्रेम आश्रम (विशेष स्कूल) व इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में युवाओं का रूझान खेलों के प्रति पैदा करने के लिए खेल स्टेडियम में आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि जिला के खिलाड़ियों को खेल के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाया जा सके। सोमवार को उपायुक्त ने खेल स्टेडियम में सभी खेल मैदान व इंडोर स्टेडियम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों व खेल कोचों के साथ खेल मैदानों में खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंडोर स्टेडियम में टेबल टेनिस, बैडमिंनट व जुडो खेल की सुविधाएं उपलबध हैं। जतिन लाल ने कहा कि इंडोर स्टेडियम की मुरम्मत करवाने के लिए लोक निर्माण विभाग से प्राकलन तैयार करवाया जाएगा, ताकि खेलों को बढ़ावा दिया जा सके और खिलाड़ियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान हो सके। जतिन लाल ने कहा कि इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम को भी बेहतर व व्यवस्थित खेल मैदान बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को उनकी रूचि के अनुसार खेल मैदान की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही हॉकी मैदान में भी खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम व वाशरूम का प्रबंध भी किया जाएगा। उन्होंने डीआरओ को खेल मैदान की डिमार्केशन करवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने खेल मैदान में स्थित स्विमिंग पूल व स्पोर्ट्स हॉस्टल इत्यादि का भी निरीक्षण किया।



### नेशनल करियर सर्विस सेंटर के बच्चों से मिले डीसी

**डीसी** ने नेशनल करियर सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया और वहां प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे विशेष बच्चों से मुलाकात की तथा उनके साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने नेशनल करियर सर्विस सेंटर में कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला (ऑटोमोबाइल) व मूल्यांकन कार्यशाला (जनरल मकैनिक) का भी निरीक्षण किया।

### प्रेम आश्रम विशेष स्कूल में बच्चों से भी की मुलाकात

**उपायुक्त** ने प्रेम आश्रम विशेष स्कूल में जाकर बच्चों से मुलाकात की तथा विशेष बच्चों के साथ टेबल टेनिस खेला। विशेष बच्चों ने उपायुक्त के साथ हाथ मिलाया और नमस्ते की, जिससे बच्चे काफी खुश हुए। उपायुक्त ने वहां के अध्यापकों से कहा कि बच्चों को भरपूर प्यार दें और प्यार से ही बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार पढ़ाएं, ताकि बच्चों को अच्छा अनुभव हो सके। उन्होंने पुराने बीडीओ कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कार्यालय के समीप पार्क को भी देखा। उन्होंने कहा कि पुराने बीडीओ कार्यालय स्थल पर एक बढ़िया कांप्लैक्स बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने डीआरओ को पुराने बीडीओ कार्यालय के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसी वरिंदर शर्मा, बीडीओ केएल वर्मा, डीआरओ अजय कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

जब लोग किसी को पसंद करते हैं तो उसकी बुराई भूल जाते हैं और जब किसी से नफरत करते हैं तो उसकी अच्छाई भूल जाते हैं। - अज्ञात



## भवन निर्माण के नियम सख्त करना काबिलेतारीफ

**सुक्खू** सरकार हिमाचल में इसी माह से भवन निर्माण के नियम सख्त करने जा रही है। सरकार का यह फैसला निश्चित रूप से काबिलेतारीफ है। जिस तरह पिछले साल आपदा आई थी उसे देखते हुए यह सख्ती करना बेहद जरूरी हो गया था। दरअसल, आपदा से इतना ज्यादा नुकसान भी नहीं होना था, लेकिन लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं और ऐसी जगह पर मकान बना दिए हैं जहां पर बनने नहीं चाहिए। न तो पानी की निकासी का ध्यान रखा और न ही नियम माने। सुक्खू सरकार ने अब उस आपदा से सबक लेते हुए नालों और खड्डों से उचित दूरी बनाने रखने के लिए भवनों के निर्माण करने नियम तय किए हैं। चाहे राजस्व रिकॉर्ड में नदी और नालों का जिक्र न भी हो, लेकिन मौके पर नाले से पांच मीटर और खड्डों से सात मीटर छोड़कर ही भवनों का निर्माण करना पड़ेगा। यानी भवन जहां भी बनेंगे उनकी सुरक्षा को पहले देखा जाएगा। हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से भवनों को भारी नुकसान हुआ था। नालों और खड्डों के किनारे भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। कई जगह तो भवनों का नामोनिशान तक मिट गया था।

प्रदेश सरकार पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रही है और ऊपर से उसे करोड़ों रुपए का मुआवजा देना पड़ा और वो भी तब जब केंद्र से राहत मांगने के बावजूद अपेक्षानुरूप मदद भी नहीं मिली। बरसात ने हिमाचल को जो गहरे जख्म दिए उससे प्रदेश बड़ी मुश्किल से संभला है। सीएम सुक्खू खुद ग्राउंड जीरो पर उतरे थे। इसके बाद सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज जारी किया और लोगों तक आपदा प्रभावितों तक राहत पहुंचाने का काम किया। सीएम सुक्खू ने खुद अपनी निजी कमाई से राहत कोष में 51 लाख रुपए की राशि दी। कई बच्चों ने अपने गुल्लक तोड़कर आपदा राहत कोष में दान किए। इसके अलावा और दानवीर भी आगे आए तब जाकर प्रदेश में हालात सुधरे। हिमाचल प्रदेश में पहले नालों से तीन, जबकि खड्डों से पांच मीटर दूरी पर ही भवनों का निर्माण किए जाने का प्रावधान था, लेकिन अब नए नियमों से भवन भी उसी स्थान पर बनेंगे जहां खतरा न हो। राजस्व रिकॉर्ड में अगर नाले व खड्ड का जिक्र नहीं है तो वहां चार बिस्वा प्लॉट के फ्रंट में दो मीटर सेटबैक छोड़ना होता था। कुल्लू, मनाली, चंबा, मंडी में घरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। यह नुकसान इसलिए भी ज्यादा हुआ, क्योंकि वहां भवन बनाती वक्त नालों और खड्डों से उचित दूरी नहीं बनाई गई थी। आपदा से पांच सौ से ज्यादा लोग मारे गए थे और 13000 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो गया था। हिमाचल ने इससे पहले इतनी भयावह त्रासदी नहीं देखी थी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से न सिर्फ राहत मैनुअल में बदलाव किया, बल्कि विशेष राहत पैकेज भी जारी किया।

अब सरकार जलवायु परिवर्तन की भावी चुनौतियों से निपटने के मकसद से कमर कसने लगी है। हिमाचल को बाढ़ की विभीषिका से बचाने की सुक्खू सरकार की कवायद अगर सफल हो गई तो इसका लाभ अमूल्य जीवन बचाने में मिलेगा। लोगों को भी चाहिए कि वे सरकार के नियम कायदों का पूरी तरह से पालन करे ताकि प्रदेश दोबारा किसी मुसीबत में न फंसे आर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे।

# अब तो गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज


**आशीष वशिष्ठ**
(लेखक, स्वंत्रत टिप्पणीकार हैं।)

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिंदू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू हो गई है।

हिंदू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी, जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता शृंगार गौरी की पूजा हो रही थी। ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिंदू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं।

होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में हिंदू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को हिंदुओं को सौंपने की नीति बनाती लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिंदुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिंदुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिंदू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी, लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिंदुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिंदुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति-रिवाजों को तो उलट-पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई। देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्वधर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते, तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता। अयोध्या का विवाद तो स्वाधीनता के पहले से चला आ रहा था। वास्तव में, देश में एक ऐसी जमात है जो भय और लोभ से भरी हुई है। उसमें कायरता का कीचड़ है। वह ऐतिहासिक यथार्थ और सांस्कृतिक सत्य का सामना करने से कतराती है। समस्या का समाधान सौदेबाजी में तलाशती है और समस्या को टालते जाने को अपनी कुशलता और चतुराई मानती है। इस जमात के भगीरथ हैं राजनेता। ऐसा राजनेता जिनकी सोच और दृष्टि का क्षितिज केवल एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक का है। भावी पीढ़ियों, दशाब्दियों और शताब्दियों की बात सोचने का सामर्थ्य उनमें नहीं है। वे हम मर गए तो किसने दुनिया देखी की मानसिकता से पीड़ित हैं। सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ित इन लोगों को राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। राजनीतिक नेतृत्व में भय एवं राष्ट्रीय समाज के मौन से तुष्टिकरण और खुशामद कर जन्म हुआ था। यह इतिहास सिद्ध अनुभव है कि हिंदुओं का मौन राष्ट्र के विभाजन को जन्म देता है।

अल्पसंख्यकों की मुखरता और उनका तुष्टिकरण राष्ट्र के भूगोल को बिगाड़ता और इतिहास का मान भंग करता है। 1991 में केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने जो कानून बनाया, उसके अनुसार 15 अगस्त, 1947 को किसी भी धर्मस्थल की जो स्थिति थी उसे परिवर्तित नहीं किया जाएगा। लेकिन अयोध्या विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय इस आधार पर दिया कि बाबरी ढांचा हिंदुओं के मंदिर को मस्जिद का रूप देकर खड़ा किया गया था। ठीक वही बात ज्ञानवापी के बारे में भी सामने आ रही है। अयोध्या विवाद को सुलझाकर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रास्ता खोल दिया वह उन सभी धर्मस्थलों को मुक्त करवाने में सहायक होगा, जिनको मुस्लिम शासकों ने बलपूर्वक मस्जिद का रूप दे दिया। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता की बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दोराय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिंदुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्मस्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाई कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था।

मुस्लिम समाज को यह बात समझ लेनी चाहिए कि जिन राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर वह सच्चाई कि स्वीकार करने से बचता है, उनका उद्देश्य मात्र उनके वोट प्राप्त करना है। जहां मूर्ति हो और जिस भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हो, वहां मस्जिद बनाने और नमाज पढ़ने को कुरान और पैगंबर दोनों ने मना किया है। मस्जिद को हटाने का भी कुरान में निषेध नहीं है। ऐसे में वो विशाल हृदय का प्रदर्शन करते हुए अतीत में मुगल शासकों द्वारा हिंदुओं के धर्मस्थलों पर बलपूर्वक अधिकार जमाने और नियंत्रण किए जाने वाली गलती को सुधारने की पहल करते हुए उनकी सद्भावना प्राप्त करें। सद्भावना और सहिष्णुता एकपक्षीय नहीं, द्विपक्षीय होती है। एक पक्ष को अपमानित करके दूसरे पक्ष को सम्मान देने से सद्भाव को नहीं, शत्रुता का जन्म होता है। जन-जन को दिग्भ्रमित करने के दुष्चक्र की लंबी कहानी है।

नजरिया

## युद्ध, हिंसा, पुरुष सोच और नारी

नारी ही रोक सकती है संसार में किसी भी युद्ध और हिंसा को। केवल मात्र कोई एक दिन ही महिला दिवस नहीं होता।

हर दिन नारी का होता है। बस, संपूर्ण विश्व की समस्त नारियां यह संकल्प कर लें कि युद्ध नहीं होगा, तो फिर युद्ध कभी नहीं होगा। कोई मां अपनी संतान को युद्ध में नहीं भेजेगी। कोई बहन अपने भाई को, कोई पत्नी अपने पति को, कोई प्रेमिका अपने प्रेमी को, कोई बेटी अपने पिता को युद्ध में जाने की कभी अनुमति नहीं देगी, तो फिर ये लड़ाइयां, हिंसा, युद्ध होंगे कैसे? फिर नारी हठ के सामने तो भगवान को भी झुकना पड़ता है, फिर यह अदना-सा पुरुष / मर्द चीज ही क्या है? व्यक्तिगत रूप से मैं तो यहां तक सोचता और मानता हूं कि सारी दुनिया के राज-काज, सत्ता, नियंत्रण, नेतृत्व नारी के ही पास होना अनिवार्य है। समस्त विश्व की शांति और समृद्धि के लिए ऐसा हो गया तो फिर दुनिया भर के सर्वथा स्वार्थी, दुष्ट राजनीतिज्ञ/ राजनीतिक शैतानों की सभी नीच और अधम योजनाएं धरी की धरी रह जाएंगी। एक व्यक्ति जो बड़ी सहजता से मानवप्रेमी, प्रकृति प्रेमी बन सकता था, उसे ही दुष्ट व नीच राजनीतिक लोग सैनिक बना डालते हैं। भारत सहित सारी दुनिया में बहुत सारे, सभी नहीं, मूढ़, स्व-घोषित साधु-संत, बाबा, गुरु महाराज ये घोषणाएं करते मारे-मारे फिरते हैं कि नारी नरक का द्वार है। कभी नहीं, नारी नहीं बल्कि मनुष्य के निम्न विचार और अधम सोच ही नरक प्राप्ति के समुचित और पक्के साधन हैं। प्रकृति-स्वरूपा प्रेम, करुणा, तपस्या, त्याग, संवेदनशीलता, ममता से परिपूर्ण नारी ही इस विश्व का कल्याण और उद्धार कर सकती है।

**मनुष्य के निम्न विचार और अधम सोच ही नरक प्राप्ति के समुचित और पक्के साधन हैं। प्रकृति-स्वरूपा प्रेम, करुणा, तपस्या, संवेदनशीलता, त्याग, ममता से परिपूर्ण नारी ही इस विश्व का कल्याण और उद्धार कर सकती है।**


-मुमुक्षु के ठाकुर
स्तंभ लेखक, ओबड़ी, चंबा

## अंदाज-ए-बयां — गजल

*बढ़ी फितरत है नेता की बहाना ढूंढ लेती है।*
*बने वोटर सदा मेरा निशाना ढूंढ लेती है।*
*करे झूठे सभी वादे दिखावा खूब है करता,*
*अदा उस की बढ़ी जालिम नचाना ढूंढ लेती है।*
*बने सरकार अपनी ही लगाता है सदा बोली,*
*चला के नोट जनता को पटाना ढूंढ लेती है।*
*बढ़े नायाब जुमले वो करे दिल खोल लोगों से,*
*चतुर सरकार को, वोटर गिराना ढूंढ लेती है।*
*नहीं चलती सदा ही राजनीति यहां गंवारों की,*
*प्रजा गद्दार को रास्ता दिखाना ढूंढ लेती है।*
*बड़े ही प्यार से सब का वही दिल जीत लेता है,*
*उसी नेता को सिर आंखों बिठाना ढूंढ लेती है।*

**शायर : शिव सन्याल**
**जवाली, कांगड़ा हिप्र**

## चरित्रवान, प्रशिक्षित और दक्ष मानव संसाधन से ही विकसित भारत की कल्पना होगी साकार


लेखक : गिरीश्वर मिश्र
(महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

**देश** को अगले तीन दशकों के बीच यानी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाते वक्त विकसित देशों में शुमार करने का संकल्प बड़ा ही आकर्षक है। हालांकि हालात कैसे करवट बदलते हैं, कोई नहीं जानता। इसलिए दावे से यह नहीं कहा नहीं जा सकता कि 2047 तक दुनिया क्या रूप ले लेगी। आज की स्थितियां बनी रहेंगी या कुछ और नक्शा बनेगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

सन् 1947 से अब तक के दौर में इतिहास भूगोल के साथ काफी कुछ घटित हो चुका है। यह भी हो सकता है, उस मुकाम तक पहुंचते-पहुंचते विकसित का मायना ही कुछ और हो जाए। इसलिए इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि विकसित भारत से हमारा क्या आशय होगा। राम-राज्य चाहिए पर वह व्यवस्था जिसमें सभी कुशलक्षेम से रहें, उसके पैमाने बहुत स्पष्ट नहीं हैं। आज के भारत में निश्चय ही अनेक मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता मिली है और देश निसंदेह आगे बढ़ा है। देश की न केवल आधार-संरचना विस्तृत और मजबूत हुई है बल्कि खाद्यान उत्पादन, स्वास्थ्य सुविधाओं, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामरिक तैयारी आदि की दृष्टि से हमने अच्छी बढ़त हासिल की है। फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं, जिनमें आज के हालात में सुधार की बहुत गुंजाइश है। हम जहां हैं वह स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती। सभी लोग यह चाहते हैं कि जो है उससे बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कृषि, उद्योग-धंधों की स्थिति, कानून व्यवस्था, और अच्छे प्रशासन की ओर हम आगे बढ़ें।

सच कहें तो सबका लक्ष्य जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि है। यह सरकार और जनता दोनों का एक साझे का सतत चलने वाला सरोकार है। इन सबके बीच में गरीबी दूर करने का उद्देश्य सर्वोपरि स्वीकार किया गया है। स्वतंत्र भारत की आज तक की सभी सरकारें इसके लिए काम करती आ रही हैं और विभिन्न उपायों से लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास चलता आ रहा है बिचौलियों की हेराफेरी से लाभ हितार्थियों तक नहीं पहुंच पाते थे। वर्तमान सरकार ने कड़ाई से इस स्थिति पर नियंत्रण कर हाशिए पर स्थित वर्गों की सठती को सुधारने की प्रभावी कोशिश की।

विकसित भारत की कल्पना को आकार देने के लिए भौतिक और आर्थिक संसाधन ही काफी नहीं होंगे। उसके लिए चरित्रवान, प्रशिक्षित और दक्ष मानव-संसाधन की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। अब जब भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया में सबसे आगे हो चुका है देखते हुए शिक्षा चाहने वाले जन-समुदाय की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है । इस दृष्टि से देश के बजट में शिक्षा के लिए किए जीने वाले प्रावधान को यथार्थ के आकलन के अनुसार बढ़ाने की जरूरत होगी। आम सहमति के मुताबिक शिक्षा पर राष्ट्रीय बजट में छह प्रतिशत का आवंटन होना चाहिए। बड़े खेद की बात है कि इस लक्ष्य तक हम आज तक नहीं पहुंच सके हैं। इस दृष्टि से फरवरी 2024 में प्रस्तुत अंतरिम बजट के प्रावधान बहुत आशाजनक नहीं दिख रहे हैं। बुनियादी शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए आवंटन में तुलनात्मक दृष्टि से पिछले आवंटन से कुछ बढ़ोतरी हुई है परंतु वह महंगाई और जरूरत के मद्देनजर नाकाफी हैं।

## संयुक्त से एकल परिवार के रूप में विखंडित होता समाज


लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर
जिला मंडी

**परिवार** समाज की एक धुरी होता है। स्वस्थ संवाद से परिपूर्ण तारतम्यता के कारण मजबूत परिवार की नींव व आधारशिला स्थापित होती है। कोई भी देश, प्रदेश, एवं समाज तभी प्रगति करता है। जब परिवार के भीतर अपनापन, सुख-दुख साझा करने की प्रेरणा निहित होती है।

प्रत्येक सामाजिक सरोकारों में आपसी भाईचारा, सामंजस्यपूर्ण कदम ताल कर आगे बढ़ने से बहुत सी एकाकी समस्याओं का निवारण मिलजुल कर शीघ्र हो जाता है। पूर्व के भारतीय समाज संयुक्त परिवार में विश्वास रखते थे। जिसमें एक ही छत, एक ही घर, एक ही चूल्हे में रोटी बनाकर मिल-बैठ कर रहते व साथ खाना खाते थे। परिवार का मुखिया या बुजुर्ग अपने जीवन के दशकों के हर खट्टे मीठे अनुभव के आधार पर एक दर्जन से अधिक अन्य संयुक्त परिवार के सदस्यों का कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व करते थे। अन्य परिवार के सदस्य भी आपसी संवाद, प्रेमपूर्वक बिना परिवार के मुखिया के निर्णय को चुनौती दिए, परिवार के महत्वपूर्ण मसलों को मिल बैठकर आपसी समझ और सौहार्द के साथ सुलझाते थे। इस तरह की सकारात्मक सोच संयुक्त परिवार के गठजोड़ को मजबूत बनाकर चिंतामुक्त रखने में अपनी भूमिका निभाती थी। कालांतर में संयुक्त परिवारों का विखंडन होकर एकल परिवारों के रूप में परिलक्षित हुआ। समय की गति, उच्च स्थिति के रोजगार पाने की लालसा, दिवास्वप्न व आधुनिकता की मांग ने स्वतंत्र जीवन शैली से ओतप्रोत इन परिवारों को गांव से शहरों की ओर प्रव्रजन को बढ़ावा दिया, परिणामस्वरूप एकाकी पाश्चात्य जीवन शैली के रूप में एकल परिवार प्रकट हुए। एकल परिवारों में पति-पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे ही एक घर में अपनों से दूर रहते हैं। संयुक्त परिवारों के मुखिया से अलग विलग व उन्मुक्त जीवन शैली, बिना रोक टोक, अनावश्यक ताक झांक, संस्कार की बेड़ियों की जकड़न से दूरी बना कर, अनजाने शहरों में एकल परिवारों के रूप में यह परिवार रहने लगे।

यही विलगता का भाव कुछ गंभीर समस्याओं के जन्म को साथ लेकर आया, जिसमें मुख्यत: मानसिक दबाव, आपसी लड़ाई झगड़े के साथ-साथ आत्महत्या की प्रवृत्ति का विकास, लिव इन रिलेशनशिप की धारणा, अन्य तरह के सामाजिक पृष्ठभूमि के नए पड़ोसियों के साथ घुल मिल कर, शीघ्र विश्वास कर, बच्चों के जन्म दिवस को सामूहिक रूप से देखा देखी में मनाना, सालगिरह मनाना, किटी पार्टी, इन दिखावटी, बनावटी रिश्तों के ऊपर पैसे की अथाह बर्बादी करना, मकान के भाड़े का खर्च, दूध का खर्च, बिजली-पानी का खर्च, पानी भी खरीद कर पीने का खर्च, अपनी छवि को सामाजिक स्तरीकरण के तहत बरकरार रखने का खर्च, अगर दोनों युगल नौकरी शुदा है, तो बच्चों की देखभाल और परवरिश में नियुक्त बाहरी नौकर या आया का खर्च, निजी वाहनों के ईंधन का खर्च, दोनों की ड्यूटी के समय के कारण खाना बनाने के लिए कम समय में आजकल प्रचलन में चल रहा पाश्चात्य माड्यूल का डिब्बा बंद, तला भुना खाना खाने का खर्च, भीड़ भाड़ वाला शहरीकरण, पर्यावरणीय दूषण, वाहनों की आवाजाही का ध्वनि प्रदूषण मानसिक शांति को भंग करने जैसा तोहफा, टहलने के लिए तंग एवम खुले आंगन का न होने के कारण लगातार स्वास्थ्य और बीमारी को मोल लेने का खतरा बना है। संकरी गलियों, विभिन्न समुदायों की आबादी वाली सघन पृष्ठभूमि, इस तरह से एकल परिवार अपने घर, संयुक्त परिवार, गांव, देहात की हरियाली एवं स्वस्थ प्राण वायु को छोड़कर, समाज से इतने दूर रहकर, उपरोक्त विभिन्न गहरी समस्याओं को भोगते हुए खुद को नरक में आहूत कर रहे हैं।

आपसी संवादहीनता, धैर्य की कमी, परिवार की नव स्त्रियों के आपसी संबंधों में खटास, आपसी मनमुटाव, स्वतंत्र होने की चाहत के कारण परिवारों में विखंडन आ रहा है। भारतीय समाज आज के संदर्भ में 70 प्रतिशत युवा आबादी वाला देश है। जो समस्त विश्व की तुलना में अपने आप में सबसे समृद्ध शक्ति की ऊर्जा है। एकल परिवार यह भूलकर संयुक्त परिवार से अलग जीवन यापन करने में अपना दंभ भरते हैं, तो उन्हे यह सदैव स्मरण होना चाहिए कि यह धारणा और सोच भविष्य में तुम्हारे बच्चों के मन में उपज कर तुम्हारे ऊपर भी लागू और जबरदस्त रूप में हावी होगी। भविष्य के कालचक्र का पहिया एकल परिवारों को उस वक्त नासूर बना देगा। भले ही स्वतंत्र होकर जियो, बाहर जाकर कमाओ, लेकिन अपनी प्राचीन भारतीय संस्कृति के सूत्रधार संयुक्त परिवार की प्रणाली और संस्कार को मत भूलो, अपनी मिट्टी की जड़ों से जुड़ाव बरकरार रखने में ही प्रासंगिकता है।

आईआईएम इंदौर की रिपोर्ट के अनुसार इंदौर शहर से 13 से 17 वर्ष के बीच की 68.4 प्रतिशत लड़कियां गायब पाई गई हैं, जो उन एकल परिवारों से संबद्ध थी, जिनके माता पिता दोनों ही नौकरीशुदा थे। एकल परिवारों के बढ़ते चलन और स्वार्थपरकता, सामाजिक संवाद हीनता ने ही इस तरह की पारिवारिक सामाजिक गंभीर समस्याओं को जन्म दिया है। पुन: हम आधुनिक होने के साथ-साथ अपने मूल संयुक्त परिवार के सांस्कारिक सिद्धांतों के ऊपर ध्यान देकर अपने सामाजिक मूल्यों को प्रतिबिंबित कर सकते हैं व निजता से दूर होकर सामूहिक रूप से उपरोक्त समस्या को कम करने में अपना सामाजिक सहयोग कुछ हद तक सुनिश्चित कर सकने में अपनी भूमिका अवश्य निभा सकते हैं।

# कांगड़ा घाटी में रेलगाड़ियों का संचालन शुरू हो


ब्लॉगर
लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**पठानकोट**-जोगिंद्रनगर नेरोगेज रेल ट्रैक प्राकृतिक आपदा सहित अवैध खनन की भेंट चढ़ा है। इस रेल ट्रैक पर रेलगाड़ियों की आवाजाही बरसात तदोपरांत से अवरुद्ध है। रेल ट्रैक का कुछेक हिस्सा सुरक्षित होने के कारण गाड़ियों की आवाजाही शुरू होने की सुर्खियां भी पढ़ने को मिली हैं।

गुलेर से नूरपुर रोड के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों की आवाजाही पिछले एक वर्ष से पूर्णतया अवरुद्ध पड़ी होने कारण जनता ने अब विरोधी स्वर दिखाना शुरू कर दिया है। रेलवे विभाग पठानकोट-जोगिंद्रनगर ट्रैक पर पेनोरमिक विस्टाडोम कोच वाली रेलगाड़ियां चलाने का दावा कर चुका है। पेनोरमिक विस्टाडोम कोच का डिब्बा आखिर किस रेलगाड़ी के पीछे जोड़ा जाए, आज बड़ा सवाल है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस कोच में पर्यटकों को तमाम सुविधाएं प्राप्त होती हैं। आज हालात इस कदर नाजुक बने हैं कि ट्रैक पर कोई भी रेलगाड़ी नहीं चलाई जा रही है। रेलगाड़ियों की आवाजाही अवरुद्ध पड़ी होने का खामियाजा पर्यटकों सहित पहाड़ की गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है।

चुनावी वेला पर इस रेल ट्रैक को लद्दाख से जोड़े जाने के सब्जबाग जनता को नेता दिखाते आ रहे हैं। गनीमत यह है कि अंग्रेजी हुकूमत के समय शुरू हुए पठानकोट-जोगिंद्रनगर नेरोगेज रेल ट्रैक की सुध कोई भी सरकार नहीं ले पाई है। आज आलम इस कदर खराब है कि अवैध खनन के चलते रेलवे पुल ध्वस्त हो चुके हैं, कुछेक जगहों पर ट्रैक का नामो निशान तक बरसात में मिट चुका था।

पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल ट्रैक पर कभी जनता को चौबीस घंटे रेलगाड़ियों की सुविधा प्राप्त थी। रेल ट्रैक की हालत प्रत्येक वर्ष खस्ता बनती चली गई और रेलवे विभाग ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जिसका भुगतान आज जनता को करना पड़ रहा है। दो राज्यों को जोड़ने वाली चक्की खड्ड में दिन रात अवैध खनन होता रहा है। चक्की खड्ड रेलवे पुल के पिल्लर अवैध खनन के चलते जर्जर होते चले गए। गत वर्ष आई भयंकर बाढ़ के चलते चक्की खड्ड रेलवे पुल का पूरा ट्रैक पिल्लरों सहित ध्वस्त होकर पानी में बह गया।

रेलवे विभाग ने रेलगाड़ियों की आवाजाही पठानकोट की बजाए नूरपुर रोड से शुरू करवाकर जनता को राहत पहुंचाई थी। कुछेक रेलगाड़ियों की आवाजाही शुरू होने से पर्यटकों सहित जनता को इसका लाभ मिलता रहा है। रेलवे विभाग ने पर्यटकों की सुविधा के लिए एक्सप्रेस नामक कुछेक रेलगाड़ियां चलाकर पर्यटन को विकसित करने का प्रयास किया था। आखिर यह पुल कब तैयार होकर जनता के लिए समर्पित होगा, कोई नहीं जानता है। इस पुल की बगल में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा बनाए गए अन्य पुल की हालत भी कुछ सुरक्षा लिहाज से सुखद नहीं है। पुल के पिल्लर जर्जर होने कारण पानी का बहाव मोड़ने का प्रयास किया गया है। सुरक्षा लिहाज से इस पुल पर सिर्फ छोटे वाहनों की आवाजाही फिलहाल शुरू है। जनता इस पुल पर बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू किए जाने को लेकर प्रशासन के समक्ष गुहार लगा चुकी है। पुल बड़े वाहनों के लिए कभी कभार खोल दिया जाता है। बात अगर कांगड़ा घाटी के रेल ट्रैक की हालत में सुधार किए जाने की है तो इसके बारे केंद्र सरकार को जरूर सोचना होगा। अयोध्या में भगवान श्रीराम चंद्र का मंदिर निर्माण हो सकता तो हिमाचल प्रदेश का कायाकल्प क्यों नहीं हो सकता है। कांगड़ा घाटी में भी रेलगाड़ियों का संचालन जल्द शुरू किया जाना चाहिए।

## अपनी बात

**यातायात** जीवन सुरक्षा की दृष्टि से एक नियमबद्ध प्रक्रिया है ताकि किसी भी शहर का यातायात सुव्यवस्थित रह सके। इस कारण यातायात नियमों का पालन करके सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है और किसी के घर का चराग बुझ सकता है। यातायात नियमों का पालन जरूर करें। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होगी और सभी सही-सलामत रहेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं। स्कूटर-मोटरसाइकिल पर चलते समय हेल्मेट अवश्य पहनें। वहीं, कार इत्यादि फोरव्हीलर वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। यातायात संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। स्वयं व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना एक जिम्मेदार भारतवासी के लिए जरूरी है। जुमार्ने के डर से नियमों का पालन करने की बजाय कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें। न सिर्फ स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि हम वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा न किया हो क्योंकि नशे में व्यक्ति अपने आप को तो नुकसान तो पहुंचाया है कि साथ ही अपने परिवार के लिए दुखों का पहाड़ छोड़ जाता है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम यातायात नियमों का पालन करें।

– जगदीश चंद

## आपकी डायरी

नदी खेलती रही
सदियों से
मानव और
सभ्यताओं से,
कितनी सिमटी
मिट गई
कितनी समा गई,
इसके अंतरजल में।


डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098



# टीम इंडिया ने 106 रन से जीता विशाखापत्तनम टेस्ट

292 पर सिमटा इंग्लैंड

- अश्विन-बुमराह को 3-3 विकेट
- सीरीज एक-एक से की बराबर




**विशाखापत्तनम**

**टीम** इंडिया ने विशाखापत्तनम टेस्ट 106 रन से जीत लिया है। सोमवार को डॉ. वायएस राजशेखर स्टेडियम में इंग्लैंड दूसरी पारी में 292 रन ही बना सका। टीम को 399 रन का टारगेट मिला था। भारत से रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 विकेट लिए। इसी के साथ अश्विन ने 499 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए।

भारत के लिए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक टर्निंग प्वॉइंट रहा। उन्होंने 209 रन की पारी खेली और टीम को 396 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड दोनों पारियों में 300 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। भारत से शुभमन गिल ने भी दूसरी पारी में शतक लगाया।

जसप्रीत बुमराह ने मैच में 9 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला था। बुमराह ने ही दूसरी पारी में इंग्लैंड का 10वां विकेट लिया। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। दूसरे टेस्ट में जीत के साथ भारत ने 5 टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था।

शुक्रवार को विशाखापत्तनम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए। दूसरी पारी में भारत ने 255 रन बनाए।

## न्यूज ब्रीफ

अंडर-19 विश्व कप

### अजेय भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रबल दावेदार

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है। भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है, बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले भारत ने त्रिकोणीय शृंखला में लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को लगातार दो मैच में हराया था, जिससे सहारन की अगुआई वाली टीम का मनोबल बढ़ेगा।

### महिला हॉकी टीम मंडी ने सीनियर में तीसरा जूनियर ने प्रदेशभर में पाया दूसरा स्थान



प्रतियोगिता की विजेता टीमें राजा सिंह मल्होत्रा के साथ।

**मंडी।** हमीरपुर में आयोजित 11वीं सीनियर महिला हॉकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंडी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं जूनियर महिला हॉकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिला मंडी का नाम रोशन किया है। मंडी टीम में कप्तान प्रिया, सोनिया, गीतांजलि, मीनाक्षी, सपना, संगीता, सत्या, भारती, रेशमा कुमारी, रेशा कुमारी, बबिता, अमरपाली, शगुन, प्रीति, माया, श्रुति, पायल, मलिक और पारुषि शामिल रही। कोच नरेश गर्ग ने कहा कि सीनियर महिला हॉकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 8 टीमों ने भाग लिया, तो जूनियर महिला हॉकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हम एसोसिएशन के प्रधान राजा सिंह मल्होत्रा का धन्यवाद करते हैं, जिनके सहयोग से टीम प्रतियोगिता में खेलने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि जूनियर हॉकी जूनियर महिला हॉकी टीम मंडी ने सेमीफाइनल में हमीरपुर को हराया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। मंडी ने कड़ी मेहनत से दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफलता पाई है।

### अर्जेंटीना, बेल्जियम, चेक गणराज्य व फ्रांस डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में पहुंचे

**रोसारियो (अर्जेंटीना)।** सेबेस्टियन बेज के दबाव में शानदार खेल के दम पर अर्जेंटीना ने क्वालीफाइंग दौर में कजाकिस्तान को 3-2 से हराकर डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई। बेज ने रविवार को दो मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए दिमित्री पोपको 6-4, 3-6, 7-6 से हराकर अर्जेंटीना की जीत पक्की की। अन्य मुकाबलों में बेल्जियम ने रविवार को जिजौ बर्ग्स की डुजे अजदुकोविच पर 6-1, 7-5 की जीत के साथ अगले दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया। बेल्जियम ने क्रोएशिया को 3-1 से हराया इस दौरान बर्ग्स ने शनिवार को 2014 अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच के खिलाफ शुरुआती एकल मैच भी जीता था। चेक गणराज्य ने इजराइल को 4-0 से हराया। फ्रांस ने ताइवान को इसी अंतर से मात दी।

न्यूजीलैंड पहली पारी में 511 पर ऑलआउट

## रचिन रवींद्र ने जड़े 240 रन विलियमसन की सेंचुरी



- स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका 80/4

**एजेंसी, माउंट मॅन्गानुई**

**न्यूजीलैंड** के खिलाफ साउथ अफ्रीका की अनुभवहीन टीम कहीं भी टिकती नजर नहीं आ रही है। माउंट मॅन्गानुई के बे ओवल मैदान पर कीवी टीम पूरी तरह हावी हो चुकी है। सोमवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड 511 पर ऑल आउट हो गई। वहीं दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने चार विकेट खोकर 80 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड से रचिन रवींद्र ने डबल सेंचुरी लगाई। वह 240 रन बनाकर आउट हुए। केन विलियमसन ने भी शतक लगाया। वह 118 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका से कप्तान नील ब्रांड ने 6 और रुआन डे स्वार्ट ने 2 विकेट लिए। शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन को एक-एक विकेट मिला।

### श्रीलंका ने एकमात्र टेस्ट में अफगानिस्तान को 10 विकेट से हराया

**कोलंबो।** बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या (67 रन पर तीन विकेट और 107 रन पर पांच विकेट) ने मैच में आठ विकेट चटकाए, जिससे श्रीलंका ने सोमवार को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 10 विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 198 रन बनाने वाला अफगानिस्तान दूसरी पारी में 296 रन पर सिमट गया, जिससे श्रीलंका को 56 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने दिमुथ करूणारत्ने (नाबाद 32) और निशान मदुशंका (नाबाद 22) की पारियों की बदौलत बिना विकेट खोए आठवें ओवर में ही हासिल कर लिया।

### मुझे युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है : रोहित

**विशाखापत्तनम।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी। बहुत से बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सके। विराट कोहली, रविंद्र जडेजा की गैरमौजूदगी में इस भारतीय टीम में आठ खिलाड़ियों ऐसे थे, जिसका टेस्ट में कुल अनुभव 68 मैच का था। रोहित ने कहा कि इस टीम में कई युवा हैं, इस प्रारूप में नए हैं और उन्हें सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगेगा। यह जीत हमें काफी आत्मविश्वास देती है। ऐसी युवा टीम के साथ मुकाबला करने पर मुझे बहुत गर्व है। यह हमारे लिए बहुत सकारात्मक है। मैन ऑफ द मैच बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं बहुत खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

### हमें लक्ष्य हासिल करने का भरोसा था : स्टोक्स

**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पुरस्कार समारोह में कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं। जिस तरह से हम चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़े हैं यह उसी के बारे में है। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही, लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था। हम जानते थे कि हमें आज लगभग 330 रन बनाने हैं, उस ड्रेसिंग रूम में हर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। स्पिन गेंदबाजी में अनुभव की कमी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह कोई चुनौती नहीं थी। मुझे यह गेंदबाज पसंद है। टॉम (हार्टले), बैश (शोएब बशीर) और रेहान (अहमद) के पास कुल मिलाकर तीन मैच का अनुभव था, लेकिन कल उनका प्रदर्शन देखना बहुत अच्छा था। उन्होंने बहुत परिपक्वता, बहुत कौशल दिखाया। युवा स्पिनरों का दिग्गज जेम्स एंडरसन ने अच्छा साथ दिया। स्टोक्स ने कहा कि जिम्मी (एंडरसन) कमाल का है। आप दो महान तेज गेंदबाजों जिमी और जसप्रीत बुमराह को देखें। प्रतिद्वंद्वी टीम में बुमराह अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जिमी हमारे लिए वह खिलाड़ी हैं।

### आंध्र ने बिहार को पारी और 157 रन से हराया

**पटना।** आंध्र ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सोमवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में बिहार के खिलाफ पारी और 157 रन से बड़ी जीत दर्ज कर सात अंक हासिल किए। मैच के आखिरी दिन बिहार ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 111 रन से शुरू की। आंध्र को फिर से बल्लेबाजी करने के लिए टीम को और 170 रन की जरूरत थी, लेकिन उसकी पारी केवल 124 रन पर सिमट गई। आंध्र के लिए 159 रन बनाने वाले नितीश कुमार रेड्डी मैन ऑफ द मैच बने।

### छत्तीसगढ़ के खिलाफ केरल को तीन अंक

**रायपुर।** ग्रुप के अन्य मैच में रायपुर में छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहली पारी में 38 रन की बढ़त के आधार पर केरल को तीन अंक मिले। जीत के लिए 289 रन का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ ने मैच खत्म होने तक एक विकेट पर 79 रन बना लिए थे। पहली पारी में 350 रन बनाने वाले केरल ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 251 रन पर घोषित कर दी। टीम के लिए सचिन बेबी मैच में दूसरी बार शतक बनाने से चूक गए। वह 94 रन पर रन आउट हुए।

इंग्लिश प्रीमियर लीग | नॉटिंघम 21 अंक के साथ 16वें और बोर्नेमाउथ 27 अंक के साथ 12वें स्थान पर है

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने बोर्नेमाउथ को ड्रॉ पर रोका


**एजेंसी, बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)**

**नॉटिंघम** फॉरेस्ट ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में रविवार को बोर्नेमाउथ को एक-एक से ड्रॉ पर रोका दिया।

बोर्नेमाउथ को पांचवें मिनट में ही जस्टिन क्लुवर्ट ने बढ़त दिलाई, लेकिन कैलम हडसन ओडोई ने 45वें मिनट में नॉटिंघम फॉरेस्ट को बराबरी दिला दी।

इस मुकाबले में अमेरिका के मिडफील्डर जियो रेना ने नॉटिंघम की ओर से पदार्पण भी किया।

इस ड्रॉ से नॉटिंघम के 23 मैच में 21 अंक हो गए हैं और वह 16वें स्थान पर है। बोर्नेमाउथ 22 मैच में 27 अंक के साथ 12वें स्थान पर चल रहा है।



### स्पेनिश फुटबाल लीग में एटलेटिको ने रीयाल मैड्रिड को बराबरी पर रोका

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड ने रविवार को अंतिम लम्हों में गोल गंवाकर एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ एक महीने से भी कम समय में दूसरी जीत दर्ज करने और स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा में चार अंक की बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया। एटलेटिको मैड्रिड ने इंजरी टाइम में गोल दागकर मुकाबले को 1-1 से ड्रॉ कराया। ब्राहिम डैज ने पहले हाफ में रीयाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई, जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में मार्कोस ने स्कोर बराबर कर दिया। इस ड्रॉ से रीयाल मैड्रिड की टीम दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के शनिवार को रीयाल सोसीदाद के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के नतीजे का फायदा उठाने में नाकाम रही। रीयाल मैड्रिड की टीम 23 मैच में 58 अंक से दो अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर चल रही है। एटलेटिको की टीम 23 मैच में 48 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में आठवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस ने 10वें स्थान पर चल रहे गेटाफे से 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि सेल्टा विगो ने ओसासुना को 3-0 से शिकस्त दी। केडिज की टीम सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 21वें मैच में जीतने में नाकाम रही जब विलारीयाल के साथ उसने गोल रहित ड्रॉ खेला।

फज्र बैडमिंटन चैलेंज

### मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी बनी विजेता

**नई दिल्ली।** सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।



# भारत ने हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' के चार परीक्षण किए पूरे

## डीआरडीओ ने किया खुलासा, सिंगल बूस्टर का उपयोग किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सिंगल बूस्टर का उपयोग करके संशोधित मजबूत कॉन्फ़िगरेशन में विभिन्न मिशन उद्देश्यों के साथ हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट-अभ्यास के चार उड़ान परीक्षण किए हैं। ओडिशा के तट से दूर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से 30 जनवरी से दो फरवरी के दौरान किए गए इन परीक्षणों के बारे में डीआरडीओ ने सोमवार को खुलासा किया।

डीआरडीओ के अनुसार स्वदेशी रूप से विकसित हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) 'अभ्यास' ने उड़ान परीक्षण के दौरान



उच्च सहनशक्ति के साथ बहुत कम ऊंचाई पर एक उच्च सबसोनिक गति प्रक्षेपवक्र का प्रदर्शन किया। चार दिनों के परीक्षण पांच किमी. की उड़ान, 0.5 मैक की वाहन गति और 2जी टर्न क्षमता की उपयोगकर्ता की जरूरत को देखते हुए किए गए हैं। स्वदेशी डेटा लिंक को सफलतापूर्वक उड़ाकर परीक्षण किया गया। पूरी उड़ान अवधि के दौरान सिस्टम के प्रदर्शन की पुष्टि विभिन्न रेंज के उपकरणों ने कैप्चर किए गए डेटा से की।

डीआरडीओ ने कहा कि लॉन्च के दौरान सिंगल बूस्टर और एक छोटे टर्बोजेट इंजन का उपयोग किया गया। इसका उपयोग उच्च सबसोनिक गति को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए किया जाता है। अभ्यास एक ड्रोन है, जिसे विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पहली स्वदेशी प्रणाली है, जिसमें मार्गदर्शन और नियंत्रण के लिए उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर के साथ नेविगेशन के लिए इनर ट्रियल नेविगेशन सिस्टम है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हमास को चेतावनी

# बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर हर शर्त नहीं मानेगा इसराइल

**एजेंसी, तेल अवीव**

- इसराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर किए हमले
- जर्मनी में यहूदी छात्र पर हमला, अस्पताल में भर्ती



इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा है कि बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर इसराइल हर शर्त नहीं मानेगा। नेतन्याहू ने कहा कि हमास इसराइली बंधकों की रिहाई के मसले पर दबाव बनाने की नीति पर चल रहा है।

इसराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले किए हैं। एक अन्य मामले में जर्मनी में इसराइल हमास युद्ध विवाद को लेकर यहूदी छात्र पर हमला किया गया है। हमास रिहाई के बदले में गाजा में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए वहां स्थायी युद्धविराम चाहता है। इसराइल की जेलों में जघन्य अपराधों में बंद हजारों आतंकियों-अपराधियों को छुड़वाना चाहता है, इसलिए इसराइल आतंकी संगठन की हर बात नहीं मानेगा। नेतन्याहू ने यह बात 130 इसराइली बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ चल रही वार्ता पर कही है। इन लोगों को सात अक्तूबर को इसराइली शहरों के अगवा कर हमास ने बंधक बना रखा है।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर बोले सीजेआई- लोकतंत्र की हुई हत्या

## चुनाव अधिकारी ने बैलट पेपर डिफेस्ड किए, इन पर केस चलाना चाहिए

**एजेंसी, चंडीगढ़**

- सुप्रीम कोर्ट ने निगम की आगामी सभी बैठकों पर लगाई रोक

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने बैलट पेपरों को डिफेस्ड (विरूपित) किया। क्या वह इसी तरह चुनाव आयोजित करते हैं? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। इस अफसर पर केस चलाया जाना चाहिए।

### आदेश : चुनाव का पूरा रिकॉर्ड हाई कोर्ट रजिस्ट्रार जनरल के पास रखा जाए

**सुप्रीम** कोर्ट ने आदेश दिया कि मेयर चुनाव के पूरे रिकॉर्ड को जब्त कर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट रजिस्ट्रार जनरल के पास रखा जाए। बैलट पेपर और वीडियोग्राफी को संभालकर रखा जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक स्थगित रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जरूरत लगी तो नए सिरे से चुनाव करवाए जाएंगे। इस मामले पर अगले हफ्ते फिर सुनवाई होगी। गौर रहे कि आप कांग्रेस के संयुक्त कैंडिडेट कुलदीप कुमार ने यह याचिका दायर की है। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह ने वोटों की गिनती में हेराफेरी की



है। चुनाव में एक सांसद और 35 पार्षदों को मिलाकर 36 वोट थे। चुनाव अधिकारी ने काउंटिंग के बाद कहा कि भाजपा को 16 वोट मिले। आप-कांग्रेस के उम्मीदवार को 12 वोट मिले हैं, जबकि आठ वोट इनवैलिड पाए गए।

## वर्ल्ड न्यूज

### म्यांमार से दागे गए मोर्टार के गोले बांग्लादेश में गिरे, दो की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के बंदरबन में घुमदम सीमा पर म्यांमार से कथित रूप से दागे गए मोर्टार के गोलों से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। यह गोले सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे नाइखोंगचारी उपजिला में एक निर्माणाधीन घर पर गिरे। नाइखोंगचारी पुलिस स्टेशन प्रभारी (ओसी) अब्दुल मन्नान ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। घटना के तुरंत बाद रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के सदस्यों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। मृतकों की पहचान होसनेरा बेगम (50) और एक रोहिंग्या मजदूर के रूप में हुई है।

### भड़काऊ भाषण देने वाले मौलाना सलमान अजहरी को मुंबई में दबोचा

**मुंबई।** गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना



मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। सुरक्षा कारणों से अजहरी को घाटकोपर पुलिस स्टेशन में रखा गया है। फिलहाल उसे गुजरात लेने जाने की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। गुजरात एटीएस के एक अधिकारी के अनुसार, सलमान पर गुजरात के जूनागढ़ में 31 जनवरी को भड़काऊ भाषण देने का आरोप है।

### आरईसी को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉन्ड कॉर्पोरेट पुरस्कार



**नई दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और अग्रणी एनबीएफसी, आरईसी लिमिटेड को द एसेट ट्रिपल ए अवार्ड्स फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस 2024 में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉन्ड-कॉर्पोरेट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आरईसी प्रवक्ता के मुताबिक आरईसी को अप्रैल 2023 में 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ग्रीन बांड जारी करने के लिए पुरस्कार मिला है। इस मौके पर आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन ने कहा हमें यह पुरस्कार पाकर खुशी हो रही है। यह पुरस्कार टिकाऊ वित्त के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और प्रतिस्पर्धी लागत पर हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर संक्रमण में तेजी लाने के हमारे प्रयासों को रेखांकित करता है।

### महिलाओं को वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस जारी, 22 प्रतिशत हुई वृद्धि

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को दावा किया कि वर्ष 2023 में जारी किए गए वाणिज्यिक पायलट



लाइसेंस (सीपीएल) की कुल संख्या 1622 है, जिनमें से 294 महिलाओं को जारी किए गए थे, जो जारी किए गए कुल सीपीएल का 18 प्रतिशत है। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 (240 सीपीएल) की तुलना में वर्ष 2023 (294 सीपीएल) में महिलाओं को जारी सीपीएल की संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सदन में अधीर रंजन ने वित्त मंत्री पर लगाया पक्षपात का आरोप, सीतारमण ने दिया जवाब

# राज्यों को करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के बीच सोमवार को संसद में बहस दिखी। यह बहस गैर-भाजपा राज्य सरकारों के उन आरोपों को लेकर बहस हुई जिनमें वे कह रहे हैं कि राज्य अपने वित्तीय बकाये और आवंटन से वंचित हैं।

इस बकाये में जीएसटी मुआवजे से संबंधित मामले भी शामिल हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अधीर रंजन चौधरी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्यों के कर हस्तांतरण के मामले में सरकार कुछ नहीं कर सकती, ये पूरी तरह से वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राज्यों को प्रत्यक्ष करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिश पर होता है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के पूरक सवाल के जवाब में यह बात कही। सीतारमण ने सदन को बताया कि राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) 100 फीसदी राज्यों को जाता है। सरकार कुछ राज्यों के कर हस्तांतरण के मामले में कुछ नहीं कर सकती है, क्योंकि यह पूरी तरह से वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।



### हस्तांतरण प्रणाली ठीक तरह से काम कर रही

**सीतारमण** ने कहा कि मुझे अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार यह बदलने का अधिकार नहीं है कि मुझे कोई राज्य पसंद है या नहीं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिशों का क्रियान्वयन बिना किसी भय या पक्षपात के किया जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कर हस्तांतरण प्रणाली ठीक तरह से काम कर रही है। वित्त मंत्री ने अधीर रंजन चौधरी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आयोग विभिन्न हितधारकों से विचार-विमर्श करने के बाद अपनी सिफारिशें करता है।

### लोकसभा में फिर उठा भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को भारत-चीन सीमा विवाद पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। अधीर रंजन ने आसन के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि रक्षा मंत्री बताएं कि लद्दाख के क्या हालात हैं? अधीर रंजन चौधरी के आरोपों को निराधार बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में कहा कि इन्होंने चीन और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संबंध में जो कुछ भी कहा, वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं और इसकी निंदा करते हैं।

# परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विधेयक पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कार्मिक मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सोमवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 लोकसभा में प्रस्तुत किया। लोक परीक्षा विधेयक का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है।

इसमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से परीक्षा पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं। विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा। केंद्र सरकार के पास जांच को किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की शक्तियां होंगी। विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और दस लाख रुपए तक का जुर्माना



केंद्रीय कार्मिक मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह।

लगाया जा सकता है। परीक्षा से जुड़ी सेवाएं देने वालों पर करोड़ रुपए तक का जुर्माना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने और चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है। संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है। संगठित अपराध में शामिल संस्थान की संपत्ति कुर्क हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पिछले दिनों सरकार की विधेयक लाने संबंधित मंशा को आगे रखा था। उन्होंने कहा था कि परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों से युवाओं को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है।

# यूक्रेन ने रूस अधिकृत लिसिचांस्क क्षेत्र को बनाया निशाना, नौ महिलाओं सहित 28 की मौत

**एजेंसी, मास्को**

यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले अपने देश के शहर लिसिचांस्क स्थित एक बेकरी और रेस्त्रां में गोलाबारी की है जिसमें 28 लोग मारे गए। मरने वालों में नौ महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। चार अन्य लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

स्थानीय नेता लियोनिद पासेचनिक ने कहा कि हमले के वक्त बेकरी में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवा द्वारा 10 अन्य लोगों को मलबे से बचाया गया और अन्य की खोज की जा रही है।



हालांकि, इस घटना को लेकर यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

रूस के विदेश मंत्रालय ने इस हमले की निंदा की है। साथ ही कहा है कि पश्चिम को यह सोचना चाहिए कि वह आम नागरिकों को मारने में यूक्रेन की मदद क्यों कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हमले में विदेशी हथियार का प्रयोग किया गया है।

वहीं, यूक्रेन के सुमी क्षेत्र के सैन्य प्रशासन ने रविवार को कहा कि रूसी सेना ने एक दिन पहले 16 अलग-अलग हमलों में इस क्षेत्र पर गोलाबारी की थी। हमले में युनाकिव्का, बिलोपिलिया, क्रास्नोपिलिया, वेलिका पायसारिव्का और एस्मान के सीमावर्ती इलाके शामिल थे।

### तीन ग्रैमी अवॉर्ड जीतने के बाद मशहूर रैपर किलर माइक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रैपर किलर माइक ने प्रतिष्ठित ग्रैमी अवार्ड्स में तीन पुरस्कार जीते हैं। लेकिन पुरस्कार जीतने



के तुरंत बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसका एक वीडियो वायरल हुआ है। रैपर किलर माइक को लॉस एंजिल्स पुलिस ने क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना से बाहर निकाला गया। वायरल वीडियो में उनके हाथ पीछे की ओर बंधे नजर आ रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता अधिकारी लोपेज ने बताया कि माइक को सुबह 4 बजे गिरफ्तार किया गया। ग्रैमी अवाड्र्स में एक विवाद के बाद माइक को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अभी तक उनकी गिरफ्तारी का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है।

### पेटीएम के शेयर में लगातार तीसरे दिन दस प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली पेटीएम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पेटीएम के शेयर में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में 10




फीसदी तक लुढ़क गए हैं। इस तरह कंपनी के शेयर में पिछले तीन कारोबारी सत्र में 42 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है, जिससे उसके बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में 20,471.25 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 10 फीसदी की गिरावट के साथ 438.35 रुपए पर आ गए हैं। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 9.99 फीसदी गिरकर 438.50 रुपए पर पहुंच गए।

# अभिषेक से मेरी रोज लड़ाई होती है

**एजेंसी, नई दिल्ली**


- ऐश्वर्या राय ने अभिषेक बच्चन के 48वें जन्मदिन पर किया खुलासा

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय ने अप्रैल 2007 में शादी करने से पहले कुछ समय के लिए एक- दूसरे को डेट किया था। वे नवंबर 2011 में अपनी बेटी आराध्या बच्चन के पेरेंट्स बने थे। अभिषेक और ऐश्वर्या ने धूम 2 (2006), गुरु (2007) और रावण (2010) जैसी कई फिल्मों में एक साथ अभिनय किया है। 5 फरवरी को अभिषेक बच्चन का 48वां जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनसे जुड़ा एक झगड़े वाला किस्सा शेयर कर रहे हैं।

एक बार इस कपल से अपनी शादी के बारे में बात करते हुए पूछा गया था कि वे कितनी बार लड़ते हैं। ऐश्वर्या ने तुरंत जवाब दिया और जुलाई 2010 में वोग इंडिया से कहा, 'ओह, हर दिन.' हालांकि, अभिषेक ने स्पष्ट किया, 'लेकिन वे झगड़े नहीं बल्कि असहमति की तरह हैं। वे सीरियस नहीं हैं बल्कि हेल्दी फाइट होती है। वरना ये वास्तव में हम दोनों के लिए उबाऊ होगा।

अभिषेक ने यह भी कहा कि 'मैं हमेशा सबसे पहले माफी मांगते हैं और महिलाएं ऐसा नहीं करतीं, लेकिन हमारा एक नियम है- हम लड़ाई करके नहीं सोते और सभी पुरुषों के बचाव में, मैं आपको बताना चाहता हूं, आधा समय हम माफी मांगने का कारण यह बताते हैं कि हम बहुत नींद में हैं और बिस्तर पर जाना चाहते हैं!' इसके अलावा, अभिषेक ने कहा, 'महिलाएं सुपीरियर रेस में होती हैं, और वे हमेशा सही होती हैं। जितनी जल्दी पुरुष इसे स्वीकार कर लें, उतना बेहतर होगा।





अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(5 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** एकादशी 04:10 सायं तक, **नक्षत्र :** ज्येष्ठा (07:36 सुबह), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57 दोपहर)
**राहुकाल :** 03:19-04:41 सायं तक।

**विशेष दिन**

06 फरवरी 2024 : षट्तिला एकादशी आज।

**मेष :** काम में आने वाली सामान्य कठिनाइयों के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपनी सामान्य गति से चलते रहें। थोड़ा सा चतुर होना आपके लिए बेहतर परिणाम दे सकता है। एक बड़ा सौदा अंतिम रूप ले सकता है।

**वृषभ :** छात्रों को सामान्य से अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, फिर भी वे अपने निरंतर प्रयासों से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक ध्यान केंद्रित होना होगा।

**मिथुन :** आपको व्यावसायिक जीवन में कुछ बेहतरीन अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिनका उपयोग आप अपने लाभ के लिए कर सकते हैं। किसी बुद्धिमान व्यक्ति से मिलने वाली महत्वपूर्ण सलाह पर ध्यान देना चाहिए।

**कर्क :** कानूनी मामलों में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आप खुद को विपरीत स्थितियों में पा सकते हैं। रियल एस्टेट डीलिंग आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**सिंह:** आप सरकार से लाभ प्राप्त कर सकतें हैं। यदि आप समय पर अवसर का पूर्ण रूप से उपयोग कर लेते हैं, तो आपका व्यावसायिक जीवन आपको भविष्य में अत्यधिक लाभ प्रदान कर सकता है।

**कन्या :** व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं। भाग्य आपका साथ दे रहा है और इसलिए आप व्यावसायिक जीवन के संबंध में नई योजनाएं बना सकते हैं। किंतु किसी भी महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते समय सावधान रहें।

**तुला :** यदि आप सहयोग लेने के इच्छुक हैं, तो आपके वरिष्ठ आपकी हर संभव सहायता करेंगे। साझेदार आपका भरपूर समर्थन करेंगे और आप आर्थिक लाभ के अवसर प्राप्त कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** व्यावसायिक जीवन में सफलता आपके लिए पहले से अधिक सहजता के साथ आएगी। छात्र दिलचस्प परियोजना में शामिल हो सकते हैं। व्यापार में तेजी आएगी और नए रास्ते खुलेंगे।

**धनु:** व्यावसायिक उद्यम लाभ ला सकते हैं। व्यापार में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। नवीन सौदे लाभदायक रहेंगें और मददगार लोग आपको किसी भी मुश्किल पेच को दूर करने में मदद करेंगे।

**मकर :** आज ईमानदारी से किया गया कार्य अतिरिक्त लाभ के रूप में अपने फल देगा। व्यक्तिगत जीवन को अपने व्यावसायिक हितों के साथ हस्तक्षेप न करने दें। नए व्यापारिक अवसर खतरों के बिना नहीं होंगे।

**कुंभ :** दैनिक कार्य आसानी से संपन्न होंगें। व्यावसायिक संदर्भ में यह एक उत्कृष्ट समय है। आपके पास काम करने और नए लोगों से मिलने के लिए कुछ नए प्रोजेक्ट भी हो सकते हैं।

**मीन :** नए वाहन या संपत्ति खरीदना स्थगित कर दें, नुकसान का कारण हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों को अधिकारियों के साथ अपने संबंधों के मामले में कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है।

**जानकारी** टॉक टीवी के साथ साक्षात्कार में ऋषि सुनक ने अपनी प्रतिज्ञा पूरा करने में विफलता स्वीकारी

# ऋषि सुनक अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि नहीं कर पाए कम

**एजेंसी, लंदन**

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को माना कि वह इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के अपने वादे में विफल रहे। टॉकटीवी के साथ साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद इस संबंध में की गई प्रतिज्ञा पूरी करने में अपनी विफलता स्वीकार की।

सुनक ने साक्षात्कार में कहा कि इस दिशा में हमने पर्याप्त प्रगति नहीं की। यह पूछे जाने पर कि क्या इसका मतलब यह है कि वह विफल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने जवाब दिया हां, हम विफल हो गए हैं। इस संबंध में शैडो हीथ सेक्रेटरी लेबर के वेस स्ट्रीटिंग ने कहा, 'ऋषि सुनक ने आखिरकार वह स्वीकार कर लिया जो वर्षों से बाकी सब स्वीकार करने में हिचकते रहे हैं। द गार्डियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल अक्तूबर में यह खुलासा हुआ था कि इंग्लैंड में एनएचएस उपचार के लिए 18 महीने से अधिक समय तक इंतजार करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। स्वास्थ्य सेवाओं से संबद्ध नेताओं ने दिसंबर में सुनक को चेतावनी दी थी कि औद्योगिक विवाद को जारी रखने से उनकी प्रतिज्ञा को पूरा करना लगभग असंभव हो जाएगा। फिर भी, सुनक ने अपनी विफलता के लिए हड़ताली कर्मचारियों को दोषी ठहराने की कोशिश की।



टॉकटीवी को साक्षात्कार देते इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक।

साक्षात्कारकर्ता पियर्स मॉर्गन ने सुनक को तीन महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी 79 वर्षीय मां के एनएचएस देखभाल के अनुभव के बारे में बताया। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने के बावजूद उनकी मां को लगभग सात घंटे तक एएंडई कॉरिडोर में एक ट्रॉली पर इंतजार करना पड़ा। इस पर सुनक ने कहा कि यह चौंकाने वाला था।

### देश का कोयला उत्पादन जनवरी में 99.73 मीट्रिक टन पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला उत्पादन जनवरी महीने में सालाना आधार पर 10.30 फीसदी बढ़कर 99.73 मीट्रिक टन पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में भारत का कोयला उत्पादन 90.42 करोड़ टन रहा था।

कोयला मंत्रालय MINISTRY OF COAL

मंत्रालय के मुताबिक जनवरी महीने में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन भी बढ़कर 78.41 मीट्रिक टन हो गया, जो जनवरी 2023 के 71.88 मीट्रिक टन की तुलना में 9.09 फीसदी की वृद्धि है। कोयला मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जनवरी के दौरान कोयला का उत्पादन सालाना आधार पर 12.18 फीसदी की वृद्धि के साथ 698.99 मीट्रिक टन से बढ़कर 784.11 मीट्रिक टन (अनंतिम) हो गया।